किसी भी तरह के विज्ञापन एवं समाचार के लिए संपर्क करें मो0: 9891706853

दैनिक

समाज जागरण

TITLE CODE :UPHIN49919

नोएडा उत्तर प्रदेश,दिल्ली एनसीआर, हरियाणा,पंजाब बिहार,मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ, झारखण्ड असम से प्रसारित

वर्षः 01 अंकः 319 नोएडा, (गौतमबुद्धनगर) रविवार 28 अगस्त 2022 vatankiawaz@gmail.com पेजः 12 मूल्य 05 रुपया

राष्ट्रीय खेल दिवस पर खेल एवं खिलाड़ी सम्मान समारोह का होगा आयोजन

शशिकांत ओझा ब्यूरो चीफ, दैनिक समाज जागरण

बलिया : बलिया के अगरसंडा ग्राम स्थित सनबीम स्कूल अपने विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए सदैव जाना जाता है। विद्यालय स्वस्थ शरीर में स्वस्थ मस्तिष्क का निर्माण होता है कि उक्ति को चरितार्थ करते हुए अपने विद्यार्थियों को शैक्षिक क्षेत्र के साथ साथ क्रीड़ा क्षेत्र में भी विकसित करने हेतु सदा प्रयासरत रहता है इसी कारण विद्यालय के खिलाड़ी सदैव सफल होते हैं।

विदित हो की 29 अगस्त को राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर विद्यालय प्रांगण में वॉलीबॉल और बास्केटबॉल का जनपदीय अंतर विद्यालयी प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। इस प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य जनपद में अंतर विद्यालयी खेलों के आयोजन की संस्कृति विकसित करना है। प्रतियोगिता में जनपद की आठ-आठ टीमें क्रमशः बास्केटबॉल एवं वॉलीबॉल की प्रतिभाग करेंगी। जिले में खेल के वातावरण को सशक्त बनाते हुए खिलाड़ियों को अधिकाधिक अवसर प्रदान करना इस प्रतियोगिता का लक्ष्य है। इस अवसर पर जिले के उन समस्त खिलाड़ियों को भी सम्मानित किया जिन्होंने अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर सफलता प्राप्त अंतर्राष्ट्रीय पटल पर जिले का नाम रोशन किया है। इन खिलाड़ियों में क्रमशः तेहरान में आयोजित जूनियर एशियन वॉलीबॉल चैंपियनशिप के पदक

विजेता आदित्य राणा(सहारनपुर) , अतुल सिंह (गोरखपुर) एवम कुश सिंह (मऊ) को सम्मानित किया जाएगा।

इस कार्यक्रम को संचालित करने पर अपनी प्रसन्नता व्यक्त करते हुए विद्यालय के निदेशक डॉ कुंवर अरूण सिंह ने कहा कि हमारा उद्देश्य ही है बलिया जिले में एक स्वस्थ खेल का वातावरण निर्मित करना जिससे बलिया के कोने में छिपी प्रतिभा को निखारा जाए जिससे उन्हे राष्ट्रीय एवम अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर खेलने का अवसर प्रदान हो सके। इस आयोजन की समस्त तैयारियां पूर्ण हो चुकी है। खेल दिवस के दिन प्रातः 8 बजे इस आयोजन का उद्घाटन किया जाएगा।

ससम्मान तिरंगा उतारने का हो रहा प्रचार प्रसार

ऋतुराज तिवारी बिन्दू, दैनिक समाज जागरण

रेवती (बलिया) : स्वतंत्रता दिवस पर प्रत्येक घरों तथा विभिन्न संस्थानों, प्रतिष्ठानों पर लगाये गये तिरंगे को ससम्मान उतार कर रखने या नगर पंचायत कार्यालय में किसी भी दिवस जमा करने का प्रचार नगर पंचायत प्रशासन कर रहा है।

ध्वनि विस्तारक यंत्र के माध्यम से नगर पंचायत कार्यालय प्रशासन द्वारा बार बार प्रचार-प्रसार कराया जा रहा है। नगर रेवती के प्रत्येक जगहों पर प्रचार गाड़ी के माध्यम से तिरंगे को अपने-अपने घरों से उतारने की अपील जनता से की जा रही है। ध्वनि विस्तारक यंत्र के माध्यम से की जा रही अपील के माध्यम से जनता को बताया जा रहा है कि आप सभी अपने घरों या प्रतिष्ठानों पर लगे राष्ट्रीय ध्वज को ससम्मान उतार कर या तो अपने घर में उचित जगह पर सुरक्षित रख लें अथवा राष्ट्रीय ध्वज को किसी भी दिवस नगर पंचायत कार्यालय पर पहुंचकर जमा कर दें। अधिशासी अधिकारी मृदुल कुमार सिंह ने बताया कि 17 अगस्त तक राष्ट्रीय ध्वज घरों पर लगे रहना था। उसके बाद तिरंगे को ससम्मान उतार कर सुरक्षित रखना था। लेकिन लोगों के घरों पर अभी भी तिरंगे लगे हुए हैं। ऐसे में सम्मानित जनता से उक्त अपील की जा रही है।

-प्राकृतिक आपदा गंगा के बाढ़ से दिखने लगा भयावह तबाही का मंजर

जिलाधिकारी सौम्या अग्रवाल ने संबंधितों को दिया आवश्यक निर्देश

नित्यानंद सिंह, दैनिक समाज जागरण

बैरिया (बलिया) : गंगा के बाढ़ से दिखने लगा तबाही का मंजर, गांवो में पसरा पानी, लगभग 30 हजार से अधिक आबादी बाढ़ के पानी से हुई प्रभावित। यह स्थिति है प्राकृतिक आपदा के रुप में शुमार गंगा में लगातार बढ़ रही बाढ़ की। चौथी बार गंगा में शुरू हुआ तेजी से बढ़ाव पांडेपुर से लेकर हल्दी तक एनएच 31 के दक्षिण पूरा क्षेत्र जल ही जल दिखने लगा है।

शुक्रवार को को गंगा की उफनती लहरें मीडियम फ्लड लेबल को पार करते हुए हाई फ्लड लेबल की तरफ अग्रसर दिखीं। गंगा के मुहाने पर बसे गांवो के साथ साथ गंगा के बाढ़ से प्रभावित दर्जनों

गांव के लोगों की मुश्किले बढ़ गई है। तटीय इलाकों के गांवो सहित अनेक गांवो में गंगा का पानी फैलने के कारण लोगों का पलायन जारी हो गया है । साथ ही बंधे पर विस्थापित लोगों के लिए विषैले जंतुओं का भय भी बना हुआ है। शुक्रवार को शाम 5 बजे केंद्रीय जल आयोग गायघाट केंद्र के अनुसार गंगा का जलस्तर 58.980 सेमी दर्ज किया गया। और गंगा का जल स्तर एक सेमी प्रतिघन्टा बढ़ाव पर रहा । गंगा की उफनती लहरों को देख तटवर्ती लोगों में दहशत का माहौल बना हुआ है। शुक्रवार को उदयी छपरा, गोपालपुर, दुबे छपरा के गांव में गंगा के बाढ़ का पानी चारों तरफ से किया प्रवेश साथ ही में कई प्राथमिक विद्यालय के साथ साथ पी0 एन0 इंटर कॉलेज और अमरनाथ मिश्र स्नातकोत्तर महाविद्यालय दुबे छपरा के स्कूलों में भी गंगा का पानी प्रवेश कर गया है।

गंगा के बाढ़ से जहाँ आम जनता परेशान वही

बाढ़ विभाग के अधिकारियों सहित स्थानीय ठेकेदारों की मिलीभगत से कटान रोधी बचाव कार्य के नाम पर सरकारी धन का हो रहा बंदरबाट ।

स्थानी बाढ़ प्रभावित लोगों का कहना है कि बाढ़ विभाग व स्थानीय ठेकेदार हमेसा से ही बाढ़ आने पर फ्लड फाइटिंग के तहत बचाव कार्य के नाम पर लूट मचा के मालामाल होते रहे हैं ।

जिलाधिकारी सौम्या अग्रवाल के सख्त निर्देश पर दुबे छपरा सहित बाढ़ प्रभावित गांवो के पास बाढ़ चौकी हुई स्थापित। लेखपाल सहित कई विभागीय अधिकारी हुए एलर्ट।

जिलाधिकारी ने पत्र जारी कर बैरिया विकास खंड के परिषदीय विद्यालय के डेढ़ दर्जन विद्यालयों में बाढ़ का पानी घुसने व चौतरफा पानी से घिरे विद्यालयो के अध्यापक गण बाढ़ के दौरान बच्चो को टेंट में जाकर शिक्षा देने व मध्याह्न भोजन उन्हें वही उपलब्ध कराये। बच्चो के अभिभावक जहां भी टेंट शामियाने में शरण लिये हुये है शिक्षक वही पहुंचकर उनको पढ़ाने के साथ मध्याह्न भोजन भी उपलब्ध करायें। जिलाधिकारी ने खंड शिक्षा अधिकारी को पत्र जारी कर इसे अविलंब अमली जामा पहनाने का निर्देश दिया। खंड शिक्षा अधिकारी बैरिया डीपी सिंह द्वारा बताया गया कि जिलाधिकारी के निर्देशन पर जिस प्राथमिक विद्यालय में बाढ़ की पानी घुस गया है उच्च विद्यालय का टेंन्ट लगाकर बच्चों को पठन-पाठन का कार्य शनिवार से शुरू किया जा रहा है।

'खादी के एक धागे ने गुलामी की जंजीरों को तोड़ दिया'

पीएम मोदी ने कहा कि ये मेरा सौभाग्य है कि मुझे भी कुछ पल चरखे पर सूत कातने का मिला. मुझे विश्वास है कि यहां मौजूद सभी लोग, इस आयोजन को देख रहे सभी लोग, आज यहां 'खादी उत्सव' की ऊर्जा को महसूस कर रहे होंगे.

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज शनिवार को गुजरात के लोगों को विशाल अटल पुल की सौगात दी. साबरमती नदी पर फुट ओवर ब्रिज 'अटल पुल' का उद्घाटन करने के बाद प्रधानमंत्री ने 'खादी उत्सव' कार्यक्रम को संबोधित किया. इस दौरान पीएम मोदी ने कहा कि साबरमती का ये किनारा आज धन्य हो गया है. आजादी के 75 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में 7,500 बहनों-बेटियों ने एक साथ चरखे पर सूत कातकर नया इतिहास रच दिया है.

पीएम मोदी ने चलाया चरखा

पीएम मोदी ने कहा कि ये मेरा सौभाग्य है कि मुझे भी कुछ पल चरखे पर सूत कातने का मिला. मुझे विश्वास है कि यहां मौजूद सभी लोग, इस आयोजन को देख रहे सभी लोग, आज यहां 'खादी उत्सव' की ऊर्जा को महसूस कर रहे होंगे. आजादी के अमृत महोत्सव में देश ने आज 'खादी उत्सव' मना के अपने स्वतंत्रता सेनानियों को बहुत सुंदर उपहार दिया है.

अटल ब्रिज का लोकार्पण

आज ही गुजरात राज्य खादी ग्रामोद्योग बोर्ड की नई बिल्डिंग और साबरमती नदी पर भव्य अटल ब्रिज का भी लोकार्पण हुआ है. मैं गुजरात के लोगों को बहुत-बहुत शुभकामनाएं देता हूं. अटल ब्रिज, साबरमती नदी के दो किनारों को ही आपस में नहीं जोड़ रहा, बल्कि ये डिजाइन और इनोवेशन में भी अभूतपूर्व है. इसकी डिजाइन में गुजरात के मशहूर पतंग महोत्सव का भी ध्यान रखा गया है.

मन भी तिरंगा, तन भी तिरंगा, जज्बा भी तिरंगा

इतिहास साक्षी है कि खादी का एक धागा, आजादी के आंदोलन की ताकत बन गया. उसने गुलामी की जंजीरों को तोड़ दिया. खादी का वही धागा, विकसित भारत के प्रण को पूरा करने का, आत्मनिर्भर भारत के सपने को पूरा करने का प्रेरणा-स्रोत बन सकता है. कुछ दिन पहले गुजरात सहित पूरे देश ने आजादी के 75 वर्ष पूरे होने पर बहुत उत्साह के साथ अमृत महोत्सव मनाया है. गुजरात में भी जिस प्रकार गांव-गांव, गली-गली हर घर तिरंगे को लेकर उत्साह, उमंग और चारों तरफ मन भी तिरंगा, तन भी तिरंगा, जज्बा भी तिरंगा.. उसकी तस्वीरें हम सभी ने देखी हैं.

मैं 'पंच प्रण' को फिर से दोहराना चाहता हूं-

1- विकसित भारत बनाने का लक्ष्य
2- गुलामी की मानसिकता का पूरी तरह से त्याग
3- अपनी विरासत पर गर्व
4- राष्ट्र की एकता बढ़ाने का पुरजोर प्रयास
5- हर नागरिक का कर्तव्य

खादी देश का स्वाभिमान

आज का ये 'खादी उत्सव' इन पंच प्रण का एक सुदंर प्रतिबिंब भी है. आजादी के आंदोलन के समय जिस खादी को गांधी जी ने देश का स्वाभिमान बनाया, उसी खादी को आजादी के बाद हीन भावना से भर दिया गया. इस वजह से खादी और खादी से जुड़ा ग्रामोद्योग पूरी तरह तबाह हो गया. खादी की ये स्थिति विशेष रूप से गुजरात के लिए बहुत ही पीड़ादायक थी.

खादी फॉर नेशन, खादी फॉर फैशन

हमने खादी फॉर नेशन, खादी फॉर फैशन में खादी फॉर ट्रांसफॉर्मेशन का संकल्प जोड़ा. हमने गुजरात की सफलता के अनुभवों का देशभर में विस्तार करना शुरू किया. देशभर में खादी से जुड़ी जो समस्याएं थीं, उनको दूर किया गया.हमने देशवासियों को खादी के प्रोडक्ट खरीदने के लिए प्रोत्साहित किया. आज पहली बार भारत के खादी और ग्रामोद्योग का टर्नओवर एक लाख करोड़ रुपये से ऊपर चला गया है.

खादी की बिक्री में कई गुना वृद्धि

आज भारत के टॉप फैशन ब्रांड खादी से जुड़ने के लिए खुद सामने आ रहे हैं. आज भारत में खादी का रिकॉर्ड उत्पादन और रिकॉर्ड बिक्री हो रही है. पिछले 8 वर्षों में खादी की बिक्री में 4 गुना से अधिक की वृद्धि हुई है. खादी का उदाहरण है. खादी **eco-friendly clothing** का उदाहरण है.

खादी हमारे इतिहास, विरासत का अभिन्न हिस्सा

बहुत सारे देश हैं जहां तापमान ज्यादा रहता है, वहां खादी **Health** की दृष्टि से भी बहुत अहम है. इसलिए खादी वैश्विक स्तर पर बहुत बड़ी भूमिका निभा सकती है. जो देश अपना इतिहास भूल जाते हैं, वो देश नया इतिहास बना भी नहीं पाते हैं. खादी हमारे इतिहास, विरासत का अभिन्न हिस्सा है. जब हम अपनी विरासत पर गर्व करते हैं, तब दुनिया भी उसे मान और सम्मान देती है.

पीएम करेंगे वीर बालक स्मारक का अनावरण

बीते दशकों में विदेशी खिलौनों की होड़ में, भारत की अपनी समृद्ध **Toy Industry** तबाह हो रही थी. सरकार के प्रयास से, खिलौना उद्योगों से जुड़े हमारे भाई-बहनों के परिश्रम से अब स्थिति बदलने लगी है. अब विदेश से मंगाए जाने वाले खिलौनों में भारी गिरावट आई है. पीएम मोदी रविवार को कच्छ के अंजार कस्बे में वीर बालक स्मारक का अनावरण करेंगे

समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव नोएडा मे गरजे

श्रीकांत त्यागी के मुद्दे पर भी कसा तंज

देव मणि शुक्ल ब्यूरो प्रभारी नोएडा समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव आज नोएडा पहुंचे , अखिलेश यादव ने सेक्टर 121 में स्थित नोएडा इंटरनेशनल स्कूल के अंदर रघुवर सिंह प्रधान की प्रतिमा का अनावरण करने के पहुँचे थे,अखिलेश यादव ने मंच से बोलते हुए बीजेपी पर तंज कसते हुए कहा की कौन मंत्री बन गया किसी को नहीं पता है और किसके ट्रांसफर हो गए ये भी किसी को नहीं पता लगा है , ट्रांसफर पोस्टिंग में इतना बड़ा खेल हो रहा है जो पहले कभी नहीं हुआ है , सरकार के दुबारा शुरूवात होते ही लोग शमिंदा हो रहे है। अखिलेश यादव ने कहा की डबल इंजन की सरकार में अस्पताल में इलाज नहीं मिल रहा है , ऑपरेशन का टाइम कही दिनों बाद नंबर लग रहा है।

अखिलेश यादव ने विकास कार्यो को गिनाया

पूर्व मुख्य मंत्री अखिलेश यादव ने मंच बीजेपी को घेरते हुए कहा की समाजवादी पार्टी की सरकार में दिल्ली मेरठ रैपिड रेल का काम अभी तक नहीं पूरा नहीं किया है वही समाजवादी पार्टी की सरकार में ही नोएडा से ग्रेटर नोएडा मेट्रो शुरू कराई गई है , अखिलेश यादव ने बोला की नोएडा के लोगो की कनेक्टिविटी के एलिवेटेड रोड बनाया गया है।

श्रीकांत त्यागी के मुद्दे पर भी कसा तंज

श्रीकांत त्यागी को लेकर अखिलेश यादव ने कहा की वीडियो बनाने वाले उस व्यक्ति को धयन्वाद बोलता हूँ , महिला के साथ जो अभद्रता हुई उस में साफ पता लगता है की बीजेपी के लोग कैसे है। खुद नोएडा के बीजेपी सांसद बोल रहे थे की वो शमिंदा है , शमिंदा इसलिए है क्यों की 5 साल में काम नहीं हुआ है अखिलेश यादव ने कहा सदस्यता अभियान से ज्यादा से ज्यादा लोगो को जोड़ने का काम करे जिससे की समाजवादी पार्टी को 2024 में दिल्ली भेजने का काम कीजिये।

913 पेटी विदेशी शराब के साथ प्रयुक्त वाहन समेत दो शराब तस्कर गिरफ्तार

दैनिक समाज जागरण ब्यूरो चीफ उमाकांत साह

बौंसी/बांका/शराब तस्कर के

विरुद्ध कार्रवाई में बौंसी पुलिस को बड़ी सफलता हासिल हुई है। बताया जा रहा कि भारी मात्रा में विदेशी शराब के साथ दो तस्कर को गिरफ्तार किया गया है। साथ ही तस्करी में प्रयुक्त की जाने वाली दो ट्रक को भी जप्त किया गया है। मिली जानकारी के अनुसार गुप्त सूचना के आधार पर दो गिट्टी लदे ट्रक से पुलिस ने करीब 90 लाख की विदेशी शराब भालजोर समीप से बरामद की है। बरामद शराब 8128 लीटर है। जानकारी के अनुसार पुलिस अधीक्षक डॉक्टर सत्य प्रकाश के निर्देश पर थानाध्यक्ष अरविंद कुमार राय पिछले 1 सप्ताह से शराब की बड़ी खेप को पकड़ने की ताक में थे। जिसको लेकर विशेष टीम का गठन किया गया। गठित टीम में एसआई पंकज किशोर, अनिरुद्ध कुमार, मनिंद्र मिश्रा, उमेश कुमार प्रसाद सहित अन्य पुलिस बालों के द्वारा लगातार मुख्य मार्ग पर शराब माफियाओं को पकड़ने के लिए नजर जमाए हुए थे। शनिवार की दोपहर कड़ी मशक्कत के बाद थानाध्यक्ष की उपस्थिती में 10 चक्का के दो ट्रक को पकड़ने में सफलता हासिल किया है। बौंसी थाना परिसर में जब ट्रक को खाली कराया गया तो, ऊपर से गिट्टी की पतली परत रखी हुई थी। जबकि बौंसी थाना परिसर में तलाशी लेने पर दोनों वाहनों में गिट्टी के नीचे एक एक कर 913 पेटी शराब बरामद की गई। इस मौके पर इंस्पेक्टर वकील प्रसाद यादव, एसआई ज्योति कुमारी, शंभू प्रसाद यादव, एसआई उपेंद्र तिवारी, थाना मैनेजर रामपरिखा सिंह, थाना मुंशी अरुण कुमार मंडल सहित अन्य पुलिस कर्मी मौजूद थे। जबकि दिनेश चंद्र श्रीवास्तव ने देर शाम प्रेस कॉन्फ्रेंस कर पत्रकारों को मामले की विस्तृत जानकारी दी और बताया कि, गुप्त सूचना के आधार पर बौंसी थानाध्यक्ष को अलर्ट किया गया था। पुलिस अधीक्षक को इसकी सूचना मिली थी। जिसके बाद दोनों ट्रक को पकड़ा गया। दोनों ट्रक का हुलिया और नंबर पहले से ही पुलिस को प्राप्त था। बताया गया कि, दोनों गिरफ्तार ट्रक चालक झारखंड के दुमका से शराब लेकर भलजोर के रास्ते भागलपुर जा रहे थे। जबकि गिरफ्तार दोनों ट्रक चालक आपस में सहोदर भाई बताए जाते हैं। दोनो भाई भूपेंद्र मंडल का पुत्र सरवन मंडल और संजय मंडल है। मालूम हो कि, यह बांका जिले के पुलिस प्रशासन के लिए बड़ी उपलब्धि है।

आर्य समाज ए टी एस एडवांटेज सोसाइटी इंदिरापुरम में भजन संध्या हर्षोल्लास से सम्पन्न*

संस्कार और संस्कृति समाज के आधार स्तम्भ – विनोद त्यागी

योग से जुड़ें व जोड़ने का संकल्प लें प्रवीण आर्य

गाज़ियाबाद,शनिवार,27-08- 2022 को आर्यसमाज ए टी एस एडवांटेज सोसायटी एवं केन्द्रीय आर्य युवक परिषद के संयुक्त तत्वावधान में राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल आर्य के सानिध्य में भजन संध्या का विशेष कार्यक्रम एटीएस मन्दिर के सत्संग भवन में हर्षोल्लास से संपन्न हुआ।वेद प्रचार परिषद की अध्यक्षा श्रीमती ममता चौहान ने भजन संध्या से पूर्व यज्ञ किया ओर कहा कि यज्ञ और योग अपनाने से व्यक्ति का कल्याण होगा। सुप्रसिद्ध भजनोपदेशका आचार्या अमृता आर्या ने योगेश्वर श्रीकृष्ण गुणगान व ईश भक्ति के मधुर भजन प्रस्तुत किये,जिसे सुनकर श्रोतागण भावविभोर हो गए। अध्यक्षता कर रहे प्रसिद्ध समाज सेवी श्री विनोद त्यागी ने कहा कि आज अपने बच्चों को संस्कारवान बनाने की आवश्यकता है।साथ ही वह अपनी संस्कृति से भी जुड़े।उन्हें अपने भारतीय संस्कृति के गौरव गान का पता होना ही चाहिए।बिना संस्कारों के व्यक्ति पशु के समान है।चरित्र हीनता, बलात्कार की घटनाएं नैतिक शिक्षा व संस्कारों की कमी के कारण ही है।सभी माता पिता व शिक्षक गण इस समस्या का हल निकालने में सक्षम है आवश्यकता

है जमीन पर कार्य करने की तभी समाज का आने वाला भविष्य उज्जवल हो सकता है। मुख्य अतिथि परिषद के प्रांतीय महामंत्री प्रवीण आर्य ने कहा कि योग जीवन का अभिन्न अंग है,योग से स्वयं जुड़ें व परिवार को भी जोड़ें।योगमय जीवन कैसे जियें यह जीना सिखाता है।पुराने ऋषि मुनियों ने भी योग के महत्व पर प्रकाश डाला था,अब उसे आत्म सात करने की आवश्यकता है।

परिषद के जिला अध्यक्ष श्री यज्ञवीर चौहान ने कहा कि वैदिक संस्कृति ही अपनाने से समाज का निर्माण सम्भव है।

मंच का कुशल संचालन परिषद के प्रांतीय कोषाध्यक्ष श्री देवेन्द्र गुप्ता ने किया उन्होंने श्रोताओं का भजन संध्या में आने पर आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर मुख्य रूप से सर्वश्री प्रदीप गुप्ता,दिग्विजय सिंह,हर्ष भाटिया,श्रीमती शिप्रा गुप्ता,आदर्श त्यागी,सुषमा गुगलानी,आशा चौहान,यश चावला,मृदुला अग्रवाल, सोनिया विज,छवि भगत,प्रवीन चौधरी, माया देवी,स्नेहा जी,योगेश गुप्ता, प्रदीप त्यागी,अभिषेक गुप्ता आदि उपस्थित थे।

नारायण गुरु

जन्म- 28 अगस्त, 1855; मृत्यु- 20 सितम्बर, 1928) भारत के महान संत एवं समाज सुधारक थे। कन्याकुमारी में मारुतवन पहाड़ों की एक गुफा में उन्होंने तपस्या की थी। गौतम बुद्ध को गया में पीपल के पेड़ के नीचे बोधि की प्राप्ति हुई थी। नारायण गुरु को उस परम की प्राप्ति गुफा में हुई। समाज सुधारक नारायण गुरु द्वारा स्थापित 'शिवगिरि मठ' पहाड़ी की चोटी पर स्थित है और उनकी समाधि केरल में सबसे प्रसिद्ध स्मारकों में से एक है। नारायण गुरु को श्री नारायण गुरु के नाम से भी जाना जाता है। उनका जन्म एझावा जाति के परिवार में हुआ था। केरल के जाति-ग्रस्त समाज में उन्हें बहुत अन्याय का सामना करना पड़ा। उन्होंने केरल में सुधार आंदोलन का नेतृत्व किया, जातिवाद को खारिज कर दिया और आध्यात्मिक स्वतंत्रता और सामाजिक समानता के नए मूल्यों को बढ़ावा दिया। नारायण गुरु ने मंदिरों और शैक्षणिक संस्थानों की स्थापना के माध्यम से अपने स्वयं के प्रयासों से दलितों के आध्यात्मिक और सामाजिक उत्थान की आवश्यकता पर जोर दिया।

जन्म

श्री नारायण गुरु का जन्म केरल के तिरुअनंतपुरम के उत्तर में 12 किलोमीटर दूर एक छोटे से गाँव में सन 1855 में हुआ था। स्वयं पिछड़ी जाति के होने के कारण वे इस समुदाय के दुःख दर्द को समझते थे। इनका घर का नाम 'नानु' था। ये बचपन से ही बहुत नटखट थे। उनके पिता मदन असन एक किसान थे, वे प्रसिद्ध आचार्य (गुरुकुल के) और संस्कृत के विद्वान थे, आयुर्वेद और ज्योतिष के ज्ञाता भी थे। श्री नारायण गुरु की मां एक सरल महिला थीं। अपने माता-पिता की चार संतानों में एकमात्र बालक थे नारायण अथवा 'नानूह्न।

शिक्षा

नानू एक आम बालक की तरह पले-बढ़े। 5 वर्ष की आयु में उन्हें गांव के स्कूल में प्राथमिक शिक्षा के लिए भर्ती किया गया। वहां उन्होंने संस्कृत भी पढ़ी। प्राथमिक शिक्षा के बाद नानू ने घर पर रहकर खेती और घरेलू कामकाज में हाथ बंटाया। वे प्रतिदिन संस्कृत काव्य पाठ करते थे। वे मंदिर में पूजा और एकांत में ध्यान भी करते थे। 14 वर्ष की आयु में वे 'नानू भक्तह्न के नाम से प्रसिद्ध हो गए। 15 वर्ष की आयु में माता के देहान्त के बाद उनके मामा कृष्ण वेदयार (आयुवेर्दाचार्य) ने उनकी देखभाल की। कृष्ण वेदयार को अपने भांजे की अप्रतिम प्रतिभा का जल्दी ही पता लग गया। अतः नानू को उच्च शिक्षा के लिए करूनगपल्ली में एक योग्य अध्यापक रमण पिल्लै असन के पास भेज दिया। रमण पिल्लै एक सवर्ण हिन्दू थे। चूंकि नानू जन्म से अछूत थे, अतः उन्हें अपने गुरु के घर के बाहर रहकर अध्ययन करना पड़ा। नानू एक प्रतिभाशाली विद्यार्थी सिद्ध हुए और उन्होंने अपने सभी साथियों से आगे निकलकर शिक्षकों के सामने संस्कृत में अपनी विद्वता सिद्ध कर दी। संस्कृत में उच्च शिक्षा ग्रहण करने के पश्चात 1881 में नानू अत्यधिक बीमार पड़ गये और उन्हें वापस घर लौटना पड़ा।[1]



संघर्ष का दौर

रोगमुक्त होने के बाद उन्होंने अपने पैतृक गांव में और आस-पास के क्षेत्रों में छोटे-छोटे विद्यालय खोलने का निर्णय लिया। यहीं से उन्होंने स्थानीय समाज के बालकों, विशेषकर पिछड़े वर्ग के बालकों में ज्ञान और शिक्षा का प्रसार आरम्भ किया। वस्तुतः यह दौर उनके जीवन में कड़े मानसिक संघर्ष का दौर रहा। एक ओर तो उन्हें परिवार के भरण-पोषण की चिंता करनी थी तो दूसरी ओर उनके भीतर आध्यात्मिक उन्नयन और यथार्थ के अनुभव को पाने की तीव्र उत्कंठा हिलोरें मार रही थी। उनके सब कामों पर उन्मुक्त आध्यात्मिक जीवन की तीव्र इच्छा की झलक दिखने लगी थी। अतः चिंतित रिश्तेदारों ने उनकी सोच में बदलाव की दृष्टि से उनके विवाह का निश्चय किया। 28 वर्ष की आयु में श्री नारायण गुरु की इच्छा के विरुद्ध जबर्दस्ती उनका विवाह कर दिया गया।

गृह त्याग

घर का त्याग करके नानू आध्यात्मिक ज्ञान की खोज में निकल गए। उन्होंने योग शिक्षा ली, मारूतवमलै की गुफाओंमें साधना की, कठोर अनुशासन का ब्रत साधा। व्यक्तित्व के विकास और गुण-सम्पन्नता हेतु कर्म और गति का दौर शुरू हुआ। काफी समय बाद श्री नारायण गुरु लोगों के बीच लौटे। वे गांव-गांव घूमे, जो भोजन मिला, उसे खाया; समाज के अंतिम व्यक्ति के साथ रहे, पिछड़े वर्ग से घुले-मिले। सभी लोग उनसे प्रभावित हुए, उनके प्रति श्रद्धा जगी। समाज कार्य में सबसे पहले श्री नारायण गुरु ने तिरुअनंतपुरम से 20 कि.मी. दक्षिण में आरूविपुरम में नेय्यार नदी के तट पर 1888 में शिव मंदिर की स्थापना की और इस मान्यता को ठुकरा दिया कि केवल एक ब्राह्मण ही पुजारी हो सकता है। हिन्दू मंदिरों में जिनका प्रवेश वर्जित था, वे इस मंदिर में निर्बाध आ सकते थे।

आश्रम स्थापना

मंदिर के ही निकट उन्होंने एक आश्रम बनाया तथा एक संगठन बनाकर मंदिर-संपदा और श्रद्धालुओं के कल्याण की व्यवस्था की। यही संगठन बाद में 'श्री नारायण धर्म परिपालन योगम्' (एस.एन.डी.पी.) के नाम से जाना गया, जो श्री नारायण धर्म का प्रसार करने लगा। 1904 में नारायण गुरु ने क्विलोन (आज कोझीकोड) के एक तटीय उपनगर वर्कला में एक शांत, सुरम्य पर्वतीय स्थल शिवगिरि में अपनी सार्वजनिक गतिविधियां केन्द्रित कीं। 1928 में अपनी महासमाधि तक श्री गुरु ने यहीं रहकर साधना की थी। शिवगिरि में नारायण गुरु ने दो मंदिरों और एक मठ की स्थापना की। शिवगिरि आकर ही रबींद्रनाथ टैगोर और महात्मा गांधी ने श्री नारायण गुरु के दर्शन किए थे।

श्री गुरु ने अलवाय में 1913 में अद्वैत दर्शन के प्रचार-प्रसार के लिए एक अद्वैत आश्रम की स्थापना की। यहां एक संस्कृत विद्यालय स्थापित किया गया। 1920 में त्रिशूर में उनके द्वारा स्थापित कारामुक्कू मंदिर में किसी देवता की प्रतिमा नहीं बल्कि एक दीपक स्थापित किया गया था, जिसका संदेश था- चहुंओर प्रकाश ही प्रकाश हो। 1922 में मुरुक्कुमपुझा में बनाए गए मंदिर में देव प्रतिमा की जगह 'सत्य, धर्म, प्रेम, दयाह्न लिखवाया गया था। 1924 में उनके द्वारा स्थापित अंतिम मंदिर कलवनकोड मंदिर में उन्होंने गर्भ गृह में एक दर्पण लगवाया। सामाजिक प्रगति के लिए श्री नारायण गुरु ने तीन उपाय सुझाए थे- 'संगठन, शिक्षा और औद्योगिक विकास'। आज केरल में दिख रहा सामाजिक-आर्थिक-शैक्षणिक विकास का श्रेय श्री नारायण गुरु और उनके द्वारा स्थापित श्री नारायण धर्म परिपालन योगम् संस्था को जाता है।

महापुरुष कथन

गुरुदेव रवीन्द्रनाथ टैगोर ने लिखा है- "मैंने विश्व के विभिन्न स्थानों की यात्रा की है। इन यात्रा के दौरान मुझे अनेक संतों और विद्वानों के दर्शन करने का अवसर मिला है। लेकिन मैं यह स्पष्ट रूप से स्वीकार करता हूँ कि मुझे अभी तक कोई भी ऐसा व्यक्ति नहीं मिला जो केरल के स्वामी श्री नारायण गुरु से आध्यात्मिक रूप से अधिक महान हो अथवा आध्यात्मिक उपलब्धियों में उन के समकक्ष भी हो।" गुरुदेव टैगोर और स्वामी श्री नारायण गुरु की भेंट 1922 में हुई थी।

भारतीय संस्कृति

भारत के बहु-सांस्कृतिक भण्डार और विश्वविख्यात विरासत के सतत अनुस्मारक के रूप में भारतीय इतिहास के तीन हजार से अधिक वर्ष की जानकारी और अनेक सभ्यताओं के विषय में बताया गया है। भारत के निवासी और उनकी जीवन शैलियाँ, उनके नृत्य और संगीत शैलियाँ, कला और हस्तकला जैसे अन्य अनेक विधाएँ भारतीय संस्कृति और विरासत के विभिन्न वर्णों को प्रस्तुत करती हैं, जो देश की राष्ट्रीयता का सच्चा चित्र प्रस्तुत करते हैं। इस खण्ड में उन सभी तत्वों को शामिल किया गया है जो भारत की संस्कृति और विरासत के प्रतीक हैं। भारत की संस्कृति कई चीजों को मिला-जुलाकर बनती है जिसमें भारत का लम्बा इतिहास, विलक्षण भूगोल और सिन्धु घाटी की सभ्यता के दौरान बनी और आगे चलकर वैदिक युग में विकसित हुई, बौद्ध धर्म एवं स्वर्ण युग की शुरूआत और उसके अस्तगमन के साथ फली-फूली अपनी खुद की प्राचीन विरासत शामिल हैं। इसके साथ ही पड़ोसी देशों के रिवाज, परम्पराओं और विचारों का भी इसमें समावेश है। भारतीय संस्कृति विश्व की प्रधान संस्कृति है, यह कोई गर्वोक्ति नहीं, बल्कि वास्तविकता है। हजारों वर्षों से भारत की सांस्कृतिक प्रथाओं, भाषाओं, रीति-रिवाजों आदि में विविधता बनी रही है जो कि आज भी विद्यमान है और यही अनेकता में एकता भारतीय संस्कृति की महान विशेषता है।

800 ई. से 1200 ई. का काल आर्थिक और सामाजिक जीवन तथा धर्म के लिए उपयुक्त है। आर्थिक व्यवस्था, समाज, धार्मिक विश्वास तथा मानव विचार राजनीति से कहीं कम परिवर्तनशील है। इसीलिए ऐसी कई विशेषताएँ जो नौवीं शताब्दी के पूर्व पायी जाती थीं, अभी भी जारी

थीं। पर साथ ही कुछ ऐसी भी बातें थीं, जिससे इस काल को पहले के युग से भिन्न माना जाता है। सामान्यतः इस ऐतिहासिक काल में नए तत्वों के साथ पुराने तत्त्व भी विद्यमान रहते हैं, पर परिवर्तन की दिशाएँ भिन्न रहती हैं।

वाणिज्य और व्यापार

उत्तर काल में यह काल सामान्यतः जड़ता तथा ह्रास का काल माना जाता है। इस-ाका मुख्य कारण यह था कि सातवीं शताब्दी और दसवीं शताब्दी के बीच वाणिज्य और व्यापार में गतिरोध आ गया था। इसके परिणामस्वरूप इस क्षेत्र में नगरों तथा नागरिक जीवन का ह्रास हुआ। वाणिज्य और व्यापार में गतिरोध का मुख्य कारण पश्चिम में रोमन साम्राज्य का पतन था। जिसके साथ भारत का बड़े पैमाने पर तथा मुनाफे का व्यापार होता था। भारत में कभी भी बड़ी मात्रा में सोने और चाँदी के खनन का काम नहीं हुआ। सोना और चाँदी जिसके लिए भारत विख्यात था, वह भारत के लाभकारी व्यापार के कारण था क्योंकि मुनाफे के रूप में यहाँ सोना और चाँदी आते थे। इस्लाम के उदय से भी, जिससे सासानीद (ईरानी) जैसे प्राचीन साम्राज्यों का पतन हो गया, भारत के व्यापार और विशेष कर जमीन के रास्ते होने वाले व्यापार पर बहुत असर पड़ा। परिणामस्वरूप उत्तरी भारत में आठवीं और दसवीं शताब्दी के बीच नई स्वर्ण मुद्राओं की बहुत कमी हो गई। पश्चिम एशिया तथा उत्तरी अफ्रीका में विस्तृत और शक्तिशाली अरब साम्राज्य में ऐसे कई क्षेत्र शामिल थे जिनमें बड़ी मात्रा में खानों से स्वर्ण निकाला जाता था। अरब स्वयं भी समुद्र प्रेमी व्यक्ति थे। भारतीय कपड़ों, मसालों तथा लोबान के लिए अमीर अरब शासकों की माँग के कारण भारत और दक्षिण-पूर्व एशिया के द्वीपों को मसालों के द्वीप के नाम से जाना जाता था। नौवीं और दसवीं शताब्दी के बीच कई अरब यात्री पश्चिमी तट के नगरों में आए और उन्होंने देश की तत्कालीन स्थिति का विवरण किया है। दसवीं शताब्दी के बाद उत्तर भारत में विदेश व्यापार और वाणिज्य में धीरे-धीरे फिर वृद्धि हुई। व्यापार के इस पुनरुत्थान से सबसे अधिक लाभ मालवा और गुजरात को पहुँचा। गुजरात में चंपानेर और अंकिलेश्वर जैसे कई नगरों की नींव इसी काल में पड़ी। उन दिनों भारत की जनसंख्या दस करोड़ से भी कम थी, अर्थात आज की तुलना में, छटे हिस्से से भी कम थी। देश का एक बड़ा भाग जंगलों से ढका था जिनमें जंगली पशुओं के अलावा ऐसे कबीले थे जो राहगीरों को लूट लेते थे। नदियों पर पुल नहीं थे और बरसात के मौसम में सड़कें बहुत खराब हो जाती थीं। इन कारणो से उन दिनों यात्रा, चाहे व्यापार हो या फिर शौक के लिए, कभी भी खतरे से खाली नहीं थी। सुरक्षा के ध्यान से व्यापारी तथा अन्य लोग कारवों में चलते थे जिसकी सुरक्षा उनके अपने सैनिक करते थे। इसके बावजूद कभी-कभी साहसी लुटेरे उन्हें लूट लेते थे।

राशि फल

राशिफल 28 अगस्त 2022: आज इन 6 राशि वालों के लिए बेहद शुभ होगा रविवार का दिन, जानें पूरा राशिफल

आज रविवार का दिन कुछ राशि वालों के लिए दिन बहुत शुभ होने वाला है। तो आइए जानते हैं सभी राशि वालों के लिए कैसा रहेगा आज का दिन...

मेष राशि :- आज का दिन अच्छा रहेगा। कारोबार की परेशानियां खत्म होंगी। नया काम शुरू हो सकता है। अचानक धनलाभ के योग हैं, लेकिन लेन-देन से बचें। प्रॉपर्टी में निवेश लाभदायक रहेगा। कुछ लाभ के सौदे भी हो सकते हैं। अपना नजरिया और व्यवहार सकारात्मक रखेंगे, तो रिश्तों में मजबूती आएगी। बेरोजगारों को रोजगार की प्राप्ति हो सकती है। ऑफिस में विवाद होने की संभावना रहेगी। खर्च ज्यादा हो सकता है। जोखिम लेने से बचें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

वृषभ राशि :- आज का दिन मिला-जुला रहेगा। कारोबार में जोखिम भरे सौदों से बचना होगा। कार्यक्षेत्र में काम ज्यादा रहेगा। कठिन परिश्रम से रुके हुए कार्यों में प्रगति होगी। सहयोगी भी इसमें मदद करेंगे। लेन-देन और बिना सोचे-समझे कोई भी फैसला करने से बचना होगा, अन्यथा परेशानी में फंस सकते हैं। क्रोध की अधिकता रहेगी, जिससे में परिवार में कलह हो सकती है। वाणी पर संयम रखें। स्टूडेंट्स के लिए समय मेहनत करवाने वाला है। खान-पान का ध्यान रखें।

मिथुन राशि :- आज का दिन शुभ फलदायक रहेगा। कार्यक्षेत्र में कामकाज की अधिकता रहेगी, लेकिन परिजनों और सहयोगियों का भरपूर सहयोग मिलेगा, जिससे सभी कार्यों में सफलता मिलेगी। आकस्मिक धनलाभ होने से आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। कारोबार में व्यस्तता रहेगी, फिर भी परिवार को समय दे पाएंगे। परिवार का माहौल आपके अनुकूल रहेगा। दाम्पत्य जीवन में खुशहाली रहेगी। स्वास्थ्य भी अच्छा रहेगा। परिजनों के साथ किसी लम्बी यात्रा पर जा सकते हैं।

कर्क राशि :- आज का दिन अच्छा रहेगा। कार्यक्षेत्र में सफलता मिलेगी और धनलाभ की संभावना रहेगी। निवेश से लाभ मिलेगा। कार्य विस्तार की योजना बना सकते हैं, लेकिन अनावश्यक खर्च से चिंता भी बढ़ेगी। पारिवारिक जिम्मेदारियों का बखूबी निर्वाह करेंगे। संतान की चिंता हो सकती है। अविवाहित लोगों को विवाह के प्रस्ताव मिल सकते हैं। स्टूडेंट्स के लिए मेहनत का दिन है। क्रोध की अधिकता रहेगी, जिससे परिवार में विवाद हो सकते हैं। सेहत का ध्यान रखें।

सिंह राशि :- आज का दिन शुभ फलदायी रहेगा। सोचे हुए काम पूरे हो सकते हैं। बिजनेस में सफलता मिलेगी और फायदा होगा। व्यापार विस्तार के लिए कोई नया फैसला ले सकते हैं। अविवाहितों के लिए अनुकूल समय है, विवाह के योग बनेंगे। छात्रों के लिए भी समय अच्छा रहेगा। कार्यभार की अधिकता रहेगी, जिससे मानसिक और शारीरिक रूप से थकान का अनुभव करेंगे। सावधान रहें कि आपकी सुस्तता का असर रिश्तों पर न पड़े। परिवार का माहौल अच्छा रहेगा।

कन्या राशि :- आज का दिन सामान्य रहेगा। कार्यक्षेत्र में कठिन परिश्रम रहेगा, जिससे कार्यों में सफलता मिलेगा, लेकिन ऑफिस या फील्ड में किसी भी तरह की रिस्क न लें और जल्दबाजी से बचें। रुका हुआ वापस मिलेगा और लाभ के अवसर बनेंगे, लेकिन मेहनत और भागदौड़ ज्यादा करनी पड़ेगी। परिजनों का भरपूर सहयोग मिलेगा। गुस्से पर नियंत्रण रखें, अन्यथा विवाद में फंस सकते हैं। धार्मिक कार्यों में भाग ले सकते हैं। थोड़ा मानसिक तनाव रहेगा और थकान भी होगी।

तुला राशि :- आज का दिन अच्छा रहेगा। कारोबार में लाभ मिलने की संभावना है। नये सौदे फायदेमंद रहेंगे, जिससे आर्थिक स्थिति मजबूत होगी, लेकिन कार्यभार की अधिकता से दिन भाग-दौड़ में गुजरेगा। सोचे हुए काम आसानी से पूरे हो सकते हैं। आफिस की स्थितियों में कुछ बदलाव हो सकते हैं। दोस्तों के साथ मुलाकात हो सकती है। परिवार का माहौल अच्छा रहेगा। व्यर्थ की भागदौड़ से बचें एवं मानसिक संतुलन बनाए रखें। सेहत का ध्यान रखें।

वृश्चिक राशि :- आज का दिन मिला-जुला रहेगा। कारोबार सामान्य रहेगा। आकस्मिक धनलाभ के योग बन रहे हैं, लेकिन अनावश्यक खर्च बढने.से आर्थिक स्थिति कमजोर होगी। निवेश सोच-समझकर करें, नहीं तो नुकसान हो सकता है। स्टूडेंट्स को सफलता मिलेगी। बस थोड़ी सावधानी रखें। मानसिक परेशानियों का सामना करना पड़ेगा। परिवार का माहौल अच्छा रहेगा। क्रोध पर नियंत्रण एवं वाणी पर संयम रखें, अन्यथा जीवनसाथी से अनबन हो सकती है। सेहत अच्छी रहेगी।

धनु राशि :- आज का दिन सामान्य रहेगा। कारोबार में लाभ मिलेगा। अचानक फायदा होने के योग बन रहे हैं। कार्यक्षेत्र में परिश्रम की अधिकता रहेगी और कार्यों में सफलता मिलेगी, लेकिन परिवार में अनबन होने की संभावना रहेगी। रिश्तेदारों की वजह से तनाव उत्पन्न हो सकता है। धार्मिक कार्यों में भाग ले सकते हैं और तंत्र-मंत्र में रुचि बढ़ेगी। दाम्पत्य जीवन अच्छा रहेगा। स्टूडेंट्स के लिए समय थोड़ा ठीक नहीं रहेगा। खान-पान का ध्यान रखें और यात्रा को टालें।

मकर राशि :- आज का दिन मिला-जुला रहेगा। कारोबार में परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है और कार्यक्षेत्र में मेहनत ज्यादा रहेगी। लेन-देन तथा निवेश में जोखिम लेने से बचें। मन मुताबिक सफलता नहीं मिलने से मानसिक तनाव हो सकता है। परिवार में विवाद की स्थिति बन सकती है। स्टूडेंट्स के लिए अच्छा समय है। परिश्रम का उन्हें अच्छा परिणाम मिल सकता है। बेरोजगारों को रोजगार के अवसर मिलेंगे। सेहत थोड़ी नरम रहेगी। खान-पान पर विशेष ध्यान दें।

कुम्भ राशि :- आज का दिन अच्छा रहेगा। व्यापार-धंधा अच्छा चलेगा। आकस्मिक धनलाभ होने की संभावना रहेगी। कारोबार विस्तार को लेकर नई योजनाएं बनाएंगे, लेकिन लापरवाही से बचें, वरना अच्छा मौका हाथ से निकल सकता है। काम की अधिकता से थकान महसूस करेंगे। क्रोध की अधिकता रहेगी। परिवार का माहौल अच्छा रहेगा और दाम्पत्य जीवन खुशहाल होगा। छिट-पुट मामलों से खुद को दूर रखें। खर्चा भी ज्यादा हो सकता है। सेहत को लेकर सतर्क रहें।

मीन राशि :- आज का दिन सामान्य रहेगा। कार्यक्षेत्र और बिजनेस में कोई बड़ा बदलाव होने की संभावना बन रही है। पैसों से जुड़े किसी मामले में परेशानी उठानी पड़ सकती है, इसलिए नौकरी और कामकाजी जिंदगी में दुश्मनों से सावधान रहें। विवाद की स्थिति भी बन सकती है। व्यय वृद्धि होगी। परिश्रम से कार्यों में सफलता मिलेगी और लाभ प्राप्त होंगे। परिवार का माहौल अच्छा रहेगा। जीवनसाथी से रिश्ता मजबूत होगा। मौसमी बीमारियों से भी परेशानी हो सकती है।

यम गीता (गीता भाग 151)

ब्रह्म की प्राप्ति के उपाय, शंका का समाधान



विश्वनाथ त्रिपाठी

मैत्रेय जी पाराशर जी से आगे प्रश्न करते हुए कहते हैं कि हे गुरुदेव जीव मृत्यु के बाद यमराज के अधीन हो जाता है और उन्हीं के आदेशानुसार कर्मों के अनुरूप स्वर्ग व नरक का भोग भोगता है फिर वह देश योनि में जाता है?

यातनाभ्यः परिभ्रष्टा ,
देवादद्यास्वथ योनिषु
जंतवः परिवर्तंते,
शास्त्राणामेष निर्णयः

पाप कर्मो के कारण नरक में अनेक यातनाओं को भोगकर जीव देव आदि योनियों में भ्रमण करता रहता है ऐसा शास्त्रों का। मत है

सोऽहमिच्छामि तच्छ्रोतुम्
यमस्य वश वर्तिनः
न भवन्ति नरा येन
तत्कर्म कथयस्व में

हे गुरुदेव ! कृपा करके आप मुझे वह कर्म बताइए जिसको करने से मनुष्य यमराज के वंशी भूत नहीं होता अर्थात यम की यातना का पात्र नहीं होता आप के मुख से यम ताड़ना से बचने का उपाय सुनना चाहता हूँ

श्री पराशर उवाच
भगवान पराशर बोले

अयमेव मुने प्रश्नों,
नकुलेन महात्मनो
पृष्टः पितामहः प्राह,
भीष्मोंयत्तच्छृणुष्व में

श्री पराशर जी मैत्रेय से बोले :--
हे मुने ! ठीक ऐसा ही प्रश्न नकुल ने भीष्म पितामह से किया था इस कथन का उत्तर जो नकुल को भीष्म ने दिया वह मैं तुमसे कहता हूं ध्यान से सुनो

भीष्म उवाच
(भीष्म ने कहा)

पुरा ममागतो वत्स
सखा कालिंगको द्विजः
स मामुवाच पृष्ठों वै,
मया जातिस्मरो मुनिः

भीष्म ने कहा --हे वत्स! पूर्वकाल में मेरे पास कलिंग का निवासी ब्राह्मण मित्र मेरे पास आया और बोला --कि कुछ बातें हैं जो निश्चित समय पर घटित होगी

स्वामी मुद्रक एंव प्रकाशक रमन कुमार झा द्वारा सांई प्रिंटिंग प्रेस बी, 42 सेक्टर 07 नोएडा से मुद्रित कराकर नियर दुर्गा पब्लिक स्कुल श्याम लाल कालोनी बरोला सेक्टर 49 नोएडा 201301 गौतमबुध्द नगर ,उ.प्र. से प्रकाशित, फोन 9891706853
संपादक– रमन कुमार झा , समस्त विवाद का निपटारा गौतमबुध्द नगर न्यायालय में होगा, वेबसाइट: www-vatankiawaz-com , Email: vatankiawaz@gmail-com TITLE CODE UPHIN49919\2021

संक्षिप्त न्यूज

उच्च शिक्षा राज्यमंत्री ने किया विश्वविद्यालय का निरीक्षण रोजगार परक पाठ्यक्रम कर दे जोर

आगरा। डॉक्टर भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय में राज्यमंत्री उच्च शिक्षा विभाग (उत्तर प्रदेश) रजनी तिवारी ने निरीक्षण किया। रोजगार परक पाठ्यक्रम और स्किल डेवलपमेंट पर जोर दिया।
राज्य मंत्री ने सबसे पहले खंदारी परिसर में बने नियंत्रण कक्ष की व्यवस्थाओं को देखा। नियंत्रण कक्ष से अन्य जिलों के परीक्षा केंद्रों में हो रही परीक्षा को देखकर संतुष्टि व्यक्त की। इसके बाद उन्होंने नोडल सेंटरों पर आरएफआईडी लॉक सिस्टम को भी देखा। विश्वविद्यालय में पहली बार शुरू हुए डिजिटल मूल्यांकन का भी निरीक्षण किया। इस कार्य के लिए विश्वविद्यालय प्रशासन को बधाई भी दी। खंदारी परिसर में संचालित एमसीए की कक्षा में जाकर छात्रों से बातचीत की। यूनिवर्सिटी मॉडल स्कूल का भी दौरा किया। इसके बाद राज्य मंत्री सेंट जॉन्स कॉलेज गई वहां पर संचालित हो रही परीक्षा की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। राज्य मंत्री ने विश्वविद्यालय के अधिकारियों से कहा कि वह विश्वविद्यालय में ज्यादा से ज्यादा रोजगार परक पाठ्यक्रम शुरू करें। आज के दौर में स्किल डेवलपमेंट बहुत जरूरी है इसलिए छात्रों को विशेष कक्षाएं लगाकर स्किल डेवलपमेंट की ट्रेनिंग दी जाए। निरीक्षण के दौरान कुलसचिव डॉ विनोद कुमार, डीन अकादमिक प्रोफेसर संजीव कुमार शर्मा, नियंत्रण कक्ष प्रभारी प्रोफेसर मनु प्रताप, प्रति कुलपति प्रोफेसर अजय तनेजा आदि उपस्थित रहे।

अटेवा जिलाध्यक्ष ने किया स्वागत

आगरा ! कैविनेट मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार / प्रभारी मंत्री आगरा मण्डल आशीष भैयाजी के प्रथम बार आगरा आगमन पर सर्किट हाउस में अटेवा एवं भारतीय कुर्मी महासभा के जिलाध्यक्ष जुग्गी लाल बर्मा ने मुलाकात कर स्वागत किया और वार्ता के दौरान पुरानी पेंशन बहाली पर विचार करने का आग्रह किया।इस दौरान अटेवा के अन्य पदाधिकारी भी मौजूद थे!

अमेठी स्कूल के दसवीं कक्षा के मयंक यादव को अखिलेश यादव ने किया सम्मानित

देव मणि शुक्ल ब्यूरो प्रभारी नोएडा समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व मुख्यमंत्री, व नेता प्रतिपक्ष अखिलेश यादव आज नोएडा आगमन के दौरान नोएडा समाजवादी पार्टी के पूर्व प्रत्याशी सुनील चौधरी के आवास पर भी गए वहां पर उन्होंने पार्टी के नेताओं से मुलाकात किया और उन्होंने अमेठी स्कूल के दसवीं कक्षा में 500 में 500 नंबर लाने वाले मयंक यादव को लैपटॉप देकर सम्मानित करने का काम किया आज पूर्व प्रत्याशी सुनील चौधरी के आवास पर लगभग हजारों कार्यकर्ता राष्ट्रीय अध्यक्ष के स्वागत के लिए आए, पूर्व प्रत्याशी सुनील चौधरी ने राष्ट्रीय अध्यक्ष का आभार व्यक्त किया और तमाम आए हुए लोगों का भी आभार व्यक्त किया, आज के कार्यक्रम में मौजूद मुख्य लोगों में सुनील चौधरी, इंदर प्रधान, महेंद्र यादव ,दीपक विग,फकीर चंद नागर ,वीर सिंह यादव ,राजकुमार भाटी, रेशपाल अवाना, शकील सैफी ,विपिन अग्रवाल, योगेश भाटी ,गौरव, मुख्य रूप से मौजूद रहे।

प्रभावित 32 परिवारों को ऊंचे स्थान मे कैंप,राहत सामग्री दी

दैनिक समाज जागरण ब्यूरो रिपोर्ट संदीप दीक्षित बांदा

बांदा, 27 अगस्त, 2022-जनपद बांदा के तहसील बबेरू में यमुना नदी

से बाढ़ प्रभावित क्षेत्र विकास खण्ड बबेरू के ग्राम समगरा सहित कुल 10 ग्रामों/मजरों का जिलाधिकारी बांदा अनुराग पटेल द्वारा उपजिलाधिकारी बबेरू रावेन्द्र सिंह, डिप्टी कलेक्टर (प्रशिक्षु) सुश्री श्वेता साहू, तहसीलदार बबेरू के साथ का भ्रमण किया गया।
जिलाधिकारी द्वारा यमुना नदी के बढ़ते जलस्तर से 32 परिवारों के पानी से घिर जाने से सभी 32 परिवारों के 173 लोगों को निकालकर स्कूलों और ऊंचे स्थानों पर कैम्प बनाकर ठहराया गया तथा सभी को राहत सामग्री यथा लाईया, चना, गुड, दिया सलाई आदि राहत सामग्री का वितरण किया गया। बाढ़ से प्रभावित परिवारों द्वारा मांग की गई कि प्रत्येक वर्ष बाढ़ के पानी से उनके घर गिर जाते है। बाढ प्रभावित व्यक्तियों द्वारा किसी सुरक्षित स्थान पर आवासीय भूमि दिये जाने की मांग की गई।
जिलाधिकारी द्वारा तत्काल उपजिलाधिकारी, बबेरू को निर्देशित किया गया कि सभी की व्यक्तियों को चिन्हित करते हुये पात्रता की दशा में उपयुक्त स्थान पर आवसीय पट्टे दिये जाने की कार्यवाही सुनिश्चित करायें।
जिलाधिकारी द्वारा उपजिलाधिकारी/तहसीलदार, बबेरू को निर्देशित किया गया कि यमुना नदी के बढ़ते जलस्तर को दृष्टिगत रखते हुये लगातार क्षेत्र का भ्रमण करें तथा सम्बन्धित क्षेत्र के लेखपाल अपने ग्रामों में निवास कर सर्तक दृष्टि बनाये रखें। यदि कोई भी अप्रिय स्थिति हो तो तत्काल उच्चाधिकारियों को सूचित करें।

सेक्टर 12 मे निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन

देव मणि शुक्ल ब्यूरो प्रभारी

नोएडा लोक मंच कथा रवि वूमेन हॉस्पिटल, सेक्टर 35 के सौजन्य से आज नोएडा दवा बैंक, सेक्टर 12 में एक निशुल्क स्वास्थ्य जांच कैंप का आयोजन किया गया। यह दवा बैंक नोएडा लोक मंच द्वारा संचालित है तथा इसमें डॉक्टर का पर्चा दिखाने पर निशुल्क दवाइयां का वितरण किया जाता है। इस कैंप में ब्लड प्रेशर, शुगर आदि की जांच निशुल्क की गई तथा महिला रोग विशेषज्ञ, दंत चिकित्सक, फिजियोथेरेपिस्ट तथा सामान्य परामर्श के लिए डॉक्टर उपलब्ध रहे। सेक्टर 12 व अन्य सेक्टरों से भी अनेक निवासियों ने अपनी जांच करवाई। दवा बैंक से निशुल्क दवाइयां प्राप्त की।

कैंप में 246 लोगों की जांच की गई व परामर्श दिया गया। सभी मरीजों को दवाइयों का वितरण भी निशुल्क किया गया। नोएडा लोक मंच द्वारा विभिन्न मेडिकल सेंटर के साथ मिलकर जन सुविधा के लिए निशुल्क जांच व परामर्श के कैंप लगाए जाते हैं लोक मंच के महासचिव महेश सक्सेना ने बताया की भविष्य में भी लोगों की सुविधाओं के लिए इस प्रकार के कैंप लगाए जाते रहेंगे जिससे अधिक से अधिक लोगों को इसका लाभ पहुंचे। सभी आमजन से यह अपील भी की कि घर में बची हुई दवाइयों को नोएडा लोक मंच के द्वारा संचालित दवा बैंक में दान करें जिससे दवाइयों का उपयोग जरूरतमंद लोगों की सेवा के लिए किया जा सके।

कैंप में महेश सक्सेना, आर एन श्रीवास्तव, श्रीमती इंद्रा चौधरी, श्रीमती लीका सक्सेना, श्रीमती विभा बंसल,मनीषा, लोक मंच दवा केन्द्र के डा अनूप गुप्ता, डा राजेंद्र प्रसाद, डा सरकार, डा ऋतु त्रिपाठी, डा वर्षा, राकेश,ब्रजेंद्र,वीरेंद्र व रविंद्र आदि गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

मेंटेनेंस के कानून या लीगल-एक्सटोर्शन के हथियार

देव मणि शुक्ल ब्यूरो प्रभारी

नोएडा मेंटेनेंस के कानून या लीगल-एक्सटोर्शन के हथियार

1) एक असंतुष्ट कर्मचारी आपके खिलाफ कोई भी मामला दर्ज करता है और इससे पहले कि आप इस मामले से अवगत हों, माननीय अदालत आपको कर्मचारी को मुकदमेबाजी शुल्क का भुगतान करने का आदेश देती है। याद रखें, आप अभी तक अदालत नहीं गए हैं (एक्स-पार्टी) और आप बचाव पक्ष हैं।

2) एक बार जब आप इस मामले में पेश होते हैं, तो तुरंत माननीय न्यायालय आपको इस कर्मचारी को कंपनी के प्रति कर्मचारी के कर्तव्य के बिना, मामले के लंबित रहने तक वेतन का भुगतान जारी रखने का आदेश देती है।

3) फिर, संभावनाएं है कि :

अ) माननीय न्यायालय कर्मचारी के पक्ष में इस मुद्दे का फैसला करता है और आपको वेतन का भुगतान (भविष्य की वेतन वृद्धि सहित) तब तक जारी रखने का आदेश देता है जब तक कर्मचारी को अगली नौकरी नहीं मिलती [कोई समय सीमा नहीं]।

ब) माननीय न्यायालय ने पाया कि दायर किया गया मामला झूठा था इसलिए मामले को खारिज कर दें। एक झूठे मामले को सहन करने के लिए आपको कोई मुआवजा नहीं और (ऊपर दिये गय 1 और 2 के अनुसार) आपके द्वारा भुगतान की गई राशि की कोई वापसी नहीं। खैर, अगर यह अन्याय है, तो पत्नियों द्वारा दायर किए गए भरण-पोषण के मामलों के नाम पर, भारत में लाखों पति हर साल यही अन्याय सह्ते हैं। परिदृश्य 1. एड-अंतरिम रखरखाव है, परिदृश्य 2. अंतरिम रखरखाव है, परिदृश्य 3. स्थायी रखरखाव।

वर्तमान कानून :
भारत में, एक पत्नी के पास 4 कानून हैं जिसके तहत वह अपने पति से भरण-पोषण का दावा कर सकती है। (और अधिकतर वह करती है) और इनमें से प्रत्येक मामले में माननीय न्यायालयों द्वारा 3 प्रकार के रखरखाव की अनुमति के कारण, ऐसे 12 परिदृश्य हैं जहां एक व्यक्ति की गाढ़ी कमाई को लेकर उसे ठगा जा सकता है।
और जबकि एक आदमी को पति होने के "कर्तव्य" के नाम पर भरण-पोषण का भुगतान करने के लिए मजबूर किया जाता है, किसी भी पत्नी को परिवार के सदस्य के रूप में उसके "कर्तव्य" के हिस्से के रूप में परिवार का समर्थन करने के लिए समान रूप से आदेशित नहीं किया जाता है।

रखरखाव कानूनों के पीछे मंशा : भरण-पोषण के कानून अभाव और खाना-बदोशी को बचाने के लिए बनाए गए थे।

चिंताएं :
) क्या अभाव और खाना-बदोशी स्थायी है?
) क्या माननीय न्यायालयों को निरंतर रखरखाव आदेशों के साथ अभाव/खाना-बदोशी समाप्त करना चाहिए या इसे बढ़ावा देना चाहिए?
) 4 करोड़ से अधिक मामलों के बैकलॉग के साथ, क्या माननीय न्यायालयों पर समान मांग के लिए, समान पक्षों के बीच 4 डुप्लीकेट मामलों का बोझ होना चाहिए?
f) क्या रखरखाव स्वतंत्रता या निर्भरता को बढ़ावा दे रहा है?

विवरण :
भरण-पोषण की अवधारणा एक बुनियादी धोखे (कम से कम वर्तमान परिदृश्य में) से जन्म लेती है कि महिलाएं कमजोर हैं। भरण-पोषण को पति के निर्विवाद, मजबूर, कर्तव्य के रूप में देखा जा रहा है, यह बदले में स्वतंत्रता से अधिक निर्भरता के कार्य को आगे बढ़ा रहा है। दुखद वास्तविकता यह है कि माननीय न्यायालयों का उपयोग महिलाओं द्वारा पुरुषों से धन उगाहने के लिए उपकरण के रूप में किया जा रहा है। खासकर वैवाहिक मामलों में जबरन वसूली बड़े पैमाने पर होती है। केवल आरोपों के आधार पर न्याय प्रणाली के पहिये महिलाओं के पक्ष में चल रहे हैं और योग्यता के लिए बहुत कम सम्मान दिया जाता

है। अदालतें भी इस पर ज्यादा ध्यान नहीं देतीं और महिलाओं को कमजोर वर्ग/लिंग के रूप में व्यवहार करना जारी रखती हैं।
इसके अलावा, जबकि इन मामलों के दौरान योग्यता/न्याय की अपेक्षा को किनारे पर रखा जाता है, यह प्रक्रिया भी अभाव और खाना-बदोशी को एक स्थायी अवधारणा के रूप में मानती है। जबकि एक पेंशनभोगी को भी पेंशन प्राप्त करने के लिए हर साल एक "जीवित प्रमाण पत्र" जमा करना होता है, एक पत्नी के पास वर्तमान रखरखाव कानूनों के तहत निरंतर रखरखाव का आदेश "कोई प्रश्न नहीं पूछा जाता है"। यहां तक कि भारत जैसे कल्याणकारी देश में भी बीपीएल कार्ड/प्रमाणपत्र की वैधता है, लेकिन एक पत्नी को जीवन भर "पति द्वारा बनाए रखने के लिए उत्तरदायी" प्रमाण पत्र माना जाता है। और यह, तब भी जब कोई पेंशनभोगी अदालत में आरोपों के साथ पेंशन बोर्ड के खिलाफ नहीं है; जब, एक बीपीएल श्रेणी का व्यक्ति कल्याणकारी राज्य से लाभ प्राप्त करने के लिए कल्याणकारी राज्य के खिलाफ कई मामले दर्ज नहीं कर रहा है। यदि किसी को किसी भी सामाजिक स्थिति के लिए स्थायी नहीं माना जाता है, तो पत्नी को हमेशा के लिए बेसहारा या आवारा क्यों माना जाता है? 7वें महीने के बाद से पति पर निर्भर रहने के बजाय, पति से स्वतंत्र होने के लिए अधिकतम 6 महीने की वित्तीय सहायता का एक कदम उठाने के लिए रखरखाव के आदेश पर्याप्त विचारशील क्यों नहीं हैं? जबकि बच्चों के मामले में, साझा पालन-पोषण एक महत्वपूर्ण कदम है। जो बच्चे की बेहतरी के लिए न्यायालयों द्वारा लिया जा रहा है और माता-पिता को स्वतंत्र माता-पिता बनने में आसानी से सहायता कर सकता है, न कि एक कस्टोडियल भुगतान करने वाली मां के लिए केवल एक गैर-संरक्षक भुगतान करने वाला पिता?

जबकि लिटिगेशन मे एक महिला के लिए एक ही राहत यानी भरण-पोषण की मांग करते हुए 4 मामले दर्ज करना उचित लग सकता है, हम सभी उस दबाव की उपेक्षा करते हैं जो यह हमारी न्याय प्रणाली पर डालता है और मामलों की लंबितता को बढ़ाता है? हाल ही में, माननीय कानून मंत्री, श्री किरेन रिजिजू ने भी, लंबित मामलों के कारण भारतीय न्यायपालिका पर भारी दबाव के बारे में चिंता व्यक्त की थी। अब समय आ गया है कि माननीय न्यायालयों को अपने देश की न्यायपालिका पर भरोसा करना शुरू हो जाए कि वह दायर किए गए भरण-पोषण के पहले मामले (जो भी धारा के तहत) का फैसला करे। माननीय न्यायालयों को, अन्य माननीय न्यायालयों पर इस विश्वास के साथ, कई भरण-पोषण मामलों पर विचार नहीं करना चाहिए।

एड-अंतरिम भरण-पोषण (प्रतिवादी पति को अदालत में बुलाए जाने से पहले ही प्रदान किया गया) एक मुकदमेबाजी-पुरस्कृत कदम है, जो स्पष्ट अन्याय है, जैसा कि पहले वर्णित परिदृश्य 1 में दिखाया गया है। यह उल्लेख करना उचित है कि जिला कानूनी प्राधिकरण महिलाओं को मुफ्त वकील (सामाजिक स्थिति / उम्र के बावजूद) और मामूली अदालती शुल्क प्रदान करता है, एक प्रतिवादी, जिसे एक मामले में खींचा गया है (गैर-आरंभकर्ता) होने के लिए दंडित किया गया है "एक प्रतिवादी बनाया"? इसके अलावा, स्थायी अंतरिम और स्थायी रखरखाव आदेश देना परजीवीवाद के समान शत्रुतापूर्ण निर्भरता को बढ़ावा देना जारी रखता है।

हमारी मांगें :
1. एड-अंतरिम रखरखाव की अवधारणा को तुरंत बंद किया जाना चाहिए, क्योंकि जिला कानूनी सेवा प्राधिकरणों द्वारा पहले से ही मुफ्त कानूनी सेवाएं प्रदान की जाती हैं।
2. भरण-पोषण आदेश (अंतरिम या स्थायी) विशुद्ध रूप से योग्यता के आधार पर तय किया जाना चाहिए न कि महिला के सही और एक पुरुष के गलत होने की धारणा पर आधारित होना चाहिए।
3. कोई भी रखरखाव आदेश (अंतरिम या स्थायी), यदि दिया जाता है, तो अधिकतम 6 महीने की अवधि के आदेशों के माध्यम से स्वतंत्रता को सक्षम करने पर ध्यान केंद्रित किया जाना चाहिए।
4. किसी भी न्यायालय को एक ही पक्षकार के बीच भरण-पोषण का मामला स्वीकार नहीं करना चाहिए यदि उसी/दूसरे न्यायालय में भरण-पोषण का मामला चल रहा हो।
5. प्रत्येक न्यायालय में महिला एवं बाल विकास मंत्रालय का एक प्रतिनिधि होना चाहिए जो सभी सहायक योजनाओं का विवरण प्रदान करे, जो उस महिला का समर्थन कर सकती है जिसने भरण-पोषण का मामला दायर किया है।
6. यदि मुकदमेबाजी करने वाले दंपति के बच्चे हैं, तो अदालतें माता-पिता दोनों को काम करते रहने, पालन-पोषण करने में मदद करने के लिए स्व-आदेश साझा करने के आदेश दें।

आगे क्या किया जाना है :
सेव फैमिली फाउंडेशन हमारी उपरोक्त मांगों की याचिका दिल्ली-एनसीआर क्षेत्र के प्रत्येक माननीय न्यायालय में प्रस्तुत करेगा। हमारे अन्य संबद्ध एनजीओ अपने क्षेत्रों में समान प्रार्थनाओं का मूल्यांकन और अनुरोध करने के लिए समान याचिकाएं प्रस्तुत कर रहे हैं और सभी मुकदमेबाज पतियों से अनुरोध करते हैं कि वे अपने संबंधित मामलों में अपने मामलों में इसी तरह की प्रार्थना के लिए अनुरोध करें।

हम कौन हैं :
सेव फैमिली फाउंडेशन (रजिस्टर्ड एनजीओ), सेव इंडियन फैमिली (एसआईएफ) एक मूवमेंट का हिस्सा है जो भारत में पुरुषों के अधिकारों की दिशा में काम करता है। रक्क्षभारत भर में 40 से अधिक गैर सरकारी संगठनों का एक समूह है और 2005 से परिवार और वैवाहिक सद्भाव लाने के लिए अथक प्रयास कर रहा है। आज हम विभिन्न ऑनलाइन सहायता समूह (ईमेल, सोशल मीडिया, व्हाट्सएप), साप्ताहिक सहायता बैठकें (32+ स्थान) चलाते हैं। पुरुषों के लिए ऐप्स और 8882498498 रक्क्ष डठए हेल्पलाइन चलाते हैं। हमारी हेल्पलाइन पर 6000+ से अधिक मासिक कॉल आते हैं, हमारे अन्य ऑनलाइन और ऑफलाइन सहायता समूह कई हजार परिवारों की मदद करते हैं जो विभिन्न लिंग आधारित कानूनों के दुरुपयोग से पीड़ित है।

असम करीमगंज जिले के दुल्लभछड़ा में दुर्गा पूजा समिति का गठन।

असम संवाददाता दैनिक समाज जागरण : हाल ही में दुल्लभछड़ा मोटर स्टैंड स्थित 'आस्पताल रोड सर्वजनीन समाज कल्याण समिति दुर्गा पूजा समिति' के अस्थाई कार्यालय में बैठक हुई। दुर्गा पूजा 2022 में रंजीत वर्धन अध्यक्ष, अंशुमान पाल और दीपक चक्रवर्ती कार्यकारी अध्यक्ष, नीलोत्पल देव और भवतोष पाल उपाध्यक्ष, बिधान चंद्र दास संपादक, माणिक लाल देव, समर देव और प्रणय दास कोषाध्यक्ष और गौरांग देव और अनूप दास होंगे। सह-संपादक के रूप में उत्सव के लिए एक इक्यावन सदस्यीय समिति का गठन किया गया। आगामी दुर्गा पूजा के अवसर पर क्षेत्र के लोग आम जनता का सहयोग एवं उपस्थिति की मांग कर रहे हैं। कहा जाता है कि दुर्गा उत्सव के दौरान क्षेत्र में शांति बनाए रखने के लिए करीमगंज के जिलाधिकारी मृदुल कुमार यादव और जिला पुलिस अधीक्षक पद्मनाभ बरुआ के हस्तक्षेप की मांग की. समिति के कार्यकारी अध्यक्ष अंशुमान पाल ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर इस खबर की जानकारी दी.

असम करीमगंज जिले के राताबाड़ी समष्टि में आए इस भयानक बाढ़ के शिकार कई पीड़ित आधिकारिक मुआवजे से वंचित।

सरकारी मदद से वंचित बाढ़ पीड़ित लोग।

असम संवाददाता दैनिक समाज जागरण: विशेष रूप से राताबाड़ी समष्टि के भैरवनगर जीपी नंबर 1 में भूस्खलन के परिणामस्वरूप मिनाज उद्दीन तापादार, हिलाल उद्दीन और आयशा सुल्ताना आदि के घर। 18 जून को भूस्खलन से यह पूरी तरह नष्ट हो गया था फिर 22 जून को सर्किल कार्यालय व विभागीय अधिकारियों को लिखित में सूचना दी अंचल कार्यालय के अधिकारी बार-बार आए और नाम दर्ज कराया, लेकिन कुछ नहीं हुआ वे अभी भी सरकारी मदद पाने के तरीके खोज रहे हैं

उल्लेखनीय है कि असम के मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत बिश्व शर्मा ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का दौरा किया और घोषणा की कि पूरी तरह से नष्ट हुए घरों की मरम्मत के लिए और आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त लोगों को हुए नुकसान की मात्रा का आकलन करने के लिए 95,000 रुपये का भुगतान किया जाएगा। मंत्री बिमल बड़ा और विधायक विजय मालाकार को सौंपी गई जिम्मेदारी रामकृष्णनगर अंचल की ओर से विभिन्न पदाधिकारियों व भाजपा पार्टी के नेताओं व कार्यकताओं ने बार-बार जांच की और जिला आयुक्त के परिसर में प्रभावित लोगों के नाम दर्ज किए. लेकिन भुगतान के दौरान यह देखा जाता है कि पीड़ितों की मदद करने के नाम पर भाई-भतीजावाद की नीति अपनाई गई है यहां तक कि उन लोगों को वित्तीय सहायता प्रदान करने के भी आरोप हैं, भैरबनगर ग्राम पंचायत द्वारा बताए गए मिनाज उद्दीन तापादार के मकान नंबर 15, हिलाल उद्दीन तापादार के मकान नंबर 291 और आयशा सुल्ताना बेगम के मकान नंबर 634 को पूरी तरह से तबाह होने के बाद भी अब तक कोई सरकारी मदद नहीं मिली है. वे राताबाड़ी विधायक विजय मालाकार और असम के मुख्यमंत्री डॉ हिमंत बिश्व शर्मा का ध्यान आकर्षित किया और उनकी दुर्दशा को देखते हुए जल्द से जल्द वित्तीय सहायता प्रदान करने की मांग कर रहे हैं।

असम करीमगंज जिले के राताबाड़ी थाना क्षेत्र के बाजारघाट के बीर गांव में दर्दनाक हादसा एक ही परिवार की दो बेटियां पानी में डूब गई।

असम संवाददाता दैनिक समाज जागरण : दर्दनाक हादसा हो गया स्थानीय जामाल उद्दीन ने बताया घटना की जानकारी घटना दक्षिण-करीमगंज ग्रुप गोबिंदगंज जीपी बीरग्राम के वार्ड नंबर 4 की है. दीन मजूर साहब उद्दीन की दो बेटियां सुबाना परबीन (6) और साबीना परबीन (3) हैं। रोज की तरह शुक्रवार की दोपहर तालाब में खेल रही थी अचानक मां की नजर पड़ी तो तालाब के पानी में तैरती एक बच्ची देख कर मां की चीख-पुकार पर पहुंचे पड़ोसी दोनों के जमे हुए शवों को बचाया राताबाड़ी थाने को दी गई सूचना टीम के साथ दौड़े रहीम उद्दीन बरभुइया ग्रामीणों के हाथ से दो लाशें को पोस्टमार्टम के लिए करीमगंज भेजा गया. साहब उद्दीन और उनकी पत्नी अपने दो बच्चों को खोने के बाद बहुत बड़ा पहाड़ टूट पड़ा उनके ऊपर ऐसा लग रहा है. गोबिंदगंज जीपी के लोग इस गरीब परिवार को आर्थिक मदद और सहायता प्रदान करने के लिए दक्षिणकरीमगंज विधायक सिद्देक आहमद और मुख्यमंत्री हिमंत बिश्व शर्मा का सहयोग मांग रहे हैं.

मर्दन नाका पुलिस चौकी के अंदर घुसकर शिकायत कर्ता के साथ मे दबंगों के द्वारा गाली गलौज करने का वीडियो सोशल मीडिया में हुआ वायरल

दैनिक समाज जागरण ब्यूरो रिपोर्ट संदीप दीक्षित बांदा

बाँदा।सोशल मीडिया में लगातार हो रहे इस वायरल वीडियो में आप देख सकते हैं दबंगों की दबंगई , भद्दी भद्दी गालियां देते दिखाई पड़ रहे हैं।पुलिस चौकी में घुसकर एक महिला फरियादी और उसके पति को किस तरह से गाली गलौज कर छीना झपटी कर रहे हैं दबंगवहीं पर खड़ी पुलिस चौकी का पूरा स्टाफ तमाशबीन बना है।दबंगों के सामने चौकी पुलिस भी घुटने टेके नजर आ रही है।मिली जानकारी के मुताबिक पीड़ित पक्ष के दरवाजे पर कुछ ही शराब पी रहे थे।इसी बात को लेकर महिला ने शराब पीने से मना किया और इनकी शिकायत और जानकारी देने पुलिस चौकी पहुंच गई।यह वायरल वीडियो नगर कोतवाली नगर के मर्दन नाका पुलिस चौकी का है।वही जब वायरल वीडियो के बारे में शहर कोतवाली प्रभारी से बातचीत की गई तो उन्होंने बताया कि दोनों पक्षों पर कार्यवाही की गई हैं।

सार्वजनिक वितरण प्रणाली की दुकान के आवंटन को लेकर पहुंची जांच टीम को विपक्षी ने किया वापस

ग्रामीणों ने जांच टीम पर लगाए ग्राम प्रधान के साथ मिले होने का आरोप

समाज जागरण/ब्यूरो प्रभाकर गीता त्रिपाठी

बथुआ खीरी --- ब्लाक निघासन के अन्तर्गत आने वाले ग्राम पंचायत बथुआ में सार्वजनिक वितरण प्रणाली की दुकान के आवंटन को लेकर ग्राम प्रधान जांच टीम के मिले होने का आरोप लगाकर ग्रामीणों ने खूब हंगामा काटा जिससे प्रभावित होकर जांच टीम बैरंग वापस लौट गई जिससे विकास खंड निघासन की ग्राम पंचायत बथुआ में सस्ता राशन की दुकान के कोटेदार का स्वर्गवास हो गया था जिसके चलते बथुआ का कोटा नौरंगाबाद मे अटैच ग्रामीणों का आरोप है कि ग्राम प्रधान के पिता अपने दामाद के मनमाने तरीके से राशन की दुकान से आवंटन कराते थे आवंटन के लिए अभी कुछ दिन पहले हाथ खड़ा करके बोटिंग हुई थी जिसमें ग्रामीणों ने निघासन एसडीएम राजेश वर्मा के सभागार में पहुंचकर प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया था कि ग्राम प्रधान के पिता राशन की दुकान अपने दामाद के नाम करना चाहता

था जबकि सैकड़ों ग्रामीण राशन की दुकान ग्राम के ही एक व्यक्ति के नाम करना चाहते है इसी को लेकर निघासन ब्लाक से एक टीम बथुआ आई थी लेकिन जांच टीम के साथ ग्राम प्रधान के पिता को देखकर ग्रामीण भड़क गए और वहां हंगामा करने लगे जिससे प्रभावित होकर जांच टीम बैरंग वापस निघासन लौट गये

बिजली विभाग के अधिषाशी अभियंता ने प्राथमिक विद्यालय में मनाया जन्मदिन

लालापुर में दो विद्यालयों को गोद लिए गए स्कूल के कमरों मे आठ पंखे और लाइट लगाई गई

समाज जागरण/ब्यूरो प्रभाकर गीता त्रिपाठी

बिलरायां खीरी -- ब्लाक निघासन क्षेत्र के अन्तर्गत आने वाले बिलरायां के ग्राम लालापुर के प्राथमिक विद्यालय में बिजली विभाग के अधिषाशी अभियंता के द्वारा दो स्कूलो को गोद लिया गया था जिसमें स्कूलों के कमरों में आठ पंखे और आठ लाईट लगवाई गई जिसमें बड़ी ही सादगी के साथ इन स्कूलों में अपना जन्मोत्सव दिवस मनाते हुए इस दौरान विद्यालय को आठ पंखे और आठ लाईट देकर बच्चों को अच्छे से पढ़ने के लिए प्रेरित किया गया स्कूल में अधिषाशी अभियंता रविन्द्र कुमार के पहुंचते ही स्कूल

की प्रधानाचार्या ममता वर्मा ने तिलक लगाकर सम्मानित किया और टीचर्स स्टाफ ने अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया फिर अधिषाशी अभियंता ने स्कूल स्टाफ और बच्चों के साथ मिलकर केक काटा और बच्चों को चाकलेट बांटे वहां पर इस कार्यक्रम में उपस्थित बिजली विभाग के अधिकारी, कर्मचारी, अभिभावक बन्धु और ग्रामवासियों को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि ने बताया कि हम कहीं भी जाते हैं वहां अपने जन्मदिन, वर्षगांठ हमेशा इसी प्रकार मनाते है।इससे बच्चों का पढ़ने लिखने में हौसला बढ़ता है और आप सभी का आशीर्वाद मिलता है।इस कार्यक्रम में (उपखण्ड अधिकारी सिंगाही) एसके रावत(उपखण्ड अधिकारी निघासन)विकास यादव, (अपर अभियंता)राजेश गौतम, टीजीटू आलोक वर्मा, संदीप पाण्डेय,उदय प्रताप,रहमतुल्ला, शिक्षा मित्र रामगोपाल, डॉ संजय वर्मा, रामसुमेर, मनीराम, राकेश वर्मा, आदि अनेक ग्रामीण और सम्भ्रांत व्यक्ति इस कार्यक्रम में उपस्थित रहे

चौधरी भूपेंद्र सिंह को प्रदेश अध्यक्ष बनाए जाने पर भाजपा कार्यकर्ताओ ने बधाई व शुभकामनाएं दी

शमीम अहमद सिद्दीकी दैनिक समाज जागरण बिजनौर

नजीबाबाद पंडित दीनदयाल उपाध्याय सेवा की बैठक नजीबाबाद नगर अध्यक्ष श्री नरेन्द्र कुमार अग्रवाल जी के निवास पर जिला अध्यक्ष डाक्टर आमोद अरोरा की अध्यक्षता तथा जिला महामंत्री पंडित शम्भू नाथ जी कौशिक के संचालन में प्रारंभ हुई। बैठक में आगामी 25 सितंबर को पंडित दीनदयाल जी उपाध्याय के जन्मोत्सव मनाने पर विचार किया गया। इसके साथ ही सभी उपस्थित कार्यकताओं ने उत्तर प्रदेश सरकार में मंत्री चौधरी भूपेन्द्र सिंह जी को भारतीय जनता पार्टी का प्रदेश अध्यक्ष बनाए जाने पर अपार हर्ष व्यक्त किया। प्रतिष्ठान के समस्त पदाधिकारी, कार्यकताओं को अटूट विश्वास है कि चौधरी भूपेन्द्र सिंह जी के कुशल नेतृत्व में पश्चिमी उत्तर प्रदेश में भाजपा आगामी लोकसभा चुनाव मे एक महत्वपूर्ण कीर्तिमान स्थापित करेगी,यह इस बात से सिद्ध होता है कि चौधरी भूपेन्द्र सिंह जी के प्रदेश अध्यक्ष बनाए जाने का समाचार सुनते ही कार्यकताओं में जो जोश और उत्साह देखने को मिला वह इस बात का द्योतक है कि चौधरी भूपेन्द्र सिंह जी कितने लोकप्रिय हैं। प्रतिष्ठान के समस्त कार्यकर्ता उनको अपनी हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई प्रदान करते हैं। बैठक में श्री आशू अग्रवाल, श्री पंडित अमित कौशिक,श्री शुभम ग्रोवर, पंडित हर्षवर्धन जी,श्री तुषार माहेश्वरी, आकाश सिंघल,श्री नमन गुप्ता आदि अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

आज रामपुर मे राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग एवं भष्टाचार निवारण के कार्यालय पर एक मीटिंग का आयोजन किया गया

रामपुर जिला अध्यक्ष मोईन खान ने 27/8/2022. को उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश महासचिव अरशद अली खान गुड्डू एडवोकेट। से मुलाकात की अरशद अली खान गुड्डू एडवोकेट ने कहा कि मेरे लायक कोई भी काम हो तो मुझे तुरंत याद करें मैं जिस लायक भी हूं हर वक्त हर तरह से आपके साथ हूं और जिला अध्यक्ष मोइन खान ने आश्वासन दिया के में एक समाज सेवक हूं और हमें आप जैसे अच्छे इंसान की जरूरत भी है जो किसी भी गरीब की हर तकलीफ और समस्या को समझ सके उस समस्या का समाधान दिलाने के लिए तुरंत तैयार हो मोईन खान ज़िला अध्यक्ष ने कहा राष्ट्रीय मानव अधिकार एवं भ्रष्टाचार निवारण भारत संगठन हर वक्त और हर तरह से आपके साथ है

तीन वारंटियों को गिरफ्तार कर किया चालान

रिपोर्ट विकास संघ दैनिक समाज जागरण बिजनौर

बढ़ापुर। थाना बढ़ापुर पुलिस द्वारा विभिन्न मुकदमों में वांछित चल रहे तीन वारंटियों को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। पुलिस अधीक्षक बिजनौर के दिशा निर्देश में जनपद में वांछित अपराधियों के खिलाफ चलाये जा रहे अभियान के क्रम में बढ़ापुर पुलिस ने शुक्रवार को देर रात थाना क्षेत्र के ग्राम किशनपुर कुंडा निवासी कोमल पुत्र घसीटा को गिरफ्तार किया। कोमल के विरुद्ध न्यायालय द्वारा गैर जमानती वारंट जारी किया गया था। जबकि नगर के मोहल्ला झोझियान निवासी इरफान पुत्र नन्हे उर्फ टेढ़ा व रिजवान पुत्र गफ़्फार निवासी मोहल्ला बाजार के खिलाफ भी न्यायालय द्वारा गैर जमानती वारंट जारी किया गया था। उपरोक्त तीनों वारन्टी थाना क्षेत्र के विभिन्न मुकदमों में वांछित थे। जिसके चलते हुए अभियान के तहत थाना बढ़ापुर पुलिस द्वारा तीनों वारंटियों को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया है। थाना प्रभारी अनुज कुमार तोमर ने बताया कि विभागीय उच्च अधिकारियों के आदेश पर वांछित वारंटी के खिलाफ अभियान में तीन वारंटी को गिरफ्तार किया गया है।

हजरत माँमू मियां साहब की दरगाह पर तेइसवां तीन दिवसीय उर्स तीन सितम्बर को होगा शुरू

संवाददाता समाज जागरण

बहेड़ी रेलवे स्टेशन पर स्थित हजरत माँमू मियाँ साहब की दरगाह.हजरत माँमू मियाँ साहब की दरगाह पर तीन दिवसीय उर्स तीन सितम्बर बरोज हफ्ता को शुरू होगा उत्तर प्रदेश के जिला बरेली के तहसील बहेड़ी में स्थित हजरत माँमू मियाँ साहब की दरगाह पर तीन दिवसीय उर्स का आगाज तीन सितम्बर बरोज हफ्ता बाद नमाजे इशा, मुशायरा,मिसरा तरह,फिर हमें जलवा दिखा दो हजरते माँमू मियाँ , चार सितम्बर बरोज इतवार बाद नमाजे जुहर, जुलूस चादर,संदल,बाद नमाजे ईशा ,तकरीर पांच सितम्बर बरोज पीर बाद नमाजे फजर,कुरआन, खुआनी, दोपहर एक बजकर पच्चीस मिनट पर कुल शरीफ, बाद नमाजे ईशा महफिले समा,जनाव हाजी कब्बाल ताहिर चिश्ती शेरगढ़ मुकाबला लेडीज कब्बाल, हामिद मियाँ उर्फ माँमू मियाँ के सज्जादानसीन,हाजी सलीम उर्फ नवाव मियाँ के अनुसार उर्स की विधिवत शुरूआत तीन सितंबर बरोज हफ्ता को होगी तथा उर्स का समापन पांच सितंबर वरोज पीर को कुल की रस्म के साथ होगा। उन्होंने बताया कि ,लँगर, होगा चाय होगी जो जायरीन बाहर से आते हैं उनके रहने खाने की फुल ब्यबस्था होगी उल्लेखनीय है कि बहेड़ी में हजरत हामिद मियाँ उर्फ माँमू मियाँ साहब की दरगाह पर भी बड़ी संख्या में अकीदतमंद पूरे साल हाजिरी लगाते है और उर्स में भी शिरकत करने आते हैं।

भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक के कार्यकर्ता व ग्रामीणों ने पंवासा बिजली घर पर बिजली विभाग के कर्मचारियों के खिलाफ किया धरना प्रदर्शन

पंकज राघव/दैनिक समाज जागरण

संभल। भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक ने बिजली कटौती व किसानों से लाइनमैन अवैध वसूली को लेकर पुरानी जर्जर लाइनों को लेकर पंवासा बिजली घर पर बिजली विभाग के खिलाफ धरना प्रदर्शन किया पंवासा बिजली घर उपकेंद्र से दर्जनों गांव को बिजली सप्लाई की जाती है शनिवार को भारतीय किसान यूनियन राजनैतिक के कार्यकर्ता व ग्रामीण पंवासा बिजली घर पर पहुंचे और उन्होंने बिजली आपूर्ति व किसानों से अवैध वसूली पुरानी जर्जर लाइनों को बदलवाने के लिए किसानों ने आरोप लगाया कि की योगी सरकार ने सूखा पड़ने के कारण घोषणा की थी कि किसानों के बकाया होने पर भी निजी ट्यूबवेल के कनेक्शन नहीं काटे जाएंगे फिर भी लाइनमैन व बिजली विभाग के कर्मचारी किसानों का शोषण कर रहे हैं एक तरफ तो किसानों की फसल सूख रही है उधर बिजलीघर उप केंद्र से बिजली सप्लाई आपूर्ति नहीं मिल रही गुस्साए भारतीय किसान यूनियन के कार्यकर्ता व ग्रामीण पंवासा उपकेंद्र पर इकट्ठा हुए और वहां अतरासी किसोली किरारी बलरामपुर विक्रमपुर पवासा रफीपुर गांव की बिजली आपूर्ति की कटौती की जा रही है जिससे किसानों की धान की फसल बाजरे की फसल उड़द की फसल सूख रही है किसान एक तरफ सूखे की मार झेल रहा है दूसरी तरफ बिजली विभाग लापरवाही से बाज नहीं आ रहा है इसी को लेकर भारतीय किसान यूनियन के कार्यकताओं व ग्रामीणों ने पंवासा बिजली घर पर बिजली विभाग के कर्मचारियों के खिलाफ धरना प्रदर्शन किया इस दौरान जिला अध्यक्ष शंकर सिंह यादव जिला सचिव कल्याण सिंह यादव मदन पाल यादव दिनेश यादव रामवीर सिंह वीरपाल सिंह सत्यवीर यादव नेक पाल सिंह अजय प्रताप सिंह ओम प्रकाश सोरन सिंह यादव लेखपाल यादव राधेश्याम अन्य भारतीय किसान यूनियन के कार्यकर्ता व ग्रामीण उपस्थित रहे

नगर पंचायत प्रशासन व संविदा सफाई कर्मियों के बीच हुआ समझौता मांगे मानी गई

समाज जागरण की न्यूज का हुआ असर कर्मचारियों की मागें मानी गई

समाज जागरण संवाददाता फहीम अहमद सकलैनी

धौरा टांडा /भोजीपुरा (बरेली)- नगर पंचायत धौरा टांडा में तैनात संविदा सफाई कर्मचारी कल से अनिश्चितकालीन धरने पर नगर पंचायत कार्यालय में अपनी मांगों को लेकर बैठ गए थे जिसमें उनकी प्रमुख मांग थी कि हमारा भविष्य निधि वेतन से नहीं काटा जा रहा जिसके चलते हमें यह लाभ नहीं मिल पा रहा है जबकि जिले की अन्य नगर पंचायतों में संविदा सफाई कर्मचारियों को यह लाभ दिया जा रहा है इसी को लेकर हम आंदोलनरत हैं कल शाम में अधिशासी अधिकारी देवेंद्र प्रताप गौतम नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि इफ्तिखार अहमद के बीच वार्ता हुई जो बेनतीजा रही थी मगर आज दूसरे दिन फिर वार्ता शुरू हुई जिसमें नगर पंचायत प्रशासन ने संविदा सफाई कर्मचारियों की सभी जायज मांगें मानते हुए नियम अनुसार वेतन से भविष्य निधि की कटौती

करते हुए संबंधित विभाग में पंजीकरण कराकर जमा कराई जाएंगी समस्त औपचारिकताएं पूर्ण करते हुए अगले सप्ताह तक सभी संविदा कर्मियों को आच्छादित करते हुए उसका लाभ उनके खाते में दिलवाया जाएगा जो लिखित में यह आश्वासन दिया गया अन्य मांगे भी पूरी करने की बात कही गई जिसमें दोनों पक्षों के बीच समझौता हो गया कर्मचारियों का नेतृत्व कर रहे युवा नेता सभासद रामराज के अथक प्रयास व मेहनत के बल पर मिले कर्मचारियों की कामयाबी पर उनको फूल मालाओं से लाद दिया वहीं कर्मचारियों ने नगर पंचायत प्रशासन जिंदाबाद के नारे लगाए सभासद रामराज जिंदाबाद के नारे लगाए नगर पंचायत अध्यक्ष पति इफ्तिखार अहमद की ओर से सभी कर्मचारियों को मिष्ठान भी वितरण किया गया सं-विदा सफाई कर्मियों के समर्थन में लगातार खबर कवरेज करने पर पत्रकार मोहम्मद इरशाद रजवी की भी कर्मचारी की ओर से भूरी भूरी प्रशंसा की गई और धन्यवाद दिया

हिंदू मुस्लिम आपसी भाईचारा, समाज सुधार जैसे अहम मुद्दे पर होगे उर्स ए आला हजरत में बयान

समाज जागरण संवाददाता फहीम अहमद सकलैनी

***उर्स-ए-रजवी में उठने वाले मुद्दों का एजेंडा तय। दरगाह प्रमुख व सज्जादानशीन ने जारी किए अहम मुद्दे। विश्व भर के उलेमा व सज्जादगान इस्लाम और शान्तिवाद व मानवतावाद जैसे मुद्दों पर करेगें तकरीरे। समाज सुधार,आपसी सौहार्द,देश में बढ़ती हिन्दू -मुस्लिम दूरी के खात्मे पर रहेगा विशेष फोकस। बरेली** - इस बार इस्लामिया मैदान में आयोजित होने वाले 104 वें उर्स-ए-रजवी में दुनियाभर से आने वाले उलेमा व वक्ताओं को तकरीर करने के लिए विशेष टॉपिक दिए जा रहे हैं। दरगाह प्रमुख हजरत मौलाना सुब्हानी रजा खान (सुब्हानी मियां) व सज्जादानशीन हजरत मुफ्ती अहसन मियाँ ने मदरसा मंजरे इस्लाम के उलेमा,शिक्षकों व तहरीके तहफ़्फ़ुज ए सुन्नियत (टी.टी.एस) के जिम्मेदारों के साथ उर्से रजवी की तैयारियों व रूपरेखा को लेकर मुशावरती बैठक की। मीडिया प्रभारी नासिर कुरैशी ने बताया कि इस बार देश विदेश के सुन्नी, सूफी, खानकाही, बरेलवी मुसलमानों तक उर्से रजवी के स्टेज से खास पैगाम दिया जाएगा। उलेमा की तकरीरों के लिए विषय तय किये गए। इस संबंध में मंजरे इस्लाम के वरिष्ठ शिक्षक मुफ्ती मोहम्मद सलीम बरेलवी ने बताया कि इस समय देश में फैली सामाजिक बुराइयों जैसे नशाखोरी,जुआ,महिलाओं के साथ होने वाली जुल्म व ज्यादती,बढ़ती दुष्कर्म की घटनाएं,सूद का कारोबार,आपसी लड़ाई झगड़े और हत्याए,शिक्षा के क्षेत्र में मुसलमानों का



पिछड़ापन,शादियों में फुजूलखर्ची, निकाह व तलाक,भारतीय कोर्ट-कचहरी में बढ़ते मुकदमों की संख्या के मद्देनजर अपने छोटे-मोटे मसलों को घरों में निपटाने जैसे अहम मुद्दों के अलावा देश-ावासियों के बीच जो लोग नफरत फैलाने का एजेंडा चला रहे हैं उनके विरुद्ध अमन पसंद हिन्दू-मुस्लिम देश प्रेमियों का देश के कोने कोने में गठजोड बनाने के लिए अभियान चलाने की अपील व आह्वान उर्स-ए-रजवी के स्टेज से उलेमा करेंगे। इस के साथ ही सोशल मीडिया पर भडकाउ, आपत्तिजनक, भावनाओ को आहत करने व देश व दुनिया के अमन-चैन और शान्ति को प्रभावित करने वाली गैर कानूनी सामग्री को अपलोड व फारवर्ड करने से बचने और सोशल मीडिया के उपयोग में सावधानी बरतने की भी उलमा अपीले करेंगे। देश-विदेश में मसलके आला हजरत को मजबूत करने,जन-जन तक आला हजरत की विचार धारा को पहुंचाने भी जोर दिया जाएगा। चंद सिरफिरे लोग दूसरों के बहकावे में आकर मारकाट कर दुनिया में इस्लाम को बदनाम कर रहे हैं या इस्लाम विरोधी शक्तियाँ इस्लाम व मुसलमानों के विरुद्ध उन्हे और उनके मजहब को बदनाम करने का अभियान चलाकर छवि खराब कर रही है, इसकी रोक थाम के लिए उर्से रजवी में आने वाले उलेमा और मुफ़्तियाने किराम से यह अपील की जायेगी कि वह अपने-अपने इलाको मे इस्लाम की अमन व शान्ति वाली शिक्षा और उसके शान्तिवाद वाले चहरे को जन-जन के सामने लाने का प्रयास करें। भारत के पड़ोसी देशों खासकर नेपाल देश से अच्छे रिश्ते बनाने और वहां मसलके आला हजरत के फरोग व प्रसार की कोशिश करें। इस मौके पर मौलाना जाहिद रजा, हाजी जावेद खान,शाहिद नूरी,औरंगजेब नूरी,अजमल नूरी,परवेज नूरी,ताहिर अल्वी,मंजूर खान,आसिफ रजा,शान रजा,खलील कादरी,शाद रजा, मुजाहिद बेग,आलेनबी,इशरत नूरी,सुहैल रजा, साकिब रजा,यूनुस गद्दी,साजिद नूरी,तारिक सईद,जहीर अहमद आदि लोग शामिल रहे।

बेसहारा गौ वंश कि रक्षा करने को लेकर छेड़ा अभियान अंकित शुक्ला

संवाददाता समाज जागरण

उन्नाव राष्ट्रीय सैनिक छात्र सेवा परिषद अध्यक्ष अंकित शुक्ला ने पशु आश्रय केंद्रों में उचित व्यवस्था ना होने से बेसहारा मवेशी भूखमरी या फिर कूड़े में भोजन की तलाश कर रहे हैं खाने के साथ पॉलिथीन भी उनके पेट में जा रही है जिसकी वजह से या तो वह बीमार हो रहे हैं या फिर उनकी मौत हो जाती हैं तभी गौ वंश कि रक्षा हेतु आगे आए अंकित शुक्ला ने गौ वंश को लेकर गांव में जहां पर उनके रहने से लेकर खाने-पीने घायल गाय कि दवा की व्यवस्था कर रहे है लेकिन सरकार का सपना धरातल पर खरा नहीं उतर पा रहा है समाजसेवी अंकित शुक्ला ने बताया क्षेत्र में गायों के लिए ग्राम पंचायत में कई एकड़ जमीन है लेकिन उसके बावजूद भी गाय बेसहारा हो चुकी हैं जो गोवंश आश्रम में रखे गए हैं तो वहां पर ना

तो उनके रहने की उचित व्यवस्था है और ना ही खाने की पशु आश्रय केंद्रों की हालत मवेशियों के लिए हर समय चारे का संकट रहता है खाने के चक्कर में पशु आश्रय केंद्रों के मवेशियों को छोड़ दिया जाता है जो किसानों की फसलों को चर जाती हैं जनपद के कई क्षेत्रों के अंतर्गत जैसे पूर्वा मंगत खेड़ा मौरावा विघापुर सोहरामऊ मुंशीगंज सफीपुर व अन्य गांव में बेसहारा मवेशी घूमा करते हैं अंकित शुक्ला ने बताया मवेशियों के झुंड किसानों की फसल भी चर जाते हैं हालांकि क्षेत्रों में पशु आश्रय केंद्र बनाए गए हैं जहां बेसहारा मवेशियों को रखा जाता है लेकिन वहां पर सही ढंग से देखभाल ना होने और चारा ना मिलने की वजह से बाहर छोड़ दिया जाता है किसानों का कहना है कि हजारों रुपए खर्च करके किसी तरह फसल की बुवाई की जाती है रात रात जागकर फसलों की सुरक्षा की जाती है उसके बावजूद मवेशी फसल चर जाते हैं

युवती को बहला फुसलाकर युवक हुआ फरार युवती के पिता ने थाने में दी तहरीर

संवाददाता समाज जागरण

बहेड़ी। दस दिन बीत जाने के बाद भी बहेड़ी पुलिस ने कोई कार्यवाही नही की पीड़ित पिता काट रहा है थाने के चक्कर थाना क्षेत्र के गाँव निवासी एक महिला ने गाँव के ही एक लड़के पर उसकी बेटी को बहलाफुसला कर भगा ले जाने का आरोप लगाया है। युवक का कहना है कि लड़की को वापस मांगने पर उक्त लोगों ने घर में घुसकर मारपीट करते हुए उसकी पत्नी के कपड़े फाड़ दिए। पीड़ित ने मामले की शिकायत पुलिस से करते हुए कार्यवाही किए जाने की मांग की है। मुंडिया नवी बक्श निवासी एक युवक का कहना है कि उसकी पुत्री की अगले माह सितंबर में शादी होना है। युवक का आरोप है कि 18 अगस्त की रात ग्राम का ही एक लड़का उसकी पुत्री को बहलाफुसला कर भगा ले गया। जानकारी लगने पर जब वह कुछ लोगों के साथ उस लड़के के घर पहुंचा और लड़की

वापस मांगी तो लड़का व उसके परिवार वाले आग बबूला हो गए और गालियां देकर उन्हें घर से बाहर निकाल दिया। इसके बाद लड़का व उसके परिवार वाले हाथों में लाठी डंडे और अवैध हथियार लेकर उसके घर में घुस आए। घर में घुसने के बाद उक्त लोगों ने गाली गलोच शुरू कर दी और विरोध करने उसके व घर की महिलाओं के साथ मारपीट की। आरोप है कि हमलावरों ने उसकी पुत्री की शादी के लिए रखा सामान भी क्षतिग्रस्त कर दिया। युवक ने यह भी आरोप लगाया है कि उक्त लोगों में से एक युवक ने उसकी पत्नी के सारे कपड़े फाड़ दिए और दुष्कर्म करने की नियत से उसे कमरे के अंदर ले जाने लगा। शोर शराबा होने पर आसपास के लोग मौके पर इकट्ठा हो गए जिसपर वह लोग भाग गए और भागते हुए उन लोगों ने धमकी दी कि वह लड़की को वापस करने वाले नहीं हैं और कहीं शिकायत की तो पूरे परिवार को जान से मार देंगे। पीड़ित ने मामले की तहरीर पुलिस को देकर पुत्री को बरामद कर आरोपियों के खिलाफ कार्यवाही किए जाने की मांग की है।

जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने थाना समाधान दिवस पर थाना बहजोई में सुनी जन शिकायतें

दैनिक समाज जागरण बहजोई।

उ0प्र0 शासन से प्राप्त निदेर्शों के अनुक्रम में माह अगस्त के चौथे शनिवार को जिलाधिकारी मनीष बंसल व पुलिस अधीक्षक चक्रेश मिश्र ने थाना बहजोई में थाना दिवस पर आये जन सामान्य की समस्याओं को सुनकर उसके निस्तारण के निर्देश सम्बन्धित को दिये। एवं शिकायत के निस्तारण के बारे में दूरभाष पर बात करके शिकायतकर्ता से फीडबैक प्राप्त की। थाना समाधान दिवस पर 7 शिकायतें प्राप्त हुई जिसमें 4 शिकायतों का जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक के द्वारा तत्काल निस्तारण किया गया। एवं शेष शिकायतों का स्थलीय निरीक्षण करते हुए संबंधित अधिकारियों को निस्तारण कराने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने समाधान दिवस में भूमि से संबंधित विवाद, चोरी के मामले, पारिवारिक झगड़े आदि से सम्बन्धित

शिकायती प्रार्थना पत्रों का राजस्व व पुलिस अधिकारियों को संयुक्त रूप से मौका पर मुआयना कर गुणवत्तापूर्ण निराकरण कराने के निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक ने थाना समाधान दिवस पर प्राप्त शिकायती प्रार्थना पत्रों को सम्बन्धित रजिस्टर पर अंकित कर कृत कार्यवाही हेतु सम्बन्धित थानाध्यक्ष्य को निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि पुलिस के अधिकारी/कर्मचारीगण क्षेत्र से आने वाली जनता की समस्याओं का त्वरित समाधान करें। तथा उनसे अच्छा व्यवहार बरतें। इसी प्रकार जनपद के समस्त थानों पर थाना सामाधान दिवस का आयोजन कर लोगों की समस्याओं को सुनकर यथासम्भव निस्तारण किया गया। इस अवसर पर क्षेत्राधिकारी बहजोई, जिला सूचना अधिकारी बृजेश कुमार, थानाध्यक्ष बहजोई, क्षेत्र के लेखपाल एवं कानूनगो सहित शिकायतकर्ता उपस्थित रहे।

वार्ष्णेय इंटर कॉलेज बहजोई में मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना के अंतर्गत प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी

दैनिक समाज जागरण बहजोई।

वार्ष्णेय इंटर कॉलेज बहजोई में मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना के अंतर्गत प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कराने हेतु चलाई जा रही कक्षाओं में जिला पंचायत राज अधिकारी जाहिद हुसैन द्वारा मोटिवेशनल क्लास लेकर छात्र छात्राओं का मार्गदर्शन किया गया। एवं परीक्षा की कैसे तैयारी करें उसके विषय में विस्तार

पूर्वक जानकारी दी। इस अवसर पर जिला समाज कल्याण अधिकारी शैलेंद्र कुमार गौतम, कोर्स को-र्डिनेटर अभय कुमार आदि मौजूद रहे।

पूर्व विधायक सतीश गौतम ने भाजपा का नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह को दी बधाई

रिपोर्ट विकास शर्मा दैनिक समाज जागरण बिजनौर

नगीना भाजपा पूर्व विधायक सतीश गौतम ने भाजपा नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष चौधरी भूपेंद्र सिंह(पंचायती राज मंत्री उत्तर प्रदेश) को दिल्ली पहुंच कर बधाई दी। इस अवसर पर पूर्व विधायक सतीश गौतम ने कहा कि चौधरी भूपेंद्र सिंह के प्रदेश अध्यक्ष बनने से पार्टी संगठन को और मजबूती मिलेगी एवं 2024 में होने वाले लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी भूपेंद्र सिंह के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश की सभी 80 की 80 सीटें जीत कर केंद्र में पुनः प्रचंड बहुमत से सरकार बनाएगी। इस अवसर पर पूर्व विधायक सतीश गौतम अखिल भारतीय जाट महासभा के उपाध्यक्ष सुशील चौधरी एवं भाजपा नेता रोहित रवि उपस्थित रहे।

भूपेंद्र चौधरी के भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बनने पर भाजपा कार्यकर्ता वसीम कुरेशी के कार्यालय पर एक दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी का इजहार किया

नजीबाबाद दैनिक समाज जागरण नसीम उस्मानी

नजीबाबाद में भाजपा कार्यकर्ता वसीम कुरेशी के कार्यालय पर भूपेंद्र चौधरी के भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बनने पर भाजपा कार्यकताओं ने एक दूसरे को मिठाई खिलाकर कर खुशी का इजहार किया । आपको बता दें के भारतीय जनता पार्टी ने वरिष्ठ नेता भूपेंद्र चौधरी को पार्टी का प्रदेश अध्यक्ष बनाया है। जिसको को लेकर भाजपा कार्यकर्ता वसीम कुरैशी के मोहल्ला पालोमल कॉलोनी स्थित कैम्प कार्यालय पर भारतीय जनता पार्टी के कार्यकताओं ने पूरे हर्षोल्लास के साथ एक एक दूसरे को मिठाई खिलाकर कर बधाई दी। इस अवसर पर हाजी यूनुस कुरैशी,, विकास कश्यप,, प्रदीप डेजी, परविंदर सिंह,, तरनजीत सिंह,, राजेश मिश्रा,, दिनेश चौधरी,, मास्टर असलम कुरैशी,, इस्लाम कुरैशी,, इरफान कुरैशी आदि लोग मौजूद रहे।

मण्डावर समाधान दिवस में पहुँचे नायब तहसीलदार

दैनिक समाज जागरण /जसवीर सिंह

मण्डावर थाना में शनिवार को नायब तहसीलदार अनिरुद्ध कुमार द्वारा समाधान दिवस के अवसर पर थाना मंडावर में पहुँच कर जनशिकायतों की सुनवाई की गई। तथा शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध विधिक निस्तारण करने हेतु संबंधित अधिकारियों व कर्मचारियों को निर्देशित किया गया। और क्षेत्र के आये लोगो की शिकायते सुनकर उनका निस्तारण किया समाधान दिवस में थाना अध्यक्ष मण्डावर संजय कुमार सहित मण्डावर थाने में तैनात समस्त थाना स्टाफ मौजूद रहा।इसके अलावा क्षेत्रीय लेखपाल व ग्राम प्रधान आदि लोग मौजूद रहे।

मंदिर के ताले तोड़कर घुसे चोर, दानपात्र से हजारो की चोरी

संवाददाता समाज जागरण

बहेड़ी। कस्बे में चोरों का आतंक नही थम रही कस्बे के पंजाबी कॉलोनी स्थित शिव मंदिर के दानपात्र का ताला तोड़कर शुक्रवार की रात अज्ञात चोरों ने चढ़ावे के हजारो रुपये पार कर दिए। शनिवार की सुबह पुजारी राधेश्याम पूजा करने पहुंचे तो उन्हें चोरी की जानकारी हुई। तो पुलिस को सूचना दी सूचना पर पहुँची पुलिस ने घटनास्थल का जायजा लेकर चोरों की तलाश शुरू कर दी। चोरी की सूचना मिलने पर मंदिर में कई श्रद्धालु जमा हो गए। व्यवसाइयों ने पुलिस की रात्रि गश्त पर सवाल उठाते हुए नाराजगी जताई पुलिस ने घटनास्थल पर छानबीन की लेकिन चोरों का सुराग नहीं लग सका। मंदिर के पुजारी ने थाने में दी तहरीर पुजारी राधेश्याम ने बताया की सुबह वह पूजा करने मंदिर पहुँचे तो मंदिर का ताला टूटा हुआ था मंदिर के अंदर जाकर देखा तो मंदिर में लगे तीन दानपत्रों का भी ताला टूटा हुआ था और दानपात्र में चढ़ावे के करीब 25 हजार रुपए गायब थे। यहां बता दे कि एक दिन पहले गुरुवार की रात भी तहसील स्थित मंदिर से दानपात्र का ताला तोड़कर चढ़ावे के हजारो रुपए अज्ञात चोर चोरी कर ले गए थे।



दुष्कर्म पीड़िता के परिवार से मिला जिला कांग्रेस संभल का डेलिगेशन

दैनिक समाज जागरण चंदौसी/संभल ।

थाना कुढ़ फतेहगढ़ के गांव में 24 अगस्त 2022 को सामूहिक दुष्कर्म पीड़िता मृतका के परिवार से मिला जिला कांग्रेस संभल का डेलिगेशन, मृतका की मां को सांत्वना दी और हर संभव कानूनी मदद करने का भरोसा दिलाया जिस तरह से मृतका की मां ने रोते हुए अपना दुख बयां किया वह खेद का विषय है और भाजपा सरकार के लिए शर्म का विषय है प्रदेश में बढ़ते जघन्य अपराधों पर अंकुश लगाने में योगी बाबा की सरकार फेल हो चुकी है और ऐसे में सरकार व जिला संभल के सरकार के प्रतिनिधियों का संरक्षण व चुप्पी ऐसी जघन्य अपराधों पर बहुत सारे सवाल खड़ा करता है ? जिला कांग्रेस कमेटी संभल के डेलिगेशन में जिला अध्यक्ष विजय शर्मा जिला उपाध्यक्ष दुष्यंत कुमार सिंह जिला महासचिव हिलाल अख्तर असमोली विधानसभा प्रत्याशी हाजी मरगूब आलम जिला प्रवक्ता सुनील शर्मा जिला उपाध्यक्ष सरदार बलवीर सिंह महिला जिला कांग्रेस अध्यक्ष कल्पना सिंह चंदौसी नगर अध्यक्ष मुनेश कुमार जोशी नगर उपाध्यक्ष साहू संजीव कुमार बनिया खेड़ा ब्लॉक अध्यक्ष अक्षय कुमार सिंह मौजूद रहे

गुन्नौर थाना समाधान दिवस में राजस्व विभाग से संबंधित आई 9 शिकायतें पांच कराया निस्तारण

दैनिक समाज जागरण विजेंद्र सिंह गुन्नौर

थाना कोतवाली गुन्नौर परिसर में उप जिला अधिकारी रामकेश सिंह धामा, क्षेत्राधिकारी संतोष कुमार सिंह की अध्यक्षता में शनिवार को किया गया थाना समाधान दिवस का आयोजन। क्षेत्र से थाना समाधान दिवस में राजस्व विभाग से संबंधित 9 शि-काकायतें लेकर पहुंचे फरियादी। अधिकारियों ने टीम भेजकर 5 शिकायतों का कराया निस्तारण अन्य शेष बची शिकायतों का जल्द निस्तारण कराने के संबंधित को दिए निर्देश। क्षेत्राधिकारी संतोष कुमार सिंह ने राजस्व निरीक्षक एवं लेखपालों से नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि आप लोग शिकायतकर्ता की शिकायतों का एक बार में ही निस्तारण कराएं। जिससे एक ही मामले में शिकायतकर्ता बार-बार थाना एवं तहसील के चक्कर ना काटे। वहीं उप जिला अधिकारी ने भी समस्याओं का जड़ से ही निस्तारण करने पर जोर दिया। इस मौके पर थाना कोतवाली गुन्नौर प्रभारी निरीक्षक वीरेंद्र पाल सिंह पूनिया, स्पेक्टर मोहम्मद नसीम खान, सब इंस्पेक्टर राधेश्याम शर्मा, सब इंस्पेक्टर नरेंद्र शर्मा, सब इंस्पेक्टर अमित कुमार, सब इंस्पेक्टर आदित्य यादव,सहित राजस्व विभाग के अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

एक किलो नाजायज गांजा के साथ नरहीं पुलिस ने एक को दबोचा

विवेक राय, दैनिक समाज जागरण

नरहीं (बलिया) : पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी नियंत्रण के लिये चलाये जा रहे अभियान के क्रम में नरहीं पुलिस को एक सफलता हाथ लगी। पुलिस ने एक किलो नाजायज गांजा के साथ एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है।

जानकारी के मुताबिक उ0नि0 उमापति गिरि अपने हमराह के साथ बिलरिया मोड़ पर मौजूद होकर आपस में अपराध एवं अपराधियों के बारे में अंकुश लगाने हेतु वार्ता कर रहे थे। एक व्यक्ति नरही बाजार की तरफ से आ रहा था। पुलिस वालों को एकाएक देखकर सकपका गया तथा पीछे मुड़ कर जाने लगा। शक होने पुलिस ने उसे पकड़ लिया। पकड़ा व्यक्ति मदन राम पुत्र कपिल राम निवासी ग्राम बाबातर (करंजा माफी) थाना नरही

था। अभियुक्त की जामा तलाशी से अभियुक्त के पास से एक झोले में एक किलो नाजायज गाजा बरामद हुआ। पुलिस ने आवश्यक कार्रवाई कर अभियुक्त को न्यायालय के सिपुर्द कर दिया।

गाय को दियारा में छोड़ने गए अध्यापक गंगा में गिरे, मौत

नित्यानंद सिंह,
दैनिक समाज जागरण

बैरिया, बलिया : दोकटी थाना क्षेत्र के दलन छपरा ग्राम पंचायत के दुबे टोला निवासी एक शिक्षक की मौत शनिवार को सुबह लगभग सुबह पांच बजे गंगा की बाढ़ में डूबने से हो गयी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने एनडीआरएफ टीम को बुलाकर शव को बाहर निकलवाया।

दुबे टोला निवासी महातम दुबे (58) पुत्र भोला नाथ दुबे अंग्रेजी विषय के अच्छे टीचर थे, जो बच्चों को ट्यूशन पढ़ाने थे। शनिवार की सुबह अपनी गाय को दियारे में छोड़ कर वापस रामपुर ढाला आये तो गाय भी वापस आ गई। पुनः गाय को पकड़ वे दियारे में पहुंचाने के लिए जाने लगे, तभी बीएसटी बंधे के पास आई गंगा नदी के बाढ़ के पानी में उनका पैर फिसल गया और गहरे पानी में चले जाने से डूब गये। दोकटी थना प्रभारी रोहन राकेश सिंह ने एनडीआरएफ टीम को बुला शव को बाहर निकलवाया और अन्त्य परीक्षण के लिए जिला अस्पताल भेज दिया।

सरकार ले संज्ञान : गोपालपुर में मेडिकल कॉलेज के लिए भूमि है उपलब्ध

श्रीश कुमार पांडेय "संतोष", दैनिक समाज जागरण

चिलकहर (बलिया) : बलिया में मेडिकल कॉलेज के स्थापना के लिए प्रदेश की योगी सरकार लगता है कटिबद्ध है। कम से कम 'बलिया बलिदान दिवस' पर सार्वजनिक मंच से मुख्यमंत्री की बात अगर जमीन उपलब्ध हो गयी होती तो तीन वर्ष पूर्व ही मेडिकल कॉलेज बनना शुरू हो गया होता से तो ऐसा ही लगता है।

डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी स्मारक समिति के अध्यक्ष गोपी नाथ चौबे ने सीएम, स्वास्थ्य मंत्री, जिलाधिकारी को इन्तखाप नजरी नक्शा के साथ पत्र ट्वीट् संप्रेषित कर तहसील रसड़ा के ग्राम गोपालपुर के भूमि संख्या 115 क एवं 73 कुल क्षे0 लगभग 8 हेक्टेयर खाली है जिसका कोई उपयोग नहीं है। इसके अलावा लगभग दस बारह बीघा ग्राम समाज की भूमि तीन सौ मीटर दूर है, इतनी भूमि में मेडिकल कॉलेज बन सकता है तों शासन प्रशासन को भूमि अनुपलब्धता का प्रलाप छोड़ स्थलीय निरीक्षण कर कॉलेज निर्माण पर विचार किया चाहिए। इस संबंध में ग्राम पंचायत गोपालपुर के ग्राम प्रधान श्रीमती सुमन पाण्डेय से बात करने पर ये कहा गया कि अगर सरकार चाहती है मेडिकल कालेज बनाना तो मैं ग्राम पंचायत की जमीन सरकार को उपलब्ध करा सकती हूं । इस मौके पर प्रमुख लोग उपस्थित थे सदानंद चौबे, प्रधान प्रतिनिधि, विन्देश्वरी पाण्डेय "सोनू", राघवेन्द्र कुमार

चौबे, पूर्व प्रधान डॉ व्रज भूषण चौबे, सुधीर कुमार पाण्डेय, धनन्जय चौबे अधिवक्ता, कृष्ण कुमार चतुर्वेदी, उपेन्द्र कुमार चौबे "बाबला, मनोज कुमार चौबे, जय प्रकाश पाण्डेय, सुशील कुमार चौबे, विनय कनौजिया, बबलू राजभर, संजय कुमार गुप्ता, नन्द लाल राम "नंदू, सहित क्षेत्र वासियो ने मुख्यमंत्री उप-मुख्यमंत्री जिलाधिकारी एवं क्षेत्रीय विधायक से कहीं भूमि उपलब्ध न होने की स्थिति में इस भूमि का स्थलीय निरीक्षण करा अगर उचित लगे तो मेडिकल कॉलेज बनाने पर विचार करने का अनुरोध किया है।

सर्पदंश से प्रधानाध्यापक की मौत, रो पड़ा हर दिल

शंकर सिंह, दैनिक समाज जागरण

लक्ष्मणपुर (बलिया) : शिक्षा क्षेत्र सोहांव के प्राथमिक विद्यालय कैथवली पर तैनात प्रधानाध्यापक अशोक यादव की मौत सर्पदंश से हो गयी। इसकी सूचना मिलते ही शिक्षा जगत स्तब्ध रह गया। सहसा किसी को विश्वास ही नहीं हो रहा था कि यह सच है! लेकिन सच को ज्यादा देर तक झुठलाया नहीं जा सका और वाट्सएप ग्रुपों में यह दुःखद सूचना वायरल होने लगी।

नरही थाना क्षेत्र के मूल निवासी अशोक यादव शहर से सटे अगसंडा स्थित आवास पर रहते थे, लेकिन शुक्रवार को गांव ही रुक गये थे। रात में किसी वक्त उन्हें सर्प ने डंस दिया। रात करीब दो बजे उन्हें गला सूखने की शिकायत हुई तो परिजनों को जानकारी दी। परिजन उन्हें लेकर जिला अस्पताल पहुंचे, जहां जांच के बाद चिकित्सकों ने सर्पदंश की बात बताई। फिर, बेहतर इलाज के लिए परिजन उन्हें मऊ ले गये, लेकिन अफसोस निराशा हाथ लगी। इस घटना से घर-परिवार में कोहराम मच गया। सभी का रोते-रोते बुरा हाल है।

अच्छे इंसान और कर्तव्यनिष्ठ शिक्षक थे अशोक

प्राथमिक विद्यालय कैथवली पर तैनात प्रधानाध्यापक अशोक यादव बहुत अच्छे इंसान और कर्तव्यनिष्ठ शिक्षक थे। आजादी के अमृत महोत्सव के तहत जिले के उत्कृष्ट 75 विद्यालयों में प्राथमिक विद्यालय कैथवली भी शामिल था। 17 अगस्त को इसके लिए प्रधानाध्यापक अशोक यादव सम्मानित भी हुए थे।

इन्होंने अर्पित की श्रद्धांजलि

मृदुल स्वभाव के धनी प्रधानाध्यापक अशोक यादव के असामयिक निधन पर विशिष्ट बी.टी.सी. शिक्षक वेलफेयर एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष डॉ. घनश्याम चौबे, पवन राय, धीरज राय, अरुण कुमार सिंह, अवनीश सिंह, नित्यानंद पाण्डेय, डॉ. आशुतोष शुक्ला, जितेन्द्र यादव, शमार्नाथ यादव, जनार्दन दुबे, अरविन्द श्रीराश्मि, कमलेश यादव, अनिल सिंह, संजय वर्मा, सूर्यप्रकाश वर्मा, अमित शर्मा, धनंजय पाठक, राजेन्द्र तिवारी, रविन्द्र तिवारी, दिनेश कुमार, निर्भय सिंह, पवन यादव, राजकुमार यादव, अखिलेश सिंह, अम्बरीश तिवारी, अजय सिंह, राधेश्याम गुप्ता, हरिहर नारायण यादव, योगेंद्र वर्मा, अजीत सिंह, विजय कुमार कनौजिया, मृत्युंजय शर्मा, अभय कुमार, संजय सिंह, विवेक कुमार विशेन, अखिलेश उपाध्याय, राज कुमार गुप्ता, सुरेश वर्मा, सुनील गुप्ता आदि ने गतात्मा की शान्ति एवं शोकसंतप्त परिवार को इस दुःख की घड़ी में संबल प्रदान करने के लिए ईश्वर से प्रार्थना की है।

अंग्रेजी शराब की 639 फ्रुटी पैक के साथ पुलिस ने चार को पकड़ा

शराब की तस्करीः पकड़े.गए चारो अभियुक्त बिहार प्रांत के छपरा के निवासी

नित्यानंद सिंह, दैनिक समाज जागरण

बैरिया (बलिया) : चौकी प्रभारी बैरिया सुनील सिंह व उनकी टीम द्वारा शनिवार को वाहन चेकिंग के द्वारा एक वाहन के डिक्की से 639 पीस अंग्रेजी शराब (8 पीएम) के साथ चार लोगों को गिरफ्तार किया।

इस बाबत एसएचओ धर्मवीर सिंह ने बताया कि मुखवीर की सूचना पर शनिवार की दोपहर चौकी प्रभारी बैरिया अपने हमराहियों के साथ बैरिया तिराहे पर सघनता के साथ मांझी की तरह जाने वाली वाहनों की चेकिंग कर रहे थे। इसी बीच सिल्वर कलर की स्विफ्ट डिजायर आ रही कार को रोक कर तलाशी ली गयी तो कार की पिछली डिक्की में डिजायन कर तैयार की गयी डिक्की से कुल 639 पीस फ्रूटी 8पीएम कुल 115 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद की गयी। शराब के साथ पकड़े गये युवकों से कड़ाई से पूछताछ करने पर बताया कि उक्त शराब को बिहार ले जाकर महंगे दामों पर बेचना हम लोगों का मकसद था। इसी बीच पकड़ लिये गये। पकड़े गये युवकों ने अपना नाम सतेंद्र राय 36 वर्ष पुत्र धनेश्वर

राय, अफरोज आलम 28वर्ष पुत्र अहमद अली, सुरेंद्र राय 27 वर्ष पुत्र स्व0 दरोगा राय व भूषण यादव 48 वर्ष पुत्र रामायण यादव निवासी सराय साहू, दक्षिण टोला थाना दरियापुर छपरा बिहार बताया। पुलिस बरामद शराब को जप्त कर गिरफ्तार युवकों के खिलाफ सम्बंधित धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर न्यायालय के सिपुर्द कर दिया।

समाधान दिवसः नात्रब तहसीलदार अंजू यादव ने सुना फरियादियों को

–रेवती थाना में आए कुल तीन मामले, तीनों राजस्व से संबंधित

ऋतुराज तिवारी "बिन्दु", दैनिक समाज जागरण

रेवती (बलिया) : रेवती थाना प्रांगण में समाधान दिवस के मौके पर शनिवार के दिन नायब तहसीलदार अंजु यादव ने फरियादियों की फरियाद सुनी। इस मौके पर कुल तीन मामले आये।सभी मामले राजस्व से सम्बन्धित थे। इस दौरान उच्चाधिकारियों की मौजूदगी तथा निर्देशन में लेखपाल राजीव गिरि द्वारा एक मामले का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया। दो मामलों के लिए प्रभारी निरीक्षक हरेंद्र सिंह द्वारा राजस्व एवं पुलिस की संयुक्त दो टीमें गठित कर मामलों के निस्तारण के लिए हड़ियांकला तथा जमधरवां के लिए रवाना किया गया।

नायब तहसीलदार ने कहा कि समाधान दिवस का आयोजन ही इस

लिए होता है कि अधिकाधिक मामलों का निस्तारण स्थानीय स्तर पर हो सके। उपस्थित लोगों से कहा कि आप सभी का प्रयास यह होना चाहिए कि छोटे-छोटे मामलों का निस्तारण आपस में बैठकर आपसी सहमति से गांव स्तर ही हो जाय। प्रभारी निरीक्षक हरेंद्र सिंह ने कहा कि किसी भी समस्या का निराकरण आपसी सहमति से होना सर्वश्रेष्ठ होता है। इससे आपसी प्रेम तथा सौहार्द बनाए रहता है। इस मौके पर लेखपाल मनोज यादव, आशुतोष यादव, राजीव गिरि, अविनाश सिंह, संजय वर्मा आदि मौजूद रहे।

विभागीय कार्रवाईः विभागीय कार्यों में लापरवाही पर अवर अभियंता निलंबित

खराब वसूली व रिपोर्टिंग पर अधीक्षण अभियंता आरके जैन ने की कार्रवाई

शशिकांत ओझा, ब्यूरो चीफ, दैनिक समाज जागरण

बलिया : विभागीय कार्य में लापरवाही पर विद्युत उपकेंद्र सुखपुरा के अवर अभियंता रतन लाल चौहान को निलंबित कर दिया गया है। विद्युत बिल की वसूली में लापरवाही व विद्युत विच्छेदन की रिपोर्ट समय से नहीं भेजने के साथ आम जनता व जनप्रतिनिधियों का फोन नहीं उठाने की शिकायत इनकी मिली थी। इसका संज्ञान लेते हुए अधीक्षण अभियंता आरके जैन ने जेई चौहान से स्पष्टीकरण मांगा था। निर्धारित समय में स्पष्टीकरण नहीं देने के बाद उन्होंने निलंबन की कार्रवाई की।

जेई रतन लाल पर आरोप है कि राजस्व वसूली में शिथिलता के कारण 8821 उपभोक्ताओं में से मात्र 2298 उपभोक्ताओं से ही वित्तीय वर्ष 2022-23 में वसूली की गई। इसके अलावा नेवर पैड के 4339 व दस हजार से अधिक के 4166 बकाएदारों से वसूली नहीं की गयी। फीडर के उप खण्ड अधिकारी ने भी पत्र के माध्यम से अवगत कराया था कि जेई श्री चौहान ने अपने क्षेत्र के 20 बकाएदारों का विद्युत बिच्छेदन व ऑनलाइन अपडेट नहीं किया। दस किलोवॉट के ऊपर तथा एक लाख रुपये से अधिक के बकाएदारों के कनेक्शन काटने की रिपोर्ट समय से नहीं भेजा गया। झटपट पोर्टल पर प्राप्त आवेदनों का निस्तारण में समय से नहीं किया जाने पर इनका स्पष्टीकरण मांगा गया, लेकिन जेई चौहान ने निर्धारित समय में स्पष्टीकरण भी नहीं दिया। इसके बाद उच्च अधिकारियों के आदेशों की अवहेलना तथा विभागीय कार्यों के प्रति लापरवाही के आरोप में अधीक्षण अभियंता आरके जैन ने जेई को निलंबित करते हुए विद्युत परीक्षण खंड बलिया कार्यालय में सम्बद्ध कर दिया है।

नाबालिग बच्ची का अपहरण करने वाला वांछित गिरफ्तार

ब्रजेश दुबे, दैनिक समाज जागरण

गड़वार (बलिया) : पुलिस को थाना क्षेत्र के एक गांव से नाबालिग बच्ची के अपहरण के आरोपित को पकड़ने में सफलता मिली है।

प्रभारी निरीक्षक राजकुमार सिंह ने बताया कि एसआई फूलचंद यादव मय हमराह संदिग्ध वाहन व्यक्तियों की तलाशी ले रहे थे तभी मुखबिर सूचना मिली कि उक्त आरोपित अपने घर पर है। सूचना पर विश्वास करके आरोपित वांछित अभियुक्त सोनू यादव पुत्र मार्कण्डेय यादव को उसके पखनपुरा गांव स्थित घर पर दबिश देकर गिरफ्तार कर न्यायालय के सिपुर्द किया गया। उक्त आरोपित पर थाने में 363, 366 व 506 के तहत मुकदमा दर्ज था।

समाधान दिवसः एसडीएम, सीओ ने की शिरकत, कई मामलों का हुआ निस्तारण

कृष्ण कुमार पांडेय, दैनिक समाज जागरण

बांसडीह (बलिया) : थाना समाधान दिवस बांसडीह में शनिवार को एक अलग ही अंदाज में लोगों का विश्वास देखा गया। नवागत उपजिलाधिकारी राजेश कुमार गुप्ता की अध्यक्षता में थाना समाधान दिवस संपन्न हुआ।

उपजिलाधिकारी बांसडीह राजेश कुमार गुप्ता ने बताया कि 5 मामलों में 3 का त्वरित निस्तारण किया गया। और दो मामलों का संबंधित अधिकारियों के जिम्मे दिया गया। एसडीएम ने कहा कि शासनादेश के अनुसार हर संभव कोशिश है कि कोई भी मामला पेंडिंग न रहे। उपजिलाधिकारी ने कहा कि तहसील क्षेत्र में जमीनी ,या कोई विवाद आपसी प्रेम भाव के साथ ही निपटाया जा सकता है। किसी भी विवाद को तूल देना नुकसानदायक होगा। प्रभारी निरीक्षक राजीव मिश्र ने बताया कि थाना

समाधान दिवस पर दोनों शेष मामलों के लिये पुलिस टीम के साथ लेखपाल आदि लोगों को त्वरित कार्यवाही करने के लिये निर्देशित किया है। जिसका जल्द से जल्द समाधान कर दिया जाएगा। थाना समाधान दिवस में सम्मलित होने वालों में लेखपाल श्रीराम प्रसाद, अखिलेन्द्र प्रताप सिंह, बसन्त सिंह, कुबेर यादव, प्रमोद श्रीवास्तव,अविनाश सिंह आदि रहे।

बाढ़ की भयावहता: जलशक्ति मंत्री स्वतंत्रदेव सिंह ने किया बाढ़ क्षेत्र का निरीक्षण

जिलाधिकारी सौम्या अग्रवाल की मंत्री ने की जमकर प्रशंसा

शशिकांत ओझा ब्यूरो चीफ, दैनिक समाज जागरण

बलिया : उत्तर प्रदेश सरकार के जल शक्ति एवं बाढ़ नियंत्रण मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने बलिया में बाढ़ क्षेत्र का दौरा किया। गंगा नदी के जलस्तर में अचानक आई वृद्धि के कारण गंगा का जलस्तर खतरे के निशान से ऊपर बहने के कारण सीमावर्ती इलाकों में बाढ़ का पानी घुसने लगा है। अचानक आई इस बाढ़ की वजह से कई गांव प्रभावित हुए हैं ।

जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने दूबे छपरा, गायघाट सहित बाढ़ प्रभावित इलाको का निरीक्षण किया। साथ ही नाव में बैठकर पानी का जलस्तर भी देखा । उन्होंने बाढ़ पीड़ितों को हरसंभव मदद एवं प्रशासन की तरफ से राहत सामग्री जल्द से जल्द उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। पत्रकारों से वार्ता के दौरान उन्होंने बताया कि राजस्थान और मध्यप्रदेश में बेतवा तथा चंबल नदी का पानी छोड़ देने के कारण बलिया में गंगा का जलस्तर बढ़ गया है । उन्होंने बताया कि प्रशासन की तरफ से बाढ़ पीड़ितों के लिए हर तरह की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। उन्होंने जिलाधिकारी सौम्या अग्रवाल की प्रशंसा करते हुए कहा कि जबसे जिलाधिकारी जनपद में आई

है तब से उन्होंने हर क्षेत्र का दौरा किया है। बाढ़ पीड़ितों के संबंध में उन्होंने बताया कि उनके लिए बाढ़ राहत शिविर स्थापित किए गए हैं। साथ ही बच्चों के अध्ययन में किसी प्रकार की समस्या न आए इसके लिए स्कूल भी चलाए जा रहे हैं। लोगों को भोजन, पानी, बिजली और स्वास्थ्य की सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। मंत्री के साथ जिलाधिकारी सौम्या अग्रवाल, पुलिस अधीक्षक राजकरण नैयर मुख्य चिकित्सा अधिकारी, एसडीएम बैरिया और जिला भाजपा अध्यक्ष जयप्रकाश साहू उपस्थित रहे।

विद्युत करंट से युवक की मौत

नित्यानंद सिंह, दैनिक समाज जागरण

बैरिया (बलिया) : नगर पंचायत का पुरवा मिश्र के मठिया निवासी रजनीश यादव (25) पुत्र गिरधारी यादव की मौत विद्युत करंट से हो गयी।

घटना के सम्बन्ध में मिली जानकरी के अनुसार शुक्रवार की देर शाम अपने घर में लगे बिजली के विद्युत बोर्ड में खराबी को रजनीश अपने से बना रहा था इसी बीच नंगे तार की चपेट में आने से वह बुरी तरह झुलस गया। आनन फानन में घरवाले उसे इलाज के लिए सोनबरसा हॉस्पिटल इलाज के लिये पहुंचाया गया। चिकित्सको ने रजनीश को गंभीर स्थिति में जिला हॉस्पिटल के लिये भेज दिया। दुसरे दिन शनिवार को चिकित्सा के दौरान अचानक स्थिति बिगड़ने से रजनीश ने दम तोड़ दिया।

प्रस्तुत हुए नौ मामले, मौके पर निस्तारण दो का

ब्रजेश दुबे, दैनिक समाज जागरण

गड़वार (बलिया) : स्थानीय थाना प्रांगण में शनिवार को थाना समाधान दिवस का आयोजन थाना प्रभारी राजकुमार सिंह की अध्यक्षता में किया गया। आयोजित समाधान दिवस पर कुल 9 मामलों के निस्तारण के लिए फरियादियों ने प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किए। जिसमें से दो पुलिस सम्बन्धी मामले का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया वहीं शेष 7 राजस्व सम्बंधित मामले के निस्तारण के लिए राजस्व व पुलिस विभाग की टीम मौके पर भेजी गई। इस मौके पर सहायक चकबंदी अधिकारी मनोज पांडेय, बीपी पांडेय, काली शंकर तिवारी सहित क्षेत्रीय लेखपाल उपस्थित रहे।

आयोजित हुआ निशुल्क जांच शिविर

विवेक पांडेय, दैनिक समाज जागरण

दुबहड़ (बलिया) : निरुपुर हल्दी स्थित क्षेत्र के बरिष्ठ चिकित्स्क डा. बीएम पाण्डेय, डा.रवि पाण्डेय एवं एमएम शसी फामार्सीयूटिकल (कुंवर गोपाल

सिंह एवं शशि प्रकाश सिंह) के संयुक्त तत्वाधान में निःशुल्क हीमोग्लोबिन जाँच शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें करीब 150 से अधिक रोगियों का परीक्षण किया गया। इस अवसर पर बरिष्ठ चिकित्स्क डा.रवि पाण्डेय ने खुन की कमी से होने वाली बीमारियों के बारे मे बिस्तार पुर्वक जानकारी दी ,और खुन की कमी न हो इसके लिए संतुलित आहार में बारे मे भी बताया। इस अवसर पर पंकज सहनी, विवेक पाण्डेय, मो. फरमान अली, एवं अमित दुबे सहित सैकड़ों की संख्या मे क्षेत्रीय जानता उपस्थित रही।

कार्यक्रम के अंत मे कुंवर गोपाल सिंह ने सभी जानता जनार्दन का आभार प्रकट किया।

नाली निर्माण में अनियमिता बरतने का आरोप, ईओ को सौंपा ज्ञापन

जुनेद अहमद, दैनिक समाज जागरण

रतसर (बलिया) : स्थानीय नगर पंचायत के मिशन रोड स्थित काली मंदिर के प्रांगण में चल रहे नाली निर्माण कार्य में अनियमितता को लेकर वार्ड वासियों में गहरा रोष व्याप्त है। अनियमितता की शिकायत करने के बाद भी नगर पंचायत प्रशासन इस मामले में कोई रूचि नहीं दिखा रहा है। इसके चलते स्थिति जस की तस बनी हुई है।

कस्बा निवासी सुनील कुमा गोंड, सोनू वर्मा, चन्द्रदेव प्रजापति, सत्यदेव प्रजापति, जितेन्द्र, अनिल कुमार, मीना देवी, रेनू देवी सहित दर्जनों लोगों ने आरोप लगाते हुए बताया कि पूर्व प्रधान के कार्यकाल में जो काली मां के मंदिर के पास खेजुरी रोड में खड़ंजा का ईंट लगाया गया था उसी पुराने ईंट को साफ कर नाली निर्माण कराया जा रहा है। साथ ही आरोप लगाया कि पुराने दोयम दर्जे

का ईट एवं मोरम से घटिया काम कराया जा रहा है। शनिवार को नगर पंचायत कार्यालय पहुंचकर ईओ को संबोधित शिकायती पत्र देकर जांच कराने की मांग की है।

भगवान विश्वकर्मा की पूजा से देश और देश के लोगों का कल्याण होगा

आशु खरवार, दैनिक समाज जागरण

रसड़ा (बलिया) : पूर्व में लिए गए निर्णय के अनुसार 27 अगस्त को श्री लखनेश्वर विश्वकर्मा सेवा समिति रसड़ा द्वारा श्री विश्वकर्मा मंदिर श्रीनाथ मठ रसड़ा पर तृतीय अमावस्या को भगवान विश्वकर्मा की पूजा अर्चना की गई पूजा 7:00 बजे से आरंभ हुई और 9:00 बजे समाप्त हुई। ज्ञातव्य हो कि यह पूजा देश हित में अमावस्या को कराने का निर्णय समिति ने लिया था। पूजन में शामिल लोगों का कहना है कि जब से हम लोगों ने पूजा आरंभ किया है तबसे एक विशेष प्रकार की ऊर्जा का संचार हम लोगों में हुआ है आत्मबल बढा.है आस्था बढ़ी है और विश्वास है की भगवान विश्वकर्मा की पूजा से देश और देश के लोगों का कल्याण होगा। इस पूजन कार्यक्रम में सर्वश्री दीनदयाल विश्वकर्मा, पुजारी हरिद्वार शर्मा, डॉ भुनेश्वर शर्मा, दिनेश शर्मा, हंस देव विश्वकर्मा, राम आसरे विश्वकर्मा, संतोष विश्वकर्मा, सुनील कुमार 'सरदासपुरी' इत्यादि विश्वकर्मा बंधु शामिल रहे। पूजा पुजारी जी ने करवाया पूजा समाप्त होने पर प्रसाद का वितरण किया गया और समिति ने विश्वकर्मा बंधुओं सहित सभी से अनुरोध किया है कि अगले अमावस्या को भगवान विश्वकर्मा की पुजा मे सुबह 7:00 बजे विश्वकर्मा मंदिर पर पहुंच कर समिति द्वारा लिए गए निर्णय को सफल बनाएं ताकि देश का कल्याण हो सके।

जर्जर विद्युत तार की चपेट में आने से मवेशी की मौत

रजनीश श्रीवास्तव, दैनिक समाज जागरण

सिकंदरपुर (बलिया) : तहसील क्षेत्र के पंदह गांव में शुक्रवार की दोपहर बाद विद्युत विभाग की लापरवाही से खेत में लटक रहे एच टी तार के चपेट में आकर मवेशी की मौत हो गई।

लोगों से मिली जानकरी के अनुसार गांव निवासी पोखराज चौधरी के डेरा के समीप मार्कण्डेय राय के खेत के ऊपर से गुजर रहा जर्जर हो चुका हाइटेंशन तार (सिकंदरपुर से संचालित खेजुरी फीडर का मामला) टूट कर लटका पड़ा था। शुक्रवार की दोपहर बाद गांव निवासी महेश चौधरी की गाय उक्त खेत में लटके तार के समीप चर रही थी। ठीक उसी समय तार में विद्युत प्रवाह के आ जाने से एचटी सप्लाई की चपेट में आकर मौके पर ही गाय की मौत हो गई।

जिसे बाद गांव वालों ने हो हल्ला शुरू कर दिया, वही किसी ने विद्युत विभाग को फोन करके सप्लाई को कटवाया। वहीं ग्रामीणों ने शाम को पहुंचे विद्युत विभाग की टीम द्वारा जर्जर तार को जोड़ने का विरोध किया। जिसकी सूचना पाकर पहुंचे जेई सिकंदरपुर तथा एसएसओ सिकंदरपुर ने जबरदस्ती तार को जुड़वाया, तथा सप्लाई को चालू कराया वहीं सप्लाई के चालू होते ही कुछ मिनटों में ही उक्त तार दोबारा टूटकर पहले से

जमीन पर मरी पड़ी गाय के ऊपर गिर गया जिससे गाय का शव बुरी तरह झुलस गया। ग्रामीणों का आरोप है कि विगत 24 घंटे से सप्लाई बाधित है।

अखिलेश यादव बने उप जिलाधिकारी

सिकन्दरपुर (बलिया) : एसडीएम सिकंदरपुर का हुआ तबादला जिला प्रशासन ने सदर तहसील के लिए कर दिया है। सिकंदरपुर के नए एसडीएम अखिलेश कुमार यादव बनाए गए हैं।

जिलाधिकारी बलिया सौम्या अग्रवाल के आदेश के क्रम में उपजिलाधिकारी सिकंदरपुर प्रशांत कुमार नायक को एसडीएम सदर बनाया गया है।

जबकि सदर एसडीएम अखिलेश कुमार यादव को सिकंदरपुर तहसील की कमान सौंपी गई है। जिन्होंने अपना पदभार ग्रहण कर लिया है।

महिला की जमीन पर कब्जा , प्रशासन मौन

समाज जागरण
अभिषेक तिवारी अमेठी

अमेठी जहां उत्तर प्रदेश सरकार एक तरफ महिलाओं के साथ न्याय करने की बात कहती है वहीं अमेठी कोतवाली क्षेत्र के खेरौना निवासी सावित्री देवी पति धनश्याम मौर्य ने अपर जिलाधिकारी को दिए गए शिकायती पत्र में कहा है कि मेरी जमीन बार्डर गांव सरवनपुर गाटा संख्या 827 में स्थित है जिसकी कई बार पैमाईश कराया गया है लेकिन सरवनपुर गांव निवासी देवेश नन्द यादव जबरदस्ती कब्जा कर रहे है महिला के घर पर दो महिला के अलावा कोई नहीं रहता है। बताते चलें कि उक्त महिला ने इसकी शिकायत पूर्व में एसडीएम अमेठी, डीएम , एसपी कर चुकी है। लेकिन महिला को आज तक न्याय नहीं मिल रहा है जबकि उक्त महिला ने गाटा सांख्या692,693,695,696 का मुकदमा दीवानी न्यायालय में विचाराधीन हैं जिस पर जबरदस्ती विपक्षीगण गाटा संख्या690,695 पर निर्माण करा रहे है उक्त महिला ने एसडीएम को दिए गए शिकायती पत्र में न्याय की मांग की है।

मुसाफिरखाना में दीवार गिरने से मलबे में दबा अधेड़ : गंभीर हालात में जिला अस्पताल के लिए रेफर , बारिश के चलाते जर्जर हो चुकी थी दीवार

समाज जागरण
अभिषेक तिवारी अमेठी

मुसाफिरखाना थाना क्षेत्र में बीते कई दिनों से रुक रुक कर बारिश हो रही है । शुक्रवार को एक मकान की पक्की दीवार गिरने से अधेड़ उसकी चपेट में आकर घायल हो गया । परिजनों ने सीएचसी में भर्ती कराया। जहां से जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया ।

मामला मुसाफिर रवाना थाना क्षेत्र के गांव रसूलाबाद का है।

रामचन्द्र चौरसिया (49) शुक्रवार दोपहर को अपने घर में ही मौजूद थे। तभी अचानक बारिश के चलते मकान की दीवार गिर गई वह मलबे में दब गए । मलबे में दबने से वह घायल हो गए ।

जिला अस्पताल रेफर किया गया व्यक्ति

चीख पुकार सुनकर परिजन पहुंचे घायल को लेकर सीएचसी गए । वहां पर उनका प्राथमिक उपचार हुआ। इसके बाद चिकित्सकों ने उन्हें जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। परिजनों ने बताया कि दीवार की दिनों से जर्जर थीं । इस वजह से दीवार गिर गई । इस सम्बंध में तहसीलदार संगीता पाण्डेय ने बताया कि व्यक्ति के घायल होने की जानकारी मिली है। जांच के बाद कार्रवाई की जाएगी। परिजनों की मदद करने का प्रयास किया जाएगा।

चोरी की 05 पाउच अंग्रेजी शराब व 800 ग्राम गांजा के साथ 01 अभियुक्त गिरफ्तार ।

समाज जागरण अभिषेक तिवारी अमेठी जनपद अमेठी में अपराध एवं अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में प्रभारी निरीक्षक थाना अमेठी उमाकान्त शुक्ला मय हमराह द्वारा तलाश वांछित व देखभाल क्षेत्र चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान मुखबिर की सूचना पर मु0अ0सं0 274/22 धारा 457,380 भादवि में वांछित अभियुक्त शिवपूजन चौरसिया पुत्र कामता प्रसाद चौरसिया नि0 गंगागंज थाना व जनपद अमेठी को वृन्दावन होटल के पास से समय करीब 12:40 बजे दिन में गिरफ्तार किया गया । अभियुक्त के कब्जे से 05 पाउच अंग्रेजी शराब 8पीएम ब्राण्ड व 800 ग्राम गांजा बरामद हुआ । पूछताछ में गिरफ्तार अभियुक्त ने बताया कि मैं अपने साथी जय मिश्रा के साथ मिलकर दिनांक 15.08.2022 की रात में कस्बा अमेठी में धम्मौर रोड पर स्थित अंग्रेजी शराब के दुकान से 15 हजार रुपये नगद व कुछ शराब की बोतलें चोरी किये थें बरामद शराब उसी चोरी का है तथा यह भी बताया कि मैं अपने साथी मोनू यादव पुत्र कालिका प्रसाद यादव नि0 छोटा रामनाथपुर थाना व जनपद अमेठी के साथ मिलकर दिनांक 11.08.2022 को हथकिला से भेटुआ जाने वाले रास्ते पर एक घर से 01 स्कूटी, 04 बैटरा डायनमो व कुछ अन्य सामान चोरी किया था । बैटरा व सामान मोनू अपने साथ लेकर चला गया था तथा स्कूटी में लेकर जा रहा था जो रास्ते में अचानक बन्द हो जाने के कारण वहीं छोड़कर चला गया था । थाना अमेठी द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है ।

दबंगों की दबंगई:बुलडोजर से दबंगों ने ढहाया गरीब का घर, वीडियो वायरल

समाज जागरण विश्व नाथ त्रिपाठी प्रतापगढ़।उत्तर प्रदेश के बड़के जिले प्रतापगढ़ में दबंगई चरम पर है।दबंगों में पुलिस का खौफ नही है।दबंगों ने एक गरीब का घर ढहा दिया।आपने प्रशासन का बुलडोजर गरजते हुए देखा होगा,लेकिन जिले के लीलापुर थाना क्षेत्र के गहरी गांव में सरेआम दबंगों ने बुलडोजर से गरीब भगवती वर्मा का पुस्तैनी मकान ढहा दिया।इसका वीडियो सोशल मीडिया पर तेज से वायरल हो रहा है. बताया जा रहा है कि गरीब के मकान पर बुलडोजर चलने का यह मामला तीन दिन पुराना है. दबंगों का खौफ इतना था कि किसी की भी पास से जाकर वीडियो बनाने की हिम्मत नहीं हुई. किसी ने दूर से ही वीडियो बनाकर उसे वायरल कर दिया. सरेबाजार दबंगों की दंबगई चलती रही, लेकिन पीड़ित की सूचना पर पुलिस दो घंटे तक मौके पर नहीं पहुचीं. इतना ही नहीं, आसपास मौजूद भीड़ भी तमानशबीन बनी रही. हालांकि, गरीब के मकान पर बुलडोजर चलने के मामले में पुलिस ने एक्शन लिया है और इस मामले में शिवम तिवारी, शिवमूर्ति तिवारी, नन्हे गिरी समेत 6 दबंगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है और अब आरोपियो की तलाशी हो रही है. फिलहाल, एक भी आरोपी पुलिस की गिरफ्त में नहीं आ पाया है. पूरा मामला जमीनी विवाद का बताया जा रहा है.

दरअसल, पीड़ित भगवती वर्मा 30 सालों से पुस्तैनी मकान में रह रहे हैं. दबंगों ने नियम-कानून ताक पर रख घर पर बुलडोजर चलवा दिया. इस घटना के बाद से दबंग आरोपी फरार हैं. फिलहाल, लीलापुर पुलिस ने घटना के बाद जेसीबी को कब्जे में ले लिया. हालांकि, जेसीबी को अगले दिन छोड़ दिया गया. एसपी सतपाल अंतिल ने बताया कि जमीनी विवाद में एक पक्ष के लोगों ने जेसीबी से घर गिरा दिया. मुकदमा दर्ज किया गया है, जल्द ही आरोपियों की गिरफ्तारी होगी.

सब्जी बेचने गए युवक को जमीन निगल गया या फिर आसमान!!

समाज जागरण विश्वनाथ त्रिपाठी प्रतापगढ़

जेठवारा थाना के खटवारा गांव का संदिग्ध परिस्थितियों 2016 में गायब युवक का पुलिस नही लगा पा रही सुराग। इलाके के दबंगो ने दिया था हत्या कर शव ठिकाने लगाने की धमकी गायब बेटे की तलाश में दर दर की ठोकरे खा रही है मां संदिग्ध दशा में बेटे के गायब होने के बाद मां ने लगाया है गांव के दो लोगो पर हत्या कर शव गायब करने का आरोप दबंगो के धमकी के बाद 20 मई 2016 से संदिग्ध परिस्थितियों में गायब है माताफेर पटेल का बेटा शिवकुमार पटेल

पुलिस ने हुसैन और डब्लू के खिलाफ धारा 364 के तहद एफआईआर दर्ज करने के महज एक वर्ष में ही लगा दिया फाइनल रिपोर्ट शिकायत के बाद कोर्ट ने 3 जून 2022 को दिया पुनरविवेचना का आदेश, पुलिस ने ठंडे बस्ते में डाला।

दिनांक 28 अगस्त 2022 को जन्म तिथि पर विशेष

संस्मरणः फक्कड़ और अलमस्त साहित्यकार फिराक गोरखपुरी

डा० भगवान प्रसाद उपाध्याय

(विश्वनाथ त्रिपाठी
प्रतापगढ़)

ज्ञानपीठ पुरस्कार प्राप्त सुप्रसिद्ध शायर रघुपति सहाय फिराक गोरखपुरी जी अपने युग के अलमस्त और फक्कड़ साहित्यकार थे उनसे जो भी मिलता वह उनका लोहा मानता

जनवरी 1981 में अपनी त्रैमासिक पत्रिका साहित्यांजलि का प्रवेशांक लेकर जब मैं अपने मित्र अजीत कुमार साहिल के साथ विख्यात पत्रकार श्री श्याम कुमार जी के पास भेंट करने गया तो उन्होंने हम दोनों का बहुत उत्साह वर्धन किया और साहित्य की बारीकियों पर बहुत देर तक चर्चा की । यद्यपि उनसे 3 साल पहले हम दोनों लोग 1978 में मिले थे और उनसे एक लंबी भेंटवार्ता ली गई थी जो गढ़वाल से प्रकाशित हिंदी साप्ताहिक युवा स्वप्न में प्रकाशित हुई थी । उस दिन श्री श्याम कुमार जी ने बताया कि लेखन और संपादन में कितने आरोह अवरोह होते हैं बहुत संघर्ष करना पड़ता है तब कोई पत्रिका जीवंत बन पाती है उनके सामने शीशे की मेज पर रखी धर्मयुग और साप्ताहिक हिंदुस्तान पत्रिका के बारे में भी उन्होंने अनेक महत्वपूर्ण बातें बताया कुछ देर बाद बहुत स्नेह से कहा उपाध्याय तुम कल फिर आ जाना एक जगह चलना है मेरे साथ रहोगे तो अच्छा लगेगा । उनके पास पत्रिका का अंक देने के पश्चात हम दोनों लोग वहां से पुराना बैरहना आ गए और अजीत कुमार साहिल के घर पर अगले अंक की तैयारी के संबंध में बहुत देर तक योजना बनती रही । दूसरे दिन मैं फिर विवेकानंद मार्ग स्थित परी भवन पहुंच गया रंग भारती उन दिनों बहुत ही चर्चित और ख्याति लब्ध संस्था थी उसकी गतिविधियां पूरे प्रदेश में चर्चा का विषय बनती थीं । मुझे देखते ही श्री श्याम कुमार जी ने कहा कि -

" बैठो अखबार पढ़ो ! मैं तैयार होकर आता हूं "

और कुछ ही मिनट के उपरांत वह स्वयं मेरे सामने चाय और बिस्कुट रखकर फिर अंदर चले गए मैंने धीरे-धीरे चाय पी और कुछ अखबार पलटता रहा मैं सोच रहा था कि शायद आज बहादुर कहीं व्यस्त होगा (बहादुर श्री श्याम कुमार जी का बहुत ही विश्वसनीय और अनन्य सहयोगी था और उनके यहां ही रहता था) इसीलिए भाई साहब ने स्वयं चाय बनाई होगी और मेरे चाय समाप्त करते करते श्री श्याम कुमार जी आ गए और बोले -

चलो आज तुम्हें एक महान शायर से मिलवाता हूं

तुम कभी फिराक साहब से मिले हो ?

मैंने इंकार की मुद्रा में सिर हिलाया तो वे हंस पड़े और बोले -

" तुम तो यहां बहुत साहित्यकारों से मिलते रहते हो भेंट वार्ताएं लेते हो , आश्चर्य है फिराक साहब से नहीं मिले !

चलो उनका स्वास्थ्य कुछ ठीक नहीं है इसलिए मैं उन्हें देखने जा रहा हूं तुम साथ रहोगे तो जन संसद के बारे में रास्ते में तुमसे कुछ चर्चा हो जाएगी । "

मेरी खुशी का ठिकाना न था मैं अभिभूत हो गया। उनके साथ नीचे उतरा और उनकी स्कूटर पर बैठ कर दोनों लोग विश्वविद्यालय की ओर चल पड़े । रास्ते में उन्होंने अपने साप्ताहिक समाचार पत्र जन संसद के बारे में कई योजनाएं बताईं और कहा कि -

" तुम इसके लिए काम करो तुम्हारी लेखनी पर मुझे भरोसा है , जहां कोई समस्या होगी मैं तो हूं ही । "

मैंने भी बहुत उत्साह के साथ हामी भर दी कुछ देर के बाद हम लोग लक्ष्मी टॉकीज चौराहे से आगे बढ़े और उन्होंने बताया कि यहां बहुत से अच्छे साहित्यकार रहते हैं विश्वविद्यालय विद्वानों और ख्याति लब्ध लेखकों का बहुत बड़ा केंद्र है । फिराक साहब के दरवाजे पर पहुंचकर स्कूटर खड़ी की और उन्होंने कॉल बेल बजाई अंदर से रोबीली आवाज गूंजी -

कौन है

इसी के साथ एक लड़का निकला और उसने दरवाजा खोला

श्याम कुमार जी ने कहा - फिराक साहब से कहिए श्याम कुमार आए हैं

अंदर से आवाज आई -

"अरे तो तुम्हें पूछने की क्या जरूरत है ? भाई श्याम कुमार तुम निसंकोच अंदर आ सकते हो "

मैं भी पीछे पीछे घुसा तो फिराक साहब बरामदे में खड़े थे उन्होंने पूछा-

" यह छात्र कौन है "

श्याम कुमार जी ने मेरा नाम और संक्षिप्त परिचय बताया और कहा कि यह मेरे साथ जन संसद में सहयोगी हैं । फिराक साहब एकदम धवल सफेद धुली हुई लुंगी और ढीली ढाली बनियान पहने आराम कुर्सी पर बैठ गए । बगल में हम लोग भी बैठे , श्याम कुमार जी ने उनके स्वास्थ्य के बारे में पूछा और बताया कि -

" कल ही समाचार मिला कि आपका स्वास्थ्य ठीक नहीं है इसलिए आपको देखने चला आया "

फिराक साहब हंसे और बोले -

" अच्छा किया ! आजकल तुम काका हाथरसी के आयोजन में व्यस्त हो इसलिए समय ही कहां है "

हां तो इनका क्या नाम बताया था ?

फिर वह मेरी ओर मुखातिब हुए

श्याम कुमार जी ने दोबारा परिचय दिया और उनके कुशल क्षेम के पश्चात साहित्य की चर्चा छिड़ गई

दोनों लोग आपस में बहुत देर तक वार्ता करते रहे मैं श्रोता के रूप में बैठा रहा जिस बालक ने हम लोगों के आने पर दरवाजा खोला था वह इसी बीच तीन गिलास पानी और बिस्कुट इत्यादि रख गया था फिराक साहब ने कहा

" लो विश्वबंधु नाश्ता करो !" श्याम कुमार जी ने फिर टोका -

यह विश्वबंधु नहीं भगवान उपाध्याय हैं

फिराक साहब बोले -

अरे ठीक है भाई दोनों एक ही हैं अभी अभी विश्वबंधु दिल्ली से आए थे बहुत देर तक यहां थे उन्हीं का नाम बार-बार याद आ जाता है " श्याम कुमार जी ने उन्हें आयोजन में आने का निमंत्रण पत्र भी दिया वह बोले

" देखो श्याम कुमार ! भई स्वास्थ्य ठीक होने पर ही मैं कुछ कह सकता हूं कार्यक्रम से 1 दिन पहले मुझे फोन कर लेना आना होगा तो बता दूंगा "

फिर शेरो शायरी पर चर्चा छिड़ गई और फिराक साहब ने कहा कि -

" श्याम तुम सांस्कृतिक आयोजन बहुत करते हो अनेक कलाकारों को सम्मानित भी करते रहते हो मैं तुम्हारे आयोजनों की बड़ी तारीफ सुनता हूं बहुत अच्छा लगता है "

श्री श्याम कुमार जी ने मुस्कुरा कर कहा -

" यह सब आप मनीषियों के आशीर्वाद का प्रतिफल है कि मैं कुछ कर पाता हूं और लोगों का सहयोग भी मिल जाता है "

सहसा फिर फिराक साहब बोल पड़े -

" विश्वबंधु तुम क्या क्या लिखते हो "

मुझे तीसरी बार इस नाम से बुलाने पर मैं कुछो झेंप गया और फिर मैंने बताया

" मैं अभी नया नया लिखना सीख रहा हूं कुछ गीत लघु कथाएं कविताएं और कहानियां "

साहित्यकारों से मिलने का बहुत शौक है आज आपके दर्शन करके धन्य हूं " ।

फिराक साहब बीच में ही रोककर बोले -

अरे मैं कोई देवता थोड़ी हूं

फिर ठठाकर हंस पड़े

हम दोनों लोग भी उनकी हंसी में शामिल हो गए

बहुत देर तक उनके साथ बिताने का अवसर मिला । बीच-बीच में आराम कुर्सी से कभी वे दोनों पैर फैला देते कभी झूलने की मुद्रा में तो कभी सावधान की मुद्रा में बैठते

शेरो शायरी के बारे में मुझे कोई विशेष जानकारी उन दिनों नहीं थी इसलिए मैं उन दोनों की बातें मौन होकर सुनता रहा बीच - बीच में हां हूं अवश्य कर देता

श्याम कुमार जी उनसे विदा लेकर जब चलने लगे तो उन्होंने हंसते हुए फिर कहा -

" ठीक है ठीक है विश्वबंधु को भी अगली बार जरूर लेकर आना "

फिर हम सब लोग जोर से हंस पड़े

बाहर आकर श्री श्याम कुमार जी ने मुझसे कहा -

" जानते हो पूरे देश का इकलौता महान शायर है जिसे अंग्रेजी भाषा पर भी पूर्ण अधिकार है और हिंदी साहित्य पर भी

यह भले ही सायर के रूप में प्रसिद्धि पा चुके हैं किंतु इन्होंने गद्य साहित्य में भी बहुत अच्छा लिखा है और इन्हें जो पुरस्कार मिले हैं बहुत पहले मिलने चाहिए थे ऐसा महान व्यक्तित्व हमारे शहर में है यह हम लोगों के लिए बहुत गर्व की बात है "

मैं भाई श्याम कुमार जी की बातों से बहुत ही आत्ममुग्ध हो चुका था और बातें करते करते हम लोग कब रंग भारती कार्यालय पहुंच गए समय का पता ही ना चला । मैं कभी-कभी भाई श्याम कुमार जी के यहां रात्रि विश्राम भी कर लेता था इसलिए उन्होंने पूछा -

आज रुकोगे या घर जाओगे

मैंने कहा - भैया मैं घर जाऊंगा , इतनी महान विभूति से आपने साक्षात्कार कराया मैं आपका बहुत आभारी हूं

मैंने इन्हें पढ़ा तो बहुत था किंतु देखने की इच्छा आज पूरी हुई वह भी आपके सानिध्य में

श्याम कुमार जी बोले - " देखो तुम्हारी यह भावना ही तुम्हें सबको अपना बना लेती है । मुझे विश्वास है तुम आगे चलकर कुछ अच्छा कर पाओगे सुना है तुमने पुस्तकालय बहुत अच्छा खोला है ! कभी दिखाओ, मैं तुम्हारे गांव चलना चाहता हूं "

मैंने कहा - भैया मेरा सौभाग्य होगा आप आइए मेरे गांव मुझे भी बहुत अच्छा लगेगा

निवास
गंधियांव करछना
प्रयागराज
उत्तर प्रदेश
पिन -- 212301
मो ० 8299280381

जनपद के वित्त पोषित बकायेदार उद्यमी दिनांक 31 दिसंबर 2022 तक प्राप्त कर सकते हैं एक मुश्त समाधान योजना का लाभ।

जिला ग्रामोद्योग अधिकारी गौतम बुद्ध नगर अम्बुज कुमार ने जनपद के वित्त पोषित बकायेदार उद्यमियों का आह्वान करते हुए जानकारी दी है कि जनपद में उत्तर प्रदेश खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड द्वारा सी0बी0सी0 योजना के अंतर्गत वित्त पोषित बकायेदार उद्यमियों को ओ0टी0एस0(एक मुश्त समाधान योजना) का लाभ दिनांक 31 दिसंबर 2022 तक दिया जा रहा है, जिसमें वितरित ऋण का ब्याज व धन ब्याज माफी का लाभ एकमुश्त समाधान योजना के अंतर्गत दिया जायेगा। उक्त दिनांक के उपरांत एकमुश्त समाधान योजना का लाभ अनुमन्य नहीं होगा। उन्होंने यह भी बताया योजना का लाभ लेने के लिए केवल मूलधन ही दिनांक 31 दिसंबर 2022 तक जमा करने के उपरांत अदेयता(नोड्यूज) प्रमाण पत्र प्राप्त कर सकते हैं। उक्त तिथि के उपरांत ओ0टी0एस0 योजना का लाभ नहीं दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि योजना के संबंध में विस्तृत जानकारी के लिए किसी भी कार्य दिवस में मोबाइल नंबर 7985373173 पर संपर्क कर सकते हैं। राकेश चौहान जिला सूचना अधिकारी गौतम बुद्ध नगर।

निराश्रित महिला पेंशन योजना प्राप्त कर रही महिलाओं के लिए आवश्यक सूचना।

ऑनलाइन पी.एफ.एम.एस. पर आधार नंबर लिंक करना अनिवार्य।

जिला प्रोबेशन अधिकारी गौतम बुद्ध नगर अतुल कुमार सोनी ने जानकारी देते हुए बताया कि निराश्रित महिला पेंशन प्राप्त कर रही महिलाओं की पेंशन धनराशि ऑनलाइन पी0 एफ0 एम0 एस0 के माध्यम से उनके बैंक खातों में सीधे प्रेषित की जाती है। उन्होंने बताया कि अब ऑनलाइन पी.एफ.एम.एस. पर आधार नंबर लिंक करना अनिवार्य कर दिया गया है। अतः निराश्रित महिला पेंशन प्राप्त कर रही महिलाएं अपना आधार नंबर व मोबाइल नंबर अपने निकटतम जन सेवा केंद्र, साइबर कैफे में जाकर पी.एफ.एम.एस. पर अपना आधार नंबर अवश्य लिंक करा लें। उन्होंने बताया यदि किसी को भी कोई असुविधा होती है तो वह बैंक की पासबुक, आधार कार्ड की कॉपी व मोबाइल नंबर के साथ जिला प्रोबेशन कार्यालय प्रथम तल पुराना कोर्ट फेस टू नोएडा में संपर्क करते हुए पी.एफ.एम.एस. पर अपना आधार नंबर लिंक करा सकती हैं। राकेश चौहान जिला सूचना अधिकारी गौतम बुद्ध नगर।

नगर पंचायत हीरागंज के गठन को लेकर लगातार उठ रहा है विवाद।

समाज जागरण विश्व नाथ त्रिपाठी प्रतापगढ़ पहले गठन को लेकर उठा विवाद और उसके बाद अब वार्डो के परिसीमन और नामकरण को लेकर होने लगा है विवाद। हीरागंज को नगर पंचायत घोषित करते ही उसके गठन को लेकर उठा था विवाद। ग्रामीणों ने एसडीएम न्यायालय में लगाई थी आपत्ति कि हीरागंज को न घोषित किया जाय नगर पंचायत। एसडीएम न्यायालय द्वारा आपत्ति खारिज करने के बाद ग्रामीण पहुँचे हैं हाईकोर्ट। अब वार्डो के परिसीमन और उनके नामकरण को लेकर उठ गया है विवाद। ग्रामीणों का है कहना कि वार्डो में परिसीमन और नामकरण में लेखपालों और प्रभारी ईओ ने किया है जमकर मनमानी। नजदीक के गांवों को दूर के गांवों से जोड़कर बना दिया गया है वार्ड और एक ही व्यक्ति के इशारे पर कर दिया गया है वार्डो का नामकरण। शनिवार को महेशगंज थाने में आयोजित समाधान में पहुँचे एसडीएम कुंडा सतीश चंद्र त्रिपाठी को ग्रामीणों ने सौंपा मामलें को लेकर ज्ञापन। बोले एसडीएम कि पूर्व में मिले शिकायतों/ज्ञापनों को निकाय अधिकारी एडीएम को दिया गया है भेज।

रामलीला मैदान मे अवैध कब्जे पर चला सेना का ऑपरेशन क्लीन

समाज जागरण विश्व नाथ त्रिपाठी प्रतापगढ़ नगर क्षेत्र के रामलीला मैदान में आज सुबह से ही सेना ने अपना ऑपरेशन क्लीन चलाया और वहा किये हुए अवैध कब्जों को हटवाया।गौरतलब है कि प्रतापगढ़ रामलीला मैदान की जमीन सेना के अधिकार छेत्र में आती है।प्रयागराज कानोमेन्ट के अधिकारी आज सुबह 11 बजे के करीब मैदान में पहुचे और वहा किये गए अवैध कब्जे को हटाने लगे जिससे वहा काफी भीड़ इकट्ठा हो गई।जो लोग अपनी गुमटी दुकानों को वहां से नही ले गए तो सेना के लोगो ने उनको आग के हवाले कर दिया।इससे पहले भी एक वर्ष पहले सेना ने यहाँ से अवैध कब्जे को हटवाया था औड़ लोगो को कड़े निर्देश के साथ लोगो को अवैध कब्जा न करने को कहा था। लेकिन समय बिताने के साथ फिर से लोगो ने कब्जा कर लिए।

धार्मिक संस्थाओं से चिकित्सा क्षेत्र में क्यों नही लेते सहयोग

अशोक मधुप

फरीदाबाद के सेक्टर-88 में 133 एकड़ क्षेत्र में बनने वाले अमृता अस्पताल का प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उद्घाटन किया। इस अवसर पर हरियाणा के के राज्यपाल बंडारु दत्तात्रेय ,मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल सहित कई गणमान्य मौजूद रहे। यह एशिया का सबसे बड़ा और अत्याधुनिक सुविधाओं वाला अस्पताल होगा। ये अमृतामठ की संस्थापिका मां माता अमृतानंदमयी (अम्मा) के कुछ भक्तों के प्रयास की देन है। उन्होंने मां के फरीदाबाद के एक कार्यक्रम में यहां अस्पताल बनाने का अनुरोध किया था। इस तरह के अपने प्रदेश में अस्पताल बनाने के प्रयास यदि मुख्यमंत्री स्तर से और राष्ट्रीय स्तर पर प्रधानमंत्री स्तर से किए जाएं तो देश के मठ , धार्मिक पीठ ,धर्मगुरू और धमार्चार्यों के सहयोग से चिकित्सा के क्षेत्र में बड़ा काम हो सकेगा। सरकारी धन के बिना आम आदमी को उच्चस्तरीय उपचार उपलब्ध कराया जा सकता है। सरकारी धन का उपयोग हम देश के अन्य प्राथमिकता वाले क्षेत्रों पर कर सकेंगे।

इस फरीदाबाद के अमृता अस्पताल को चलाने वाले अमृता मठ की संस्थापिका मां माता अमृतानंदमयी (अम्मा) द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार पूर्ण रूप से तैयार होने के बाद इस अस्पताल में 2600 बेड होंगे। इनमें 534 क्रिटिकल केयर बेड शामिल हैं। अस्पताल में 64 मॉड्यूलर ऑपरेशन थिएटर होंगे। अस्पताल में एक पूरी मंजिल मां और बच्चों की देखभाल के लिए समर्पित होगी। अस्पताल को पूरी तरह तैयार करने में छह हजार करोड़ का रूपया खर्च आएगा। अमृता हॉस्पिटल का लक्ष्य पूरे उत्तर और उत्तर पूर्व भारत में रोगियों को सबसे सस्ती या मुफ्त सेवाएं प्रदान करना है। अस्पताल के एक बार पूरी तरह से शुरू हो जाने के बाद 10 हजार कर्मचारी और 800 से ज्यादा डॉक्टरों को रोजगार देगा।अस्पताल में 2500 पैरा मेडिकल स्टाफ भी काम करेगा। (अम्मा) ने बताया कि अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस यह अस्पताल अमृता मठ के सहयोग से बना है। सरकार से कोई मदद नहीं ली गई है, जो मरीज इलाज की कीमत देने में सक्षम नहीं होंगे, उन्हें मुफ्त या कम शुल्क में उपचार उपलब्ध कराया जाएगा।अमृता अस्पताल के चिकित्सा निदेशक डॉ. संजीव के सिंह ने पत्रकारवार्ता में दावा किया कि यह एक अस्पताल विश्वस्तरीय संस्थान होगा। उन्होंने कहा कि अस्पताल अत्याधुनिक चिकित्सा अनुसंधान का भी एक मजबूत क्षेत्र होगा। इसमें सात मंजिल की इमारत में फैले एक समर्पित अनुसंधान ब्लॉक के साथ कुल तीन लाख वर्गफुट में विशेष ग्रेड ए से डी जीएमपी प्रयोगशाला के साथ नए डायग्नोस्टिक मार्कर, एआई, एमएल की पहचान करने और जैव सूचना विज्ञान आदि पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा।उन्होंने कहा मेडिकल छात्रों और डॉक्टरों के प्रशिक्षण के लिए अस्पताल में एक चार मंजिला अत्याधुनिक रोबोटिक्स, हैप्टिक, सर्जिकल-मे-डिकल सिमुलेशन सेंटर होगा। अस्पताल परिसर में एक हेलिपैड और 498 कमरों वाला गेस्ट हाउस भी है। गैस्ट हाउस में मरीजों के साथ आने वाले उनके अटेंडेंट रह सकेंगे।

ज्ञातव्य है कि माता अमृतानंदमयी देवी द्वारा 1998 में कोचीन में स्थापित, अमृता हॉस्पिटल्स ने पहले ही स्वास्थ्य देखभाल के क्षेत्र में असाधारण योगदान दिया है। यह दक्षिण एशिया के प्रमुख अस्पतालों में से एक है। यह 12 सुपर स्पेशियलिटी विभाग और 45 अन्य विभागों के साथ उच्चतम गुणवत्ता वाली चिकित्सा देखभाल प्रदान करता है। अमृता अस्पताल अपनी धर्मार्थ चिकित्सा देखभाल के लिए भी जाना जाता है। इसने अब तक 43.3 लाख से अधिक रोगियों का मुफ्त इलाज किया है, इस पर अब तक 600 करोड़ से अधिक खर्च किए हैं। वर्ष 2016 में, अमृता हॉस्पिटल्स को फिक्की द्वारा रोगी सुरक्षा और चिकित्सा नवाचार के लिए ह्रस्वास्थ्य देखभाल उत्कृष्टता पुरस्कारह्व मिला।कोचीन परिसर के अलावा, अमृता अस्पताल एक कई धर्मार्थ अस्पताल भी चलाता है। इनमें से तीन केरल , एक मैसूर और एक अंडमान द्वीप समूह में चल रहा हैं।

फरीदाबाद के इस बने अस्पताल की नींव 2008 में पड़ी । नौ मार्च, 2008 को सेक्टर-12 के हुड्डा ग्राउंड में माता अमृतानंदमयी का आध्यात्मिक शिविर लगा था। इसमें समाजसेवी प्रमोद गुप्ता और मजिस्ट्रेट बी. दिवाकर ने अम्मा के समक्ष यह मांग उठाई थी कि उनका मठ दक्षिण भारत की तरह दिल्ली के नजदीक फरीदाबाद में भी एक बड़ा केंद्र बनाए। यहां चिकित्सा की विश्वस्तर की सुविधा दी जाए। माता अमृतानंदमयी (अम्मा) ने इनकी बात स्वीकार कर ली। तभी से इस अस्पताल पर काम शुरू हो गया। समाजसेवी प्रमोद गुप्ता मजिस्ट्रेट बी. दिवाकर द्वारा दिया गया सुझाव आज फलीभूत हो गया। देश के धर्मगुरू, शंकराचार्य ,पींठ ,धार्मिक मठ गुरूद्वारे मिशनरीज और अन्य धार्मिक स्थल पहले ही शिक्षा और चिकित्सा के क्षेत्र में बड़ा कार्य कर रहे हैं। किंतु उनकी ये संस्थाए उनके अपने मुख्यालय तक ही सीमित हैं।देश में बहुत ही जगह आज भी ऐसी हैं जहां दूर ▨दूर तक स्तरीय चिकित्सा सुविधा उपलब्ध नहीं। यहां चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने की जरूरत है। प्रदेश सरकार अपने प्रदेश की जरूरत का मैप तैयार करें।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी धर्मगुरू,शंकराचार्य, पीठ ,सिद्ध स्थल , गुरूद्वारे चर्च और धार्मिक अखाड़ों के गुरूओं के साथ बैठक कर देश की स्वास्थय सेवा में विस्तार के लिए उनसे आग्रह करे, चिंहित स्थल पर इन्हें जगह निशुल्क या बहुत सस्ते दाम पर उपलब्ध कराए तो बहुत बड़ा काम हो सकता है। इन संस्थाओं के स्वामी और अधिष्ठाता इस प्रकार के जनहित के कार्य करने को सदा तैयार रहतें हैं। उन्हें सिर्फ प्रेरित करने की जरूरत है। उत्तर प्रदेश के मुख्य मंत्री योगी आदित्यनाथ विश्व प्रसिद्ध पीठ गोरखधाम के खुद ही महंत हैं। उनका साधु ▨संतो में बड़ा प्रभाव है।वह इस कार्य में रूचि लेकर प्रदेश की चिकित्सा और शिक्षा के लिए इस तरह प्रयास करें तो सरकारी धन के प्रयोग के बिना भी बड़ा काम किया जा सकता है।

अस्पताल के उद्घाटन के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा भी है धार्मिक और सामाजिक संस्थाओं द्वारा शिक्षा और स्वास्थय से जुड़ी जिम्मेदारियों के निर्वहन की व्यवस्था पुराने समय से ही है और यह पीपीपी मॉडल ही है। लेकिन इसे परंपरागत प्रयास के तौर पर देखते हैं ।उन्होंने कहा कि राज्य अपने स्तर से व्यवस्था खड़ी करते रहते हैं। बड़े-बड़े विश्वविद्यालयों के निर्माण में भूमिका निभाते हैं ।साथ ही धार्मिक संस्थाएं भी इसका एक महत्वपूर्ण केंद्र होते हैं । उन्होंने कहा कि आज देश भी यह कोशिश कर रहा है पूरी निष्ठा और ईमानदारी से देश के स्वास्थ्य और शिक्षा के क्षेत्र का कायाकल्प करें । इसके लिए संस्थाओं को भी प्रोत्साहन दिया जा रहा है । उनके साथ साझेदारी का प्रभावी पीपी मॉडल तैयार हो रहा है ।

अब तक पीपी माडल की बात उद्योगपतियों के साथ चलाने की रही है। उद्योगपति अपना हित देखते हैं। वे जनहित भूल जाते है ।नाम चैरिटी अस्पताल होता है, जबकि चैरिटी के नाम पर कुछ नही किया जाता ।यहां बिना पैसे वाले गरीब भटकते घूमते हैं ।हालाकि सरकार ने गरीबों को पांच लाख के निशुल्क उपचार की व्यवस्था करके बड़ा काम किया है। फिर भी अभी समाज को जरूरत है। अभी तक अस्पताल की अच्छी व्यवस्था देश में नही है।अच्छे और चैरेटबिल अस्पताल की अभी बड़ी जरूरत है। इसके लिए बड़े मठ, गुरूद्वारे ,धर्म पीठ और धर्म गुरू बड़ा सहयोग कर सकतें हैं।

अशोक मधुप
(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं)

प्राइवेट हॉस्पिटलों पर सुरेंद्र शाही ने मारा छापा कुछ छोड़ भागे हॉस्पिटल कुछ पर हुई कार्रवाई

दैनिक समाज जागरण में छपी खबर का (24) घंटे के अंदर हुआ बड़ा असर

दैनिक समाज जागरण ब्यूरो रिपोर्ट गौतम सिंह चौहान

रामपुर मथुरा सीतापुर मुख्य चिकित्सा अधिकारी सीतापुर की ऑफिस से लगभग 90 किलोमीटर की दूरी पर आने वाला रामपुर मथुरा क्षेत्र में प्राइवेट अवैध हॉस्पिटलों की भरमार को देखते हुए दैनिक समाज जागरण के ब्यूरो चीफ गौतम सिंह चौहान के द्वारा बड़ी ही प्रमुखता के साथ खबर को प्रकाशित किया गया था तभी जिले की स्वास्थ्य विभाग टीम एक्शन में आए और 24 घंटे के अंदर कार्रवाई शुरू कर दी जिसमें (1) साईं हॉस्पिटल बांसुरा जो नंदलाल गुप्ता के द्वारा चलाया जा रहा था (2) सूर्या हॉस्पिटल रामपुर मथुरा जो डॉक्टर बृजराज निषाद के द्वारा चलाया जा रहा था (3) डॉक्टर सपना चौहान उर्फ कल्याणी जो बालाजी हॉस्पिटल के नाम से चलाया जा रहा था (4) डॉक्टर सोहन लाल गौतम टीकथा रोड पर चलाया जा रहा था इन सभी हॉस्पिटलों पर नोटिस जारी कर कड़े निर्देश देकर मुख्य चिकित्सा अधिकारी का ऑफिस में तीन दिवस के अंदर डॉ सुरेंद्र शाही के द्वारा बुलाया गया और कुछ डॉक्टर अपना अपना हॉस्पिटल बंद कर भाग खड़े हुए उनके हॉस्पिटल पर जाकर आसपास के लोगों को डॉक्टरों को जानकारी देने के लिए भी अवगत कराया और पकड़े जाने पर कठोर कार्रवाई करने के निर्देश दिए

टांडाकोठी बिजली घर से जुड़े 20 गांवों में तीन दिन से अंधेरा गर्मी और उमस से लोग बेचैन

प्रयोग कठेरिया/दैनिक समाज जागरण

असमोली /संभल । टांडाकोठी गांव स्थित विद्युत उपकेंद्र की इनकमिंग मशीन में खराबी आने से 20 गांव अंधेरे में डूब गए । इन गांवों में बुधवार की सुबह से बिजली गुल है । तीन दिन से लोग बिजली आने का इंतजार कर रहे हैं । बुधवार की सुबह टांडाकोठी गांव स्थित विद्युत उपकेंद्र से अचानक विद्युत सप्लाई बाधित हो गई । जांच करने पर पता चला कि इनकमिंग मशीन खराब हो गई । शुक्रवार को देर रात तक ब्रेकडाउन रहा । उपकेंद्र से जुड़े गांव शफातनगर , हरसिंहपुर , मताबली पट्टी जग्गू , मताबली पट्टी परशुराम बेला , सेंदरी , हरथला , सीढ़ल माफी , रतुपुरा , शाहपुर डसर , गुमसानी , कमालपुर , ढाकशहीद , सैदपुर जयराम , सेवापुर पदारथपुर , मढन , मुबारकपुर बंद , खासपुर , बुकनाला , ढयोंडी , देहरी जग्गू आदि गांवों में बुधवार की शाम 4 बजे से बिजली आपूर्ति ठप है । घरों में लगे विद्युत उपकरण मोबाइल फोन शोपीस बन गए हैं । पशुपालकों के अलावा अन्य लोगों के सामने पीने के पानी की समस्या खड़ी हो गई है । पहले से ही बारिश न होने से सूखे के हालात बन गए हैं । गर्मी के मौसम में समय पर सिंचाई न होने के कारण फसलें सूखने लगी हैं । जिससे उपभोक्ताओं में विद्युत विभाग के खिलाफ आक्रोश है । एक्सईएन ने बताया कि एसडीओ , जेई मौके पर हैं , आपूर्ति को बहाल कराने का प्रयास किया जा रहा है । परेशानी को देखते हुए जल्द ही विद्युत आपूर्ति बहाल कर दी जाएगी । फाल्ट ठीक करने के लिए मेरठ के इंजीनियर पहुंचे है ।

समाधान दिवस के दौरान छह शिकायतें दर्ज करायी गयीं जिनमें से दो शिकायत का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया

फारूक अंसारी दैनिक समाज जागरण

धामपुर। अफजलगढ़ कोतवाल मनोज कुमार सिंह के मुताबिक समाधान दिवस में फरियादियों द्वारा छह शिकायतें दर्ज करायी गयीं जिसमें दो का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया जबकि अन्य शिकायतें सम्बंधित अधिकारियों को सौंपते हुये शीघ्र निस्तारण के निर्देश दिये गये हैं। कोतवाल मनोज कुमार सिंह ने कहा कि समाधान दिवस की शिकायतों का निस्तरण शीघ्र ही कराया जायेगा और पीड़ित की हर समस्या को निस्तारण कर समाधान कराया जायेगा। इस अवसर पर एसएसआई दिनेश कुमार शर्मा के आलावा कस्बा इंचार्ज अनोखेलाल गंगवार, तनवीर अहमद,एसआई विनीत कुमार,प्रधान पति वकील अहमद, जाहिद हुसैन, सुनील कुमार सहित कानूनगो अफजलगढ़. नरेन्द्र कुमार,कानूनगो सुआवाला सतीश प्रकाश,लेखपाल बेनीराम सिंह,शीशराम सिंह, रोहिताश चौहान, जितेन्द्र प्रताप सिंह,अंशारूलहक, अनुरूद्ध, गौरव चौहान, कश्मीर सिंह राणा,ऋषिपाल सिंह,पप्पू शाह, नगेन्द्र सिंह, आसाराम सिंह, सौरभ चौहान,बलराज सिंह तथा संजीव कुमार सहित अधिकांश लेखपाल मौजूद थे।

कैंटर लूटने वाले चार आरोपी गिरफ्तार, कैंटर गाड़ी और बुलेरो गाड़ी बरामद

दैनिक समाज जागरण चंदौसी/बहजोई ।

थाना बनियाठेर पर मुरादाबाद निवासी ने बारह दिन पूर्व आलू लदे आयसर कैंटर गाड़ी लूटने की तहरीर देकर केस दर्ज कराया था पुलिस जांच पड़ताल के दौरान कैंटर लूटने वाले 4 आरोपियों के दुबारा लूटी गई कैंटर गाड़ी सहित एक बुलेरो भी बरामद कर गिरफ्तार किया है,घटना का खुलासा एसपी ने किया । थाना बनियाठेर क्षेत्र की गाड़ी लूट की घटना का खुलासा करते हुए एसपी चक्रेश मिश्र ने बताया कि पंद्रह अगस्त के दिन मुरादाबाद जनपद निवासी ने तहरीर देकर बताया की कुछ बुलेरो सवार बदमाशों ने आलू लदे आयसर कैंटर गाड़ी के सामने अपनी बुलेरो गाड़ी लगाकर लूटने की घटना को अंजाम दिया है जिसके आधार पर पुलिस केस दर्ज कर जांच पड़ताल में जुटी हुई थी। पुलिस ने जांच पड़ताल के दौरान एक बुलेरो में सवार 4 आरोपियों को गिरफ्तार किया जिनसे पूछताछ की गई तो उन्होंने आलू लदी आयसर कैंटर गाड़ी लूटने की बात स्वीकार की गिरफ्तार आरोपियों ने लूटी गई कैंटर गाड़ी खाली और घटना में शामिल एक बुलेरो गाड़ी सहित एक तमंचा 12बोर 4जिन्दा कारतूस 12बोर 2चाकू बरामद किए हैं। लुटेरों ने गाड़ी में लदे आलुओं को कहीं बेच दिए है। एक आरोपी गालिब पुत्र जाकिर निवासी कोटगरवी थाना कोतवाली संभल जनपद संभल, छत्रपाल पुत्र नन्हू निवासी गाँव सैतवाडा एतमाली थाना हसनपुर जनपद अमरोहा,अजय पुत्र रामसरूप निवासी सिरसा गुजर थाना हसनपुर जनपद अमरोहा,संदीप पुत्र रतनपाल निवासी ओगपुरा थाना आदमपुर जनपद अमरोहा के है ।गिरफ्तार सभी आरोपियों के खिलाफ विधिक कार्यवाही कर न्यायालय भेजा जा रहा है

पैसा दो आवास लो पैसा नहीं आवास नहीं गरीब ग्रामीण ने नहीं दिया पैसा तो आवास लिस्ट में किया अपात्र

दैनिक समाज जागरण ब्यूरो रिपोर्ट गौतम सिंह चौहान

उत्तर प्रदेश जनपद सीतापुर के विकासखंड सिधौली में आवास के नाम पर रुपए नहीं दिए तो पात्र को किया अपात्र विकासखंड सिधौली के ग्राम पंचायत कठवा के ग्राम सीतलपुर का है जहां पीड़िता रजनी पत्नी धर्मेंद्र आज 5 वर्षों से एक झोपड़ी में रह रहे हैं लेकिन जब उनका आवास आया ग्राम सचिव ने फर्जी रिपोर्ट लगाकर आवस को कटवा दिया दर-दर की ठोकरें खाने को मजबूर पीड़िता ने जब इसकी शिकायत उच्च अधिकारियों से की तो वहां से जांच कराई गई तो पीड़िता की झोपड़ी को ना दिखा कर किसी दूसरे के पक्के मकान को दिखा दिया और मामले को रफा-दफा कर दिया ग्राम सचिव का कहना है जब तक रुपए नहीं दोगे तब

तो तुम्हारा आवाज नहीं आएगा जबकि पूर्व खंड विकास अधिकारी द्वारा पीड़िता को आश्वासन दिया गया था कि 3 महीनों के अंदर आपका आवास आ जाएगा पीड़िता का कहना है कि नाम भी आवास सूची में है लेकिन अभी तक आवास नहीं मिला अभी दर दर की ठोकरें खा रही है जबकि वर्तमान प्रधान सिधौली खंड विकास अधिकारी लिखित दिया है कि यह महिला 5 साल से झोपड़ी में रह रही है फिर भी ग्राम सचिव व खंड विकास अधिकारी अपनी मनमानी कर एक तरफ सरकार लोगों को आवास देने के लिए कर्मचारी आवास के नाम पर लोगों को लूट रहे हैं अभी देखना है की सरकार ऐसे भ्रष्ट अधिकारियों के ऊपर कोई कार्यवाही करती है या नहीं या फिर इसी तरह दर-दर की ठोकरें खाती रहेगी

श्री कृष्णा जी की छठी का कार्यक्रम हर्षोल्लास के साथ मनाया गया

फारूक अंसारी दैनिक समाज जागरण

धामपुर। स्थानीय मोहल्ला खतियान स्थित सुनारों वाले शिव मंदिर मेड सभा ने महिला कमेटी द्वारा श्री कृष्णा जी की छठी का कार्यक्रम बड़े धूमधाम के साथ मनाया गया। प्रातः काल नरेश वर्मा एवं उनकी धर्मपत्नी उमा वर्मा तथा दीपमाला वर्मा ने धूप दीप पुष्प आदि से विधिवत पूजा अर्चना कर माखन मिश्री का भोग लगाया। संध्या की और से आयोजित भजन संध्या में महिलाओं ने अपने भजनों की प्रस्तुतियां से कार्यक्रम स्थल को भक्ति में बना दिया इस अवसर पर उमा वर्मा ने ष्मदन गोपाल मेरो मदन गोपाल मुझको तो कुछ नहीं चाहिए जोडू दोनों हाथ की प्रस्तुति दी। दीपमाला वर्मा ने ष्सजा दो घर को गुलशन सा मेरे सरकार आए हैं। प्रस्तुति दी। माया वर्मा ने ष्कई जन्मों से बुला रही हूं

कोई तो रिश्ता जरूर होगा भजन का गायन किया। सुमन वर्मा ने ष्मैने झोली फैला दी कन्हैया तू प्यार का खजाना लुटा दे का गायन किया। गजनी सिंह ने सवारी सूरत मोहन दिल दीवाना हो गया की प्रस्तुति देकर वातावरण को भक्ति में बना दिया। इस अवसर पर नेहा वर्मा ज्योति वर्मा कंचन वर्मा रेखा का ध्यान उमा वर्मा दीपमाला वर्मा माया वर्मा सुमन वर्मा रुक्मणी वर्मा विनोद बाला वर्मा तथा पारुल वर्मा गजनी सिंह सुनीता चौहान रेनू भारद्वाज संगीता रस्तोगी सुधा विश्नोई गजानन तोमर मधुबाला अग्रवाल श्रीमती प्रीति उर्मिला आदि महिलाए उपस्थित रही। कार्यक्रम के समापन में कढ़ी चावल उड़द हलवा बूंदी तथा खीर का प्रसाद वितरित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन नरेश वर्मा तथा शहर वर्मा ने संयुक्त रूप से किया। बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

पैलानी में लगातार बाढ़ का रौद्र रूप देखने को मिल रहा है

दैनिक समाज जागरण ब्यूरो रिपोर्ट संदीप दीक्षित बांदा

बांदा पैलानी-पैलानी तहसील के दर्जनों गांव बाढ़ की चपेट में आ गए हैं जिससे अब लोगों का जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया है पैलानी तहसील के नादादेव चिल्ला मजरे शंकर पुरवा में इस गांव में बाढ़ का अधिक पानी आने की वजह से लगभग दो दर्जन परिवार अपने घरों को छोड़कर एक ऊंचे स्थान पर चले गए हैं लेकिन कहीं ना कहीं इन पर बाढ़ का खतरा बना हुआ है घरो को छोड़ जिस स्थान पर इन ग्रामीणों ने अपना कैंप लगाया है इन ग्रामीणों का कहना है कि प्रशासन के द्वारा अब तक कहीं कोई मदद नहीं पहुंचाई गई है ! आपको बता दें पूरा मामला बांदा जनपद के पैलानी तहसील के ग्राम नादा देव ग्राम सभा के मजरे शंकर पुरवा का है जहां पर लगभग दो दर्जन लोगों के घरों में बाढ़ का पानी भर जाने की वजह से उन लोगों ने अपना आशियाना छोड़ दिया है एक टापू पर पन्ननियो का घर बना अपना आशियाना बना लिया है हालांकि अगर बात की जाए तो कहीं ना कहीं यह तमाम लोग अपनी जान को जोखिम में डालकर उस टापू में रह रहे हैं लगातार यमुना अपने खतरे के निशान से ऊपर बह रही है तो वहीं केन खतरे के निशान के नजदीक पहुंच गई है ऐसे में सवाल उठता है कि

आखिरकार जिला प्रशासन इतनी बड़ी लापरवाही क्यों कर रहा है और टापू पर मौजूद लोगों को सुरक्षित स्थान पर क्यों नहीं पहुंचा रहा है 2 दिनों से यह तमाम ग्रामीण उसी टापू पर रह रहे हैं खाने-पीने की भी कुछ दिक्कतें आ रही हैं बाढ़ पीड़ित लोगों का दावा है की प्रशासन के द्वारा अब तक कोई भी राहत सामग्री स्वास्थ्य विभाग की टीम नहीं पहुंचाई गई है इससे सवाल उठता है कि उत्तर प्रदेश की योगी सरकार लगातार बाढ़ प्रभावित इलाकों में अपने मंत्रियों को भेजकर रहे है और अधिकारियों को भी बाढ़ पीड़ितों की मदद करने की बार-बार निर्देश दे रहे हैं लेकिन बांदा जिला प्रशासन की लापरवाही के चलते तमाम परिवार बेबस और मजबूर हो गए हैं कहीं ना कहीं जिला प्रशासन की एक बड़ी लापरवाही सामने आ रही हैं बाढ़ और बारिश से बचने के लिए लोगों को पन्नी और खाने पीने की भी कोई राशन सामग्री अब तक इन बाढ़ पीड़ितों को नहीं पहुंचाई गई है लोगों से बातचीत की है ये वही नांदा देवगांव ग्राम सभा का मजरा है पैलानी तहसील का जहां पर आप देख सकते हैं कि एक छोटे से टापू में बाढ़ की वजह से लगभग दो दर्जन परिवारों ने अपना आशियाना बना लिया है और इसी आशियाने के चारो तरफ आप देख सकते हैं टापू के चारों तरफ सिर्फ पानी ही पानी नजर आ रहा है यह जिस जगह पर टापू में बाढ़ पीड़ितों ने अपना आशियाना बनाया है यहां से केंन नदी चंद्रावल नदी और यमुना नदी का पानी आ जाता है चारों तरफ पीने से घिरे हुए तमाम लोग अपनी जान को जोखिम में डालकर यहां इस टापू मे रह रहे हैं

चंदौसी में चल रहे सड़को की मरम्मत कार्य में धजांच टीम ने पकड़ी कमियां

सरफराज अंसारी/दैनिक समाज जागरण

चंदौसी । चंदौसी में नगर पालिका द्वारा ठेके पर चल रहे सड़को की मरम्मत कार्य में जिलाधिकारी द्वारा भेजी गई सड़को की मरम्मत एब विकास कार्यों की गुणबक्ता को परखने ब जांच करने पहुंची टीम को नगर में चल रहे सड़को की पेचिंग एब मरम्मत कार्यो में कई खामियां मिली,इस दौरान जांच टीम को। नगर के ब्यापारियो के साथ साथ नगर के स्थानीय निवासियों के गुस्से का भी शिकार होना पड़ा ब्यापारियों का कहना था की चंदौसी में नगर पालिका द्वारा कराए जा रहे सड़को की मरम्मत कार्य में बड़ी लापरवाही और मिलावट खोरी की जा रही है आपको बताते चलें कि शनिवार को चंदौसी में नगर पालिका द्वारा ठेके पर कराए जा रहे सड़कों की मरम्मत कार्य में मानक के अनुरूप निर्माण मरम्मत सामग्री प्रयोग में नही की जा रही है,जिसकी शिकयत

नगर के भाजपा नेता एब समाजसेवी सतीश अरोरा ब अनुज कुमार ने जिलाधिकारी से की थी,इस पर जिलाधिकारी ने शिकायत को गंभीरता से लेते हुए एक जांच टीम गठित कि शनिवार को शिकायत के आधार पर जिलाधिकारी के आदेश पर जांच टीम चंदौसी पहुंची जहां टीम ने घंटा घर, ब्रह्म बाजार ब अन्य स्थानो पर किए गए सड़कों की मरम्मत कार्य को देखा साथ ही मानक के अनुरूप निर्माण कार्य नहीं करने एब घटिया सामग्री प्रयोग में लाए जाने पर जॉच टीम ने सेंपल लेकर ठेकेदार के विरुद्ध कार्यवाही की बात कही, जांच टीम के चंदौसी पहुंचने पर जॉच टीम को नगर के ब्यापारियो के गुस्से से रूबरू होना पड़ा नगर के ब्यापारियो ने सड़को पर चल रहे मरम्मत कार्य को खाना पूरी ब लीपा पोती बताया और कहा की नगर में साढ़े चार साल में नगर पालिका द्वारा विकास के नाम पर ठेंगा दिखाकर कार्यों को कागजी खानापूर्ति कर दिया,इस दौरान भाजपा नेता सतीश अरोरा ने नगर के विकास कार्यों को सफेद हाथी बताया कहा झूट बोलने से विकास कार्य नहीं होते

न्यू शाइनिंग स्टार क्लब ने कराया एक शाम मुकेश के नाम

सरफराज अंसारी/दैनिक समाज जागरण

चंदौसी । न्यू शाइनिंग स्टार क्लब चंदौसी के तत्वाधान में सुप्रसिद्ध गायक मुकेश कुमार की याद में एक शाम मुकेश के नाम के नाम ब्रह्म बाजार स्थित मुख्य कार्यालय पर संपन्न हुआ कार्यक्रम में सर्वप्रथम सुप्रसिद्ध गायक मुकेश कुमार के फोटो पर पुष्प अर्पित कर उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि प्रकट की उसके बाद क्लब के सदस्यों ने उनके द्वारा गाए हुए गीतों पर अ ा न ा अभिवादन किया

क्लब के हनी चंद्रा चंद्रा ने दुनिया बनाने वाले क्या तेरे मन में समाई दीपक वार्ष्णेय ने एक प्यार का नगमा है यतिन मोहन ने हम छोड़ चले हैं महफिल को इसी कड़ी में प्रहलादराय और गुलशन वार्ष्णेय समेत कई कलाकारों ने अपने मुख से मुकेश के गानों पर सुर बिखेरे इसी दौरान हनी चन्द्रा, यतिन मोहन मुदित गर्ग दीपक वार्ष्णेय सोनू आलोक वार्ष्णेय सचिन वार्ष्णेय सचिन दयाल निखिल गुप्ता वरुण अरोड़ा रोमिल वार्ष्णेय मयंक आदित्य चौहान तुषार गिरीश शर्मा शैलू आयुष शर्मा अभिषेक शर्मा अरविंद गुप्ता शिवा सक्सेना लकी वार्ष्णेय आर्यन हर्ष अमित अग्रवाल प्रह्लाद राय गुलशन वार्ष्णेय सर्वेश चीनी आदि लोग मौजूद रहे

बसपा नेता जयराम सिंह ने बाढ़ प्रभावित इलाकों का किया दौरा हर संभव मदद दिलाए जाने को लेकर दिया आश्वासन

दैनिक समाज जागरण ब्यूरो रिपोर्ट संदीप दीक्षित बांदा

बांदा - तिंदवारी विधानसभा से बसपा से चुनाव लड़े बसपा नेता जयराम सिंह ने आज तहसील क्षेत्र के गांव नरी, तारा ,चिल्ला ,पैलानी ,डेरा शंकर ,पुरवा समेत आधा दर्जन बाढ़ प्रभावित गांवों में तूफानी दौरा कर वहां के ग्रामीणों से जानकारी ली लोगों ने बताया कि हमारी सैकड़ों बीघा फसलें जलमग्न हो गई है वहीं अभी तक कोई राहत सामग्री नहीं मिली साथ ही साथ स्वास्थ टीम भी नहीं आई , इस पर

बसपा नेता जयराम से ने कहा कि 2 दिनों से जल शक्ति राज्य मंत्री रामकेश निषाद जी यहां घूम रहे हैं और वह हर संभव मदद कर रहे हैं उन्होंने कहा कि आपदा के समय हम सब साथ हैं और 2 दिन में यह जिला प्रशासन ,लसडा. चंदवारा, साड़ी खुर्द ,साड़ी के मजरा खपटिहाकला के मजदूरों ने व्यवस्थाओं पर एवं राहत सामग्री वितरण कराए जाने पर ध्यान नहीं दिया तो अधिकारियों का घिराव करेंगे , इस दौरान उनके साथ मुन्ना सिंह अतरहट, शशीकरण सिंह अतरहट, भूपत सिंह पैलानीडेरा, भाजपा नेता मुन्ना निषाद, सुखराम निषाद, रामबली निषाद आदि मौजूद रहे।

शिवनगर नहर पटरी पल्हरी के ग्रामीण विद्युत विभाग के लगा रहे चक्कर

दैनिक समाज जागरण ब्यूरो रिपोर्ट संदीप दीक्षित बांदा

बांदा - आपको बता दें पूरा मामला बांदा जनपद से सटा शिवनगर नहर पटरी का है जहां लगभग 50 घरों के बाशिंदे विद्युत विभाग से कनेक्शन लिए हुए हैं लेकिन कई वर्ष बीत जाने के बाद भी विभाग ने उपभोक्ताओं को ना तो नई लाइन बनाई है ना ही ट्रांसफार्म दिया है जबकि कनेक्शन बांट दिए हैं इस समस्या के समाधान के लिए उपभोक्ताओं ने जेई .एसडीओ. एक्शन , अधीक्षण अभियंता. मुख्य अभियंता विद्युत वितरण खंड सहित जिलाधिकारी महोदय व शासन तक कई बार पत्र के माध्यम से गुहार लगा चुके हैं लेकिन कोई सुनवाई नहीं हो रही साथ ही नहर पटरी से लगा 11000 वोल्टेज का खंभा मात्र जमीन से 4 फीट के नीचे आ चुका है कभी भी कोई अपनी घटना घट सकती है विद्युत विभाग अनदेखी कर रहा है इस संबंध में आज महिलाओं पुरुषों के साथ समाजसेवी पीसी पटेल जनसेवक जिलाधिकारी महोदय बांदा एवं अधीक्षण अभियंता व मुख्य अभियंता महोदय विद्युत वितरण खंड बांदा को लिखित पत्र देकर के समस्या के समाधान के लिए आवाज उठाई है अधिकारियों ने आश्वस्त किया है कि जल्द समस्या का समाधान होगा देखना यह है कि क्या विद्युत विभाग के अधिकारी किसी अन्य घटना का इंतजार करते हैं य समस्या का समाधान करते हैं इस मौके पर ममता पटेल राजा भाई कुशवाहा साधना सिंह मीराबाई सुमित्रा पार्वती पूजा साहू विनोद पटेल अजीत यादव जी मुकेश कुशवाहा विचित्र कुशवाहा रामबरन बुद्ध विलास धर्मेंद्र सिंह अवध किशोर आदि लोग मौजूद रहे।

मानसिक विक्षिप्त महिला का फायदा उठाकर युवक ने 3 दिन तक महिला को बनाया हवस का शिकार

दैनिक समाज जागरण ब्यूरो रिपोर्ट गौतम सिंह चौहान

सीतापुर : सीतापुर की कोतवाली क्षेत्र सिधौली में कस्बे में स्थित श्री राम लीला धर्मशाला में एक मानसिक विक्षिप्त महिला को युवक द्वारा 3 दिन तक हवस का शिकार बनाया आपको बता दें की महिला निवासी ग्राम भाऊपुर कुनेरा थाना क्षेत्र नैमिषारण्य की रहने वाली है जिसके परिजनों ने पहले से ही महिला की लापता

की रिपोर्ट दर्ज करा कर रखी थी वही आज महिला कोतवाली क्षेत्र सिधौली के श्री रामलीला धर्मशाला में युवक राम कृपाल पुत्र शिव शंकर निवासी ग्राम कोलोहा बरेठी तहसील व थाना मिश्रिख जिला सीतापुर के साथ पाई गई है वही अपराध निरीक्षक वीरेंद्र कुमार पंकज एवं कांस्टेबल संदीप कुमार को जब इस मामले की जानकारी हुई तो उन्होंने सक्रियता दिखाते हुए दोनों को राम लीला धर्म शाला से पकड़ कर कोतवाली सिधौली ले आए है सूत्रों की माने तो महिला को लखनऊ ले जाकर बेचने की तैयारी चल रही थी। वहीं थाना प्रभारी आलोक में त्रिपाठी ने बताया है कि कुछ दिन पहले महिला की लापता की रिपोर्ट नैमिषारण्य थाना क्षेत्र में दर्ज करवाई गई थी नैमिषारण्य थाने में इस मामले की पूरी जानकारी दे दी गई है एवं जल्द ही दोनों को मामले से संबंधित थाना क्षेत्र को सुपुर्द कर दिया जाएगां

असमोली थाना क्षेत्र गाँवों में चोरों का आतंक



दैनिक समाज जागरण असमोली/संभल ।

असमोली थाना क्षेत्र के ग्राम मीरपुर सकीपुर में बीती रात अज्ञात चोरों ने तीन घरों को बनाया निशाना लाखों रुपए का सोना चांदी व 50, हजार का केश लेकर हुए फरार क्षेत्र में चोरों के हौसले इतने बुलंद हैं असमोली थाना क्षेत्र के मढन चौकी के गांव मीरपुर सकीपुर में सामने आया है जहां पर शुक्रवार की रात को अज्ञात

चोरों ने 3 घरों में कूमल लगाकर लाखों रुपए का सोना चांदी व 50 हजार का कैश लेकर फरार हो गए सुबह होने पर जब परिवार के लोगों ने कमरे का गेट खोला तो दीवार में कूमल लगा दिखाई दिया तभी घर में शोर-शराबा मच गया इसकी जानकारी आस-पड़ोस के लोगों को मिली सभी ने मिलकर घर से बाहर पड़ा सामान देखा और पीआरबी 112 को सूचना दी मौके पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का मुआयना किया पीड़ित बुनियाद के भाई ने जानकारी देते हुए ने बताया कि सोना चांदी के जेवर समेत 50, हजार रुपए चोरी हुए हैं जो कि लगभग 3 लाख रुपए की चोरी हुई है जिसकी जानकारी परिजनों को सुबह होने पर मिली घर का काफी सामान ईख के खेत में पड़ा मिला हैं पीड़ित ने मढन चौकी में अज्ञात चोरों के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई करने की मांग की है

एसपी ने किया पैदल गश्त के दौरान टाफी चॉकलेट देकर बच्चों का किया उत्साहवर्धन

फारूक अंसारी दैनिक समाज जागरण

धामपुर। चांदपुर पुलिस अधीक्षक दिनेश सिंह ने चांदपुर कोतवाली पहुंच कर निरीक्षण किया और आवश्यक दिशा निर्देश दिए इसके बाद पुलिस बल के साथ उन्होंने शहर में पैदल गश्त किया। उन्होंने गश्त के दौरान व्यापारियों व आमजन से सभा करते हुए उनकी समस्याओं के बारे में जाना इतना ही नहीं उन्होंने रास्ते में बच्चों को चॉकलेट टॉफी देकर उनका उत्साह वर्धन ही किया। पुलिस अधीक्षक दिनेश सिंह गुरुवार

की शाम चांदपुर कोतवाली पहुंचे सबसे पहले अधिकारी मैं कार्यालय में अपराध रजिस्टर देखा दर्ज मामले में पुलिस द्वारा की गई कार्यवाही के संबंध में जानकारी ली। इंस्पेक्टर से वंचित वर्ग वारंटी अपराधियों की गिरफ्तारी को लेकर की गई कार्यवाही का ब्योरा तलब किया कंप्यूटर का महिला हेल्प डेक्स मैस आदि का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। निरीक्षण के बाद पुलिस अधीक्षक ने पुलिस क्षेत्र अधिकारी सुनीता दाहिया कोतवाली प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार राय पुलिस बल के साथ शहर में पैदल गश्त किया । कोतवाली से शुरू हुआ पैदल गस्त नगर के मुख्य मार्गो से होकर गुजरा इस दौरान पुलिस अधीक्षक ने आमजन व व्यापारियों से संवाद कर उनकी समस्याओं आदि के बारे में जानकारी दी और बच्चों को चॉकलेट टॉफी देकर उनका उत्साह बंधन किया। बच्चों ने भी उन्हें सैल्यूट मार कर उनका शानदार स्वागत किया । उनके इस कार्य से नगर क्षेत्र के गणमान्य लोग उनकी प्रशंसा कर रहे हैं।

थाना समाधान दिवस में पहुंचे डीआईजी शलभ माथुर साथ ही थाने का किया निरीक्षण डीआईजी ने जन समस्याओं को भी सुना

फारूक अंसारी दैनिक समाज जागरण

धामपुर। स्योहारा।आज आयोजित होने वाले थाना समाधान दिवस में पहुंचे डीआईजी शलभ माथुर,साथ ही थाने का किया निरीक्षण। आज थाना समाधान में पहुंचे डीआईजी शलभ माथुर ने जन समस्याओं को भी सुना साथ ही थाने का निरीक्षण भी किया थाने के निरीक्षण में मैस ,कंप्यूटर कक्ष,बंदी ग्रह, साफ सफाई ,महिला हेल्प डेस्क, आदि का निरीक्षण किया गया ।संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए

समाधान दिवस में एक शिकायत आई साइबर क्राइम के संबंधित जानकारी देते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस मौके पर डीआईजी शलभ माथुर ने सभी अधीनस्थों को निर्देश देते हुए कहा कि थाने में कोई भी फरियादी आए तो उसको सम्मान के साथ बैठाकर उसकी समस्या जाने और उसके हल का प्रयास करते हुए फरियादी को संतुष्ट करें।साथ ही उन्होंने पुलिस की छवि को मित्र पुलिस बनाने में सभी सहयोग करें। इस मौके पर इस मौके पर एसपी पूर्वी धर्म सिंह,पुलिस सीओ इंदु सिद्धार्थ,थानाध्यक्ष राजीव चोधरी सहित समस्त पुलिस स्टाफ मौजूद रहा

थाना कोतवाली में संपूर्ण समाधान दिवस मे एसडीएम चांदपुर ने सुनी शिकायतें

दैनिक समाज जागरण फारूक अंसारी

चाँदपुर , जनपद बिजनौर के चांदपुर थाना कोतवाली में संपूर्ण समाधान थाना दिवस का आयोजन किया गया। थाना दिवस में उप जिलाधिकारी चाँदपुर मांगेराम चौहान व थाना कोतवाली प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार राय ने शिकायतकताओं की शिकायतें सुनीं। चांदपुर समाधान दिवस में 10 बजे से

2 बजे तक 10 फरियादियों की समस्याएं सुनीं। कोतवाली चांदपुर में संपूर्ण समाधान थाना दिवस में उप जिलाधिकारी मांगेराम चौहान ने मामलों को लेकर आई शिकायतों को जल्द समस्या समाधान के लिए निर्देशित किया। चांदपुर समाधान दिवस में 10 फरियादियों की समस्याएं सुनी गईं। जिसमें पांच समस्याओं का तत्काल समाधान किया गया। संपूर्ण समाधान थाना दिवस में उप जिलाधिकारी व थाना कोतवाली प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार राय, कस्बा इंचार्ज राजीव शर्मा , व संबंधित सभी चौकी प्रभारी, मौजूद रहे

संक्षिप्त न्यूज

रेडक्रॉस की मदद से 20 हजार में गिरवी रखे घर को छुड़ा सकेगा रामदास

समाज जागरण/शिवशंकर पाण्डेय जिला ब्यूरो

बालाघाट।कलेक्टर डॉ गिरीश कुमार मिश्रा ने बैहर तहसील के ग्राम मोहबट्टा के निवासी रामदास परवार को जिला रेडक्रास सोसायटी की ओर से 20 हजार रुपये की सहायता राशि प्रदान की है। कलेक्टर द्वारा रामदास परवार एवं उसकी पत्नी को 20 हजार रुपये का चेक प्रदान किया गया।

रामदास परवार की 09 वर्षीय पुत्री पर दिवार गिर जाने से उसका पैर खराब हो गया है, जिसका आपरेशन करने पर पैर काट दिया गया है। पुत्री के ईलाज के लिए रामदास ने गांव की ही महिला पदमा से 20 हजार रुपये अपना घर गिरवी रखकर कर्ज लिया है। रामदास एवं उसकी पत्नी 23 अगस्त 2022 को जनसुनवाई में अपने घर का कर्ज अदा करने मदद की आस लेकर आये थे। कलेक्टर डॉ मिश्रा ने रामदास एवं उसकी पत्नी को मदद का भरोसा दिलाया था। कलेक्टर द्वारा रामदास एवं उसकी पत्नी को 20 हजार रुपये का चेक प्रदान कर दिया गया है। रामदास एवं उसकी पत्नी इस राशि से गिरवी रखे अपने घर को छुड़ा सकेगें।

सालेटेकरी की नवनिर्वाचित सरपंच धरमिन धुर्वे ने ली बीजेपी की सदस्यता

समाज जागरण/शिवशंकर पाण्डेय जिला ब्यूरो

बिरसा/बालाघाट।जिले में सम्पन्न हुए पंचायत चुनाव के बाद नवनिर्वाचित सरपंच व पंचों ने अपने अपने पसंद की पार्टी की सदस्यता लेना शुरू कर दिया है।इसी तरह से सालेटेकरी ग्रामपंचायत की नव निर्वाचित सरपंच व सरपंच पति ने बीजेपी की सदस्यता ग्रहण करने के लिए जिला पंचायत सदस्य व बीजेपी की दमदार नेता अनुपमा नेताम के निवास पर अपने सहयोगियों के पहुंची।जहां अनुपमा नेताम ने सरपंच व सहयोगियों के भव्य स्वागत करते हुए सरपंच व सरपंच पति को बीजेपी की सदस्यता दिलाई और बीजेपी का गमछा देकर सम्मानित किया।सरपंच के साथ ताम्रध्वज डहरवाल कामता प्रसाद गंधर्व,टुकेंद्र चौबे ,गीता गंधर्व , इंद्रा रावतकर अन्य भाजपा कार्यकर्ता शामिल हुए।

मूर्ति चोरी की घटना के बाद मन्दिर पहुंचे, विधायक बांधी घटना का जायजा लेकर की पुलिस अधिकारियों से चर्चा

समाज जागरण संवादाता विवेक देशमुख

बिलासपुर। मस्तूरी थाना क्षेत्र के इटवा पाली में भगवान भगवान गणेश के मंदिर से प्राचीन बेशकीमती मूर्ति की चोरी के बाद पुलिस विभाग सकते में आ गया है वही घटना के बाद क्षेत्रीय विधायक डॉक्टर कृष्णमूर्ति बांधी ने भी मंदिर प्रांगण पहुंचकर घटना का जायजा लिया साथ ही प्रशासन के अधिकारियों से चर्चा कर मूर्ति जल्द बरामद करने की बात कही है।

बता दें कि ग्राम इटवा पंचायत के अति प्राचीन भवरगणेश मन्दिर से भगवान गरुण की प्राचीन मूर्ति चोरी अज्ञात चोरों ने गुरुवार की रात मंदिर के पुजारी को बंधक बनाकर मूर्ति उड़ा ले गए सुबह जब ग्राम के लोग पूजा पाठ के लिए मंदिर पहुंच तो घटना की जानकारी हुई मूर्ति प्राचीन व बहुमूल्य बताई जा रही है.

लोगों में बढ़ा आक्रोश

वर्षो पुराने मंदिर से भंवर गणेश की मूर्ति चोरी होने की घटना से स्थानीय लोगों व ग्रामीणों में भारी आक्रोश है मन्दिर से पूरे इलाके के लोगों की गहरी आस्था जुड़ी हुई है. लिहाजा चोरी की इस घटना से लोग बेहद नाराज हैं. मन्दिर के पुजारी सहित सैकड़ों लोगों ने जल्द से जल्द चोरों को पकड़ने की मांग की है. मूर्तियों को बरामद कर अपराधियों को कड़ी सजा देने का आग्रह पुलिस अधिकारियों ने किया गया है.

जिला पंचायत दफ्तर में लगी आग... मनरेगा विभाग के दस्तावेज, कंप्यूटर आग की चपेट में हुए खाक.. पहले भी लग चुकी हैं आग

जिला पंचायत अधिकारी और पुलिस विभाग पहुँचे मौके का लिया जायजा

समाज जागरण संवादाता विवेक देशमुख

बिलासपुर।जिला पंचायत बिलासपुर की पुरानी बिल्डिंग में आग लगने की खबर से हड़कंप मच गया मौके पर दमकल की गाड़ियों ने आकर आग पर काबू पाया गया। जानकारी के अनुसार घटना शाम 5.30 बजे के आसपास की है जिला पंचायत की मनरेगा विभाग के ऑफिस के भीतर अचानक आग लगने से धुआं उठता देख कर्मचारियों को आगजनी का पता चला।इस घटना में विभाग में रखे दस्तावेज व कम्प्यूटर जल गए है आगजनी का मुख्य कारण शार्ट सर्किट से होना बताया जा रहा है। जिला पंचायत सीओ, पुलिस विभाग के अधिकारी ने मौके पर पहुँच कर आग लगने की ली जानकारी।

ऑटो चालकों का आतंक, दूरी महज 3 किमी.किराया 20 रुपए ?

पटौदी/सुरेश कोहली : पटौदी से धारूहेड़ा वाया मऊ -लोकरी पर चलने वाले ऑटो जमकर चांदी काट रहे है। आपको बता दें की पटौदी से मुमताजपुर की दूरी महज 3 किमी है लेकिन किराया 20 रुपए लेते है। जबकि जायज किराया 10 बनता है। यहां यह भी बता दे की इन ऑटो ड्राइवर के पास न पूरा ऑटो के कागजात और न ही खुद के पास ड्राइविंग। लाइसेंस। इन ऑटो ड्राइवरों ने आतंक मचाया हुआ है ओवर लोड होकर रूट पर चलते है।इन्हें किसी की जान और जिंदगी की कोई परवाह नही है। पटौदी प्रशासन इस और ध्यान दें। कुछ स्थानीय लोगों का कहना है की इस रूट पर बस चलनी चाहिए ताकि लोगों को किसी भी प्रकार की आने -जाने में कोई दिक्कत न हो। आपको बता दें की इस रूट पर सफेदार नगर, बास पदमका,मुमताजपुर,तुरकापुर,भोंकरका, लोकरा,दरार्पुर,मऊ -लोकारी आदि गांव पड़ते है। उन्होंने इस रूट पर बस चलने की विशेष मांग की है।

कानपुर में एस टी एफ के शिकंजे में फंसा फर्जी आधार कार्ड का मास्टरमाइंड

झारखंड के युवक से खरीदी वेबसाइट और साफ्टवेयर बिहार के बेतिया ,मधुबनी मुजफ्फरनगर, चंपारण , लखनऊ नोएडा और उन्नाव समेत अनेक शहरों में बेचकर कमाए लाखों

दैनिक समय जागरण सुनील बाजपेई

कानपुर` यहां एसटीएफ ने एक ऐसे गिरोह का खुलासा करने में सफलता प्राप्त की है जो फर्जी आधार कार्ड बनाने में माहिर था` उसने इसकी वेबसाइट और सॉफ्टवेयर बेच कर भी लाखों कमाए। इसी बीच मुखबिर की सटीक सूचना पर एस टी एफ ने उसे बर्रा इलाके से गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त कर ली`

पुलिस के मुताबिक पकड़ गया मास्टरमाइंड मूलरूप से कानपुर देहात में अकबरपुर के गौरीपुर का रहने वाला है। छापे के दौरान एसटीएफ ने उसके आफिस से कई फर्जी आधार कार्ड, जीपीएस डिवाइस, थंब स्कैनर, विभिन्न लोगों के सर्टिफिकेट, निर्वाचन कार्ड, इलेक्ट्रानिक मीडिया का प्रेस कार्ड, लाइव कैमरा, प्रिंटर, रेटिना स्कैनर, तीन रजिस्टर, आठ मोहर आदि दस्तावेज बरामद किए।

मामले में एसटीएफ के एसआइ ने अनिल के खिलाफ बर्रा थाने में धोखाधड़ी, कूटरचित दस्तावेज तैयार करना, षडयंत्र, आइटी एक्ट, आधार अधिनियम आदि धारा में मुकदमा दर्ज कराया है।

एसटीएफ सूत्रों के हवाले से मिली जानकारी के अनुसार अनिल ने पूछताछ में बताया कि उसने भी फर्जी आधार कार्ड बनाने व संशोधन करने वाली वेबसाइट और साफ्टवेयर को बिहार के बेतिया जिला के कमलनाथ नगर निवासी हिमांशू राज पांडेय, किशनगंज के बैगना निवासी गुरफान जावेद, मधुबनी कैंट के चानन निवासी गुलाब पासवान, चंपारन के मटरिया निवासी सोनू कुमार, मुजफ्फरपुर निवासी आनंद कुमार मोहन, लखनऊ के सत्यप्रकाश सिसोदिया, नोएडा के राहुल कुमार, उन्नाव के नरेंद्र कुमार उन्नाव, बस्ती के बाबूराम यादव समेत 15 से ज्यादा लोगों को अलग-अलग जिलों में 20 से 30 हजार रुपये में बेच चुका है। अब पुलिस उसके फरार साथियों की भी तलाश कर रही है

पचपेड़ी रेस्ट हाउस में कांग्रेस कमेटी मस्तुरी की बैठक मे केंद्र सरकार जनविरोधी नीति और कमरतोड़ महंगाई के खिलाफ विधानसभा मे ब्लॉक स्तरीय धरना प्रदर्शन की रूपरेखा तैयार

समाज जागरण संवादाता विवेक देशमुख

मस्तुरी। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी व प्रदेश कांग्रेस कमेटी छत्तीसगढ़ के निदेर्शानुसार जिला कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में केंद्र की मोदी सरकार की जनविरोधी नीतियों और कमरतोड़ महंगाई के खिलाफ 28/8/2022 से 3/9/2022 को विधानसभा के विभिन्न स्थानों में प्रदर्शन कार्यक्रम आयोजित होना है।

इसकी रूपरेखा के लिए आज दिनांक 27/8/2022 दिन शनिवार को दोपहर 03:00 बजे पचपेडी रेस्ट हाऊस में ब्लॉक स्तरीय धरना प्रदर्शन की रूपरेखा तैयार करने के लिए ब्लॉक कांग्रेस कमेटी मस्तुरी के नेतृत्व में बैठक लिया गया ।

इस रूपरेखा में दिनांक 29/8/2022 सोमवार को दोपहर 3:00 ग्राम ठाकुरदेवा बाजार में केन्द्र के मोदी सरकार के बढती महंगाई को लेकर विरोध प्रदर्शन करने का निर्णय लिया गया।

इस बैठक में ब्लॉक कांग्रेस मस्तुरी अध्यक्ष नागेंद्र राय, युवा कांग्रेस नेता अशोक राजवाल, विशंभर बादल खुटे,

ब्लॉक उपाध्यक्ष विजय नामदेव, मोहन खंडेल,केशव साहू,धनेष बांधे, मीडिया प्रभारी गणेशदत्त राजू तिवारी सहित कांग्रेस के पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल मे खेलों का आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ

समाज जागरण संवादाता विवेक देशमुख

बिल्हा। स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल चकरभाठा में इस महीने के हर शनिवार को चली आ रही खेलों का आयोजन आज महीने के आखिरी शनिवार को सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। शाला की प्राचार्या श्रीमती रीना राहा के कुशल नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में खेलों का भव्य आयोजन रखा गया था। खेल प्रभारी आशुतोष पांडेय ने बताया कि शासन के निदेर्शानुसार अगस्त महीने के हर शनिवार को विभिन्न खेलो कबड्डी ,खो-खो ,बैडमिंटन, रिले रेस, शतरंज ,भाला फेंक , जलेबी दौड़, कुर्सी दौड़ ,बोरा दौड़ इत्यादि खेलों का आयोजन हाउस वाइस किया गया ! जिसमें अरपा हाउस, इंद्रावती हाउस, महानदी हाउस ,शिवनाथ हाउस की टीमों ने भाग लिया एवं उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। कबड्डी बॉयज सीनियर मैं शिवनाथ हाउस, कबड्डी गर्ल्स सीनियर अरपा हाउस, खो-खो बॉयज सीनियर में शिवनाथ, खो खो गर्ल्स जूनियर अरपा, कबड्डी जूनियर बॉयज इंद्रावती, बैडमिंटन जूनियर ब्वॉय इंद्रावती, चेस जूनियर इंद्रावती, चैस सीनियर इंद्रावती हाउस के बच्चों ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में माध्यमिक शाला एच एम

गरिमा साहनी, मोनिका वर्मा, माधुरी कश्यप, सविता राय, गार्गी सेन पात्रा, नेमा श्री गुप्ता, वीणा बजाज, शैलेश पातूर वार, नेहा पांडे मीनाक्षी शर्मा आकांक्षा मिश्रा, प्राथमिक शाला एच एम मुबशीर अहमद, मयूरिका पांडे, राजकुमारी रावलानी, रुचि द्विवेदी रिचा ताम्रकार दुष्यंत रजक माधुरी साहू का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

धारूहेड़ा में बस स्टैंड न होने से लोगों में रोष,स्वच्छता अभियान की भी खुली पोल

समाज जागरण

पटौदी/धारूहेड़ा/सुरेश कोहली : यूं तो सरकार विकास के चाहे कितने भी बड़े -बड़े दावे कर ले लेकिन धरातल पर ऐसा संभव नही है। आइए! आपको लेकर चलते है रेवाड़ी जिले की उपतहसील व नगर पालिका धारूहेड़ा में जहां आप खुद ही देख लीजिए की बस स्टैंड कहां है। हां ! आपको सामान्य बस स्टेंड धारूहेड़ा का एक साइन बोर्ड जरूर देखने को मिल जाएगा। ओर उसके सामने इतनी गंदगी का आलम है की शायद यही सरकार का स्वच्छता अभियान है? नगर पालिका को इस और विशेष ध्यान देना चाहिए।आपको बता दें की धारूहेड़ा अपने आप में एक इंडस्ट्रीज एरिया है जहां बहुत सारी कंपनियां भी है।जिसमे हीरो मोटोकॉर्प लिमिटेड भी शामिल है। धारूहेड़ा से राजस्थान की सीमा भी सटे होने के कारण यह कस्बा कई जिलों को जोड़ता है । लेकिन बस स्टैंड नही होने की वजह स्थानीय लोगों व मुसाफिरों को अच्छी खासी परेशानी झेलनी पड़ रही है। एंटी करप्शन फाउंडेशन ऑफ इंडिया से डॉ. धर्मेंद्र सिंह कापड़ीवास का कहना है की बिना बस स्टैंड के आने -जाने वाले लोगों को समस्या से दो चार होना पड़ता है। सरकार जल्द से जल्द बस स्टैंड का निर्माण शुरू करें ताकि बनने के बाद कोई परेशानी न उठानी पड़े।

उनका यह भी कहना है की स्कूल,कॉलेज में पढ़ने वाले बच्चों को भी काफी समस्याओं से रूबरू होना पड़ रहा है। उन्होंने कहा की सरकार को इस और विशेष देना चाहिए।

धूमधाम से मनाया गया पोला पर्व,बैल दौड़ का किया गया आयोजन

समाज जागरण/शिवशंकर पाण्डेय जिला ब्यूरो

बिरसा/बालाघाट।पोला पर्व को किसानों का पर्व भी कहा जाता है।इस दिन किसान अपने बैलों को सजाकर दौड़ करवाते है और जिस किसान का बैल दौड़ में प्रथम आता है उसको इनाम दिया जाता है।बैल किसानों के जीवन का महत्वपूर्ण हिस्सा होता है। किसान बैलों को देवतुल्य मानकर उसकी पूजा-अर्चना करते हैं।

इस दिन मिट्टी और लकड़ी से बने बैल चलाने की भी परंपरा है। पर्व के 2-3 दिन पूर्व से ही बाजारों में लकड़ी तथा मिट्टी के बैल जोड़ियों में बिकते दिखाई देते हैं। बढ़ती महंगाई इस कारोबार पर भी पड़ी है जिससे यह अब करीबन 50 से 100 रुपए तक की जोड़ी में बेचे जाते हैं। इसके अलावा मिट्टी के अन्य खिलौनों की भी भरमार बाजारों में रही जिसको बच्चों ने खरीदा।

पोला यानी किसान का पर्व

यह त्योहार दरअसल कृषि आधारित पर्व है। वास्तव में इस पर्व का मतलब खेती-किसानी, जैसे निंदाई, रोपाई आदि का कार्य समाप्त हो जाने के बाद किसान इस पर्व को मनाते हैं जहां प्रत्येक घरों में ठेठरी, खुरमी, चौसेला, खीर, पूड़ी जैसे कई लजीज व्यंजन बनाए जाते हैं।

महाराष्ट्रीयन परिवारों में पोळा पर्व के दिन घरों में खासतौर पर पूरणपोळी (साटोरी) और खीर बनाई जाती है। बैलों को सजाकर उनका पूजन किया जाता है फिर उन्हें पूरणपोळी और खीर भी खिलाई जाती है। शहर के प्रमुख स्थानों से उनकी रैली निकाली जाती है।

जिन-जिन घरों में बैल होते हैं, वे इस दिन अपने बैलों की जोड़ी को अच्छी तरह सजा-संवारकर इस दौड़ में लाते हैं। इस पूजन के बाद माताएं अपने पुत्रों से पहले 'अतिथि कौन?' इस तरह पूछती है और पुत्र अपना नाम माता को बताते हैं, उसके बाद ही पूरणपोळी और खीर का प्रसाद ग्रहण करते हैं।

महाराष्ट्र और छत्तीसगढ़ के साथ-साथ बालाघाट व खंडवा तथा अन्य कई स्थानों पर मनाए जाने वाले इस

लोक पर्व का नजारा देखने में बहुत ही खूबसूरत दिखाई देता है। मोती-मालाओं तथा रंग-बिरंगे फूलों और प्लास्टिक के डिजाइनर फूलों और अन्य आकृतियों से सजी खूबसूरत बैलों की जोड़ी हर इंसान का मन मोह लेती है।

भाद्रपद के कृष्ण पक्ष की अमावस्या को मनाया जाने वाला यह पोळा पर्व कई समाजवासी बहुत ही उत्साहपूर्वक मनाते हैं। बैलों की जोड़ी का यह पोळा उत्सव देखते ही बनता है।

इस अवसर पर बैल दौड़ और बैल सौंदर्य प्रतियोगिता का आयोजन किया जाता है। इसमें अधिक से अधिक किसान अपने बैलों के साथ भाग लेते हैं। खास सजी-संवरी बैलों की जोड़ी को इस दौरान पुरस्कृत भी किया जाता है।

एसडीएम साहब पटवारी पर कार्यवाही के बजाय उल्टे ही बिलासपुर प्रेस क्लब के वरिष्ठ पत्रकार को दी धमकी... पत्रकार ने आडियो किया रिकार्ड

समाज जागरण
संवादाता विवेक देशमुख

BILASPURफाबिलासपुर एसडीएम तुलाराम भारद्वाज ने बिलासपुर प्रेस क्लब के वरिष्ठ पत्रकार को फोन पर शिकायत करने के कारण धमकी दी। पत्रकार ने आडीयो रिकार्ड कर लिया है। बता दें कि 24 अगस्त को पत्रकार ने एसडीएम बिलासपुर और पटवारी आलोक तिवारी पर थाना सरकंडा में दर्ज अपराध क्रमांक 250/2022 आरोपी भोंदूदास मामले में शासकीय ऑनलाइन रिकार्ड से चिल्हाटी के खसरा नम्बर 224/380 में दर्ज भूमिस्वामी का नाम विलोपित करके केवल डेस डेस लाइन लिखने का शिकायत पेश किया था। जिसमें एसडीएम बिलासपुर पर पटवारी आलोक तिवारी को संरक्षण देने और कोई कार्यवाही नहीं करने का आरोप भी एसडीएम पर लगाया था।

दिनांक 26 अगस्त को शाम को पत्रकार ने एसडीएम बिलासपुर तुलाराम भारद्वाज को बाढ़ राहत प्रबंधन के बारे में दैनिक जानकारी अखबार में खबर लगाने के लिए फोन लगाया। तो एसडीएम तुलाराम भारद्वाज एकदम तिलमिला गए। और ऊँची आवाज में जोर जोर से अमर्यादित भाषा में पत्रकार को धमकी देने लगे। कि तुम मेरे खिलाफ शिकायत किए हो तुमको कोर्ट में घसीटूँगा। तुमको देख लूँगा। मीडिया के बारे में भी असंतुलित होकर उल्टा सीधा बोलने लगे। अनाप शनाप बोलने लगे एसडीएम साहब। इसकी शिकायत पत्रकार ने कलेक्टर कमिश्नर को रात को ही कर दिया है। यहाँ पर यह महत्वपूर्ण बात है कि एक तरफ प्रदेश के मुखिया भूपेश बघेल पत्रकारों के हित के लिए जायदा से जायदा काम करने का दावा कर रहें हैं। वहीं पर उनके

अधिकारी पत्रकारों को ही धमकी दे रहें है। एसडीएम साहब एक बात भूल जाते हैं कि वो जनता के नौकर हैं। जनता के टैक्स के पैसों से ही सरकार एसडीएम को वेतन देती है। यदि जनता को या किसी को भी कोई गलती दिखेगी तो वह तो शिकायत करेगा ही। यदि एसडीएम साहब पाक साफ है तो धमकी देने या तिलमिलाने का क्या जरूरत है। शांति से खुद जाँच कर ले या जाँच करवा लें और पाक साफ हैं तो कोई दिक्कत ही नहीं है। पटवारी आलोक तिवारी ऑनलाइन रिकार्ड से भोंदूदास प्रकरण के साक्ष्य को धीरे धीरे मिटाते जा रहा है। और इधर पुलिस लगातार इस केस में भोंदूदास घोटाले में आरोपियों को जेल भेजते जा रही है। एसडीएम साहब पटवारी पर कारवाही के बजाय उल्टे पत्रकार को ही धमकाना चालू कर दिए।

अजब है भाई यह। कलेक्टर साहब को तुलाराम भारद्वाज जी से क्या ऐसा प्रेम है कि इतने बड़े भोंदूदास घोटालें में एसडीएम पर खुलेआम आरोप लग रहा है उसके बाद भी उनका तबादला नहीं कर पा रहें है। क्या किसी नेता का इच्छा या दबाव बिलासपुर की जनता के हित से बड़ी है। आज मोपका में सैकड़ों एकड़ सरकारी जमीन इन अधिकारियों के कारण भू माफियाओं की भेंट चढ़ गयी। इन सैकड़ों एकड़ जमीनों में गरीबों के लिए सस्ता आवास बन सकता था, अस्पताल बन सकता था, स्कूल कालेज बन सकता था, सामाजिक भवन बन सकता था जहां गरीब बेटियों की शादी शानदार ढंग से की जा सकती थी। अब हर आदमी तो विवाह भवन बुक करा नहीं सकता।

मोपका में सरकारी जमीनों का बंदरबाँट करके गिनती के कुछ भू माफिया आज अरबपति बन चुके हैं। जिनके पास आज से तीस साल पहले खाने को दाना नहीं था आज वह करोड़ों करोड़ों के बंगलों में रहते है। यही हाल उन अधिकारियों का है जो भी मोपका लिंगियाडीह आता है वह दो ही साल में मालामाल हो जाता है। एमजी हेक्टर , रेंजरोवर, बीएमडब्लू जैसी गाड़ियों की लाइन लग जाती है।

मुमताजपुर के स्कूल में ग्रामीणों ने ली पेयजल बचाने की शपथ

दैनिक समाज जागरण

पटौदी/सुरेश कोहली : खंड के गांव मुमताजपुर (नया गांव) के राजकीय माध्यमिक विद्यालय प्रांगण में आज सरकार द्वारा चलाई जा रही अटल भूजल योजना के तहत जानकारी दी गई। साथ ही पेयजल संकट के प्रति सचेत करके जल संरक्षण की ग्रामीण,स्कूल स्टाफ, एसएमसी व बच्चों को शपथ भी दिलाई गई। इस अवसर पर सिंचाई विभाग के आईईसी विशेषज्ञ अशोक कौशिक ने कहा की आज के समय में पानी बचाना हम सब के लिए बहुत जरूरी है। क्योंकि भूजल स्तर काफी नीचे चला गया है।पानी हमारे जीवन का अहम हिस्सा है क्योंकि जल के बिना मनुष्य का जीवन संभव नहीं है। उन्होंने कहा की पानी की एकाएक बूंद कीमती है। उन्होंने बच्चों से भी कहा की पानी पीने के तुरंत बाद ही नल को अवश्य बंद कर दें।ताकि पानी व्यर्थ न जाए। उक्त बाते श्री अशोक कौशिक ने पेयजल संकट के प्रति ग्रामीणों,अध्यापक व बच्चों को संबोधित करते हुए कही। इस अवसर पर स्कूल के मुख्याध्यापक सतपाल सिंह यादव ने पूरी टीम की जमकर प्रशंसा भी की ओर कहा की समय -समय पर हमारे विद्यालय में अवश्य आते रहे

ताकि ग्रामीण भी जागरूक होकर एक सशक्त राष्ट्र निर्माण में अपना योगदान दे सके। इस अवसर पर मास्टर रामफल सिंह,जगदीश सिंह, सुनीता,विजेंद्र सिंह सहित ग्रामीण भी मौजूद रहे।

चीनी के उत्पादन में कमी लाएं और कृषि को ऊर्जा और बिजली क्षेत्रों की दिशा में विविधीकृत करें: केंद्रीय मंत्री श्री नितिन गडकरी

चीनी का अधिक उत्पादन अर्थव्यवस्था के लिए एक समस्या है; हम पेट्रोलियम उत्पादों के आयात के लिए प्रति वर्ष 15 लाख करोड़ रुपये व्यय करते हैं, इसलिए हमें कृषि को ऊर्जा और बिजली क्षेत्रों की दिशा में विविधीकृत करने की आवश्यकता है। केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री श्री नितिन गडकरी ने आज, 27 अगस्त 2022 मुंबई में राष्ट्रीय सह उत्पादन पुरस्कार 2022 के सम्मान कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उक्त बातें कहीं।

श्री गडकरी ने उद्योग को भविष्य की प्रौद्योगिकियों की मदद से वैकल्पिक ईंधन पर ध्यान केंद्रित करने की महत्वपूर्ण आवश्यकता के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा, ह्लजहां हमारी 65-70 प्रतिशत जनसंख्या कृषि पर निर्भर करती है, हमारी कृषि वृद्धि दर केवल 12 से 13 प्रतिशत है; गन्ना उद्योग और किसान हमारे उद्योग के लिए विकास के वाहक हैं। हमारा अगला कदम चीनी से राजस्व सृजन के लिए सह-उत्पादन होना चाहिए। भविष्य की प्रौद्योगिकियों के विजन को अंगीकार करते हुए और ज्ञान को संपदा में रुपांतरित करने के लिए नेतृत्व की शक्ति का उपयोग करते हुए उद्योग को चीनी का उत्पादन कम करना चाहिए और उप-उत्पादों का उत्पादन अधिक करना चाहिए।ह्व उन्होंने कहा कि यह न केवल किसानों को खाद्य उत्पादक बल्कि ऊर्जा उत्पादक बनाने में भी सक्षम बनाएगा।

श्री गडकरी ने कहा कि इस वर्ष जहां हमारी आवश्यकता 280 लाख टन चीनी की थी, उत्पादन 360 लाख टन से अधिक हुआ; इसका उपयोग ब्राजील की स्थिति की तरह किया जा सकता है। श्री गडकरी ने कहा कि हालांकि, हमें उत्पादन को इथेनॉल की ओर मोड़ने की जरूरत है क्योंकि इथेनॉल की आवश्यकता बहुत अधिक है। उन्होंने कहा, ह्लपिछले साल की क्षमता 400 करोड़ लीटर इथेनॉल थी; हमने इथेनॉल उत्पादन बढ़ाने के लिए बहुत सारी पहलें की हैं। अब समय आ गया है कि उद्योग बायोएथेनॉल द्वारा संचालित बिजली जनरेटर जैसी प्रौद्योगिकियों का उपयोग करके इथेनॉल की मांग बढ़ाने की योजना बनाएं।ह्व

श्री गडकरी ने उद्योग जगत को बताया कि सरकार ने भारत में फ्लेक्स इंजन लॉन्च करने का निर्णय लिया है। उन्होंने कहा, "बजाज, हीरो और टीवीएस पहले से ही फ्लेक्स इंजन बना रहीं हैं, कई कार विनिमार्ताओं ने भी

फ्लेक्स इंजन पर अपने मॉडल लॉन्च करने का वादा किया है।"

श्री गडकरी ने रूस के शोधकताओं के साथ चर्चा में इथेनॉल के कैलोरी मान पर एक महत्वपूर्ण समस्या का कैसे समाधान किया गया है इसके बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा, "इथेनॉल का कैलोरी मान कम था, 1 लीटर पेट्रोल 1.3 लीटर इथेनॉल के बराबर था, लेकिन रूसी प्रौद्योगिकी का उपयोग करके, हमने इथेनॉल के कैलोरी मान को पेट्रोल के समान बनाने का एक मार्ग खोज लिया है।"

श्री गडकरी ने बताया कि यहां तक कि ऑटो-रिक्शा भी बायोएथेनॉल से चलाए जा सकते हैं; निर्माण उपकरण उद्योग में भी, वैकल्पिक ईंधनों का उपयोग किया जा सकता है, इसी तरह, जर्मनी ने बायो-एथेनॉल पर रेलगाड़ी चलाने की प्रौद्योगिकी सिद्ध की है। उन्होंने कहा कि एथेनॉल के अत्यधिक शुद्ध संस्करण का उपयोग उड्डयन उद्योग में भी किया जा सकता है; उन्होंने कहा कि एयरनॉटिकल सेक्टर इस पर शोध कर रहा है कि इसे कैसे किया जा सकता है। उन्होंने कहा, "बायो-सीएनजी सीएनजी की तुलना में काफी सस्ता है और इसे चावल के भूसे से और यहां तक कि जैविक नगरपालिका कचरे से भी बनाया जा सकता है, जो इसे आर्थिक रूप से आकर्षक बनाता है।"

श्री गडकरी ने उद्योग जगत को स्मरण दिलाया कि गन्ने की कटाई के लिए हार्वेस्टिंग प्रौद्योगिकी के इस्तेमाल की संभावना है। उन्होंने कहा, "कटाई करने वाली मशीनें ईंधन के रूप में इथेनॉल का उपयोग कर सकती हैं, जिससे चक्रीय अर्थव्यवस्था संभव हो सकती है।"

श्री गडकरी ने कहा कि चीनी उद्योग कई समस्याओं का सामना कर रहा है और हमें बिजली खरीद दरों को विवेकशील बनाने की आवश्यकता है; कुछ राज्य केंद्र सरकार की नीति के अनुरूप दरें नहीं दे रहे हैं, यही कारण है कि गन्ना उद्योग आर्थिक रूप से व्यवहार्य नहीं है। उन्होंने उद्योग से इस मामले को उपयुक्त मंचों पर उठाने को कहा।

स्वाभिमान के साथ कोई समझौता नहीं

मो0 नजीर/समाज जागरण,सुपौल

जिले में श्री गोविन्द जो कि वर्किंग जर्नलिस्ट मीडिया काउंसिल, बिहार के प्रदेश अध्यक्ष भी हैं ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि पता नहीं ललन बाबू के जैसे नेता ने आखिर ऐसा बयान क्यों दिया। वे किसी एक व्यक्ति पर बयान दे सकते थे, वह कुछ का भी प्रयोग कर सकते थे। उन्होंने कहा कि कोई नेता चोर है तो हम सभी को चोर नहीं कह सकते। बोले, बयान सुनकर हतप्रभ हूं। पत्रकारों के अपमान को जेएमसी बर्दाश्त नहीं करेगा। श्री गोविन्द ने कहा कि अगर आप गलत नहीं हो तो किसी से डरने की, दबने की, झुकने की और किसी के सामने चुप रहने की जरुरत नहीं है। अपने बेबाक बयान को लेकर चर्चित श्री गोविन्द ने कहा कि इस संसार में कुछ टूटे या ना टूटे लेकिन सबका घमंड एक ना एक दिन अवश्य टूटता है। सबसे बेहतरीन नजर वह होती है, जो स्वयं की गलतियों को देख सके। बोले, सच यही है कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के दृढ़ निश्चय व तमाम सरकारी प्रयासों के बावजूद राज्य में शराबबंदी विफल होती दिख रही है। जहां शराब पकड़ी जा रही है, वहीं बनाई भी जा रही है, लोगों की जान जा रही है सो अलग। हालांकि यह जांच का एक विषय है। कहा कि भले ही सत्ता में बैठे लोगों के साथ ही अधिकारी वर्ग उत्साहित हैं कि अब शराब नहीं बिक रही है। लेकिन सरजमीं पर ऐसा है नहीं। छलकते जाम और लड़खड़ाती जुबान के बीच आज भी यहां के पियक्कड़ टाटा-बिरला को खरीदने की बात करते हैं। आज की तारीख में भी महफिल जम रही है। हां, अब पहले वाली बात नहीं है। टल्ली होने के बाद शराबी सड़कों पर हुड़दंग नहीं मचाते। बोले, शराब सिंडिकेट में भी पूरी तरह से सफेदपोश हावी हैं। अवैध कमाई में सभी की हिस्सेदारी तय है। ललन बाबू सत्ता में हैं उन्हें इसकी जांच करवानी चाहिए, दूध का दूध और पानी का पानी हो जाएगा। श्री गोविन्द ने आगे कहा कि प्लीज, ललन बाबू इस तरह का बयान मत दीजिए। पहले स्थिति का अवलोकन तो कर लीजिए। बोले, ललन बाबू का बयान निंदनीय के साथ ही चिंतनीय है। यह स्पष्ट रूप से स्वतंत्र रिपोर्टिंग को रोकने और दबाने का एक प्रयास है। उन्हें यह समझना होगा कि यह बिहार है। हम प्यार करते हैं तो तहे दिल से और गलत का विरोध भी खुलकर करते हैं। उन्होंने पत्रकारों से गलत का खुलकर विरोध करने की अपील करते हुए कहा है कि इतिहास टकराने वालों का लिखा जाता है, तलवे चाटने वालों का नहीं। बोले, जो होगा देखा जाएगा, स्वाभिमान के साथ कोई समझौता नहीं।

प्रखंड सह अंचल कार्यालय का डीएम कौशल कुमार ने किया निरीक्षण, दिए आवश्यक निर्देश।

अमरेश कुमार/समाज जागरण,पीपरा, सुपौल

जिले के पिपरा प्रखंड सह अंचल कार्यालय का आज डीएम कौशल कुमार ने सामान्य निरीक्षण किया। इस दौरान कार्यालय में विभिन्न पंजियों के संधारण की जांच की गई। निरीक्षण के बाद डीएम कौशल कुमार ने बताया कि कुछ पंजीयों का संधारण ठीक से नहीं किया गया है। जिसे ठीक करने का निर्देश दिया गया है। साथ ही विभिन्न विकास योजनाओं की भी जांच की गई। इस दौरान प्रधानमंत्री आवास योजना सहित अन्य योजनाओं का निरीक्षण किया गया। डीएम ने पिपरा प्रखंड में संचालित विकास कार्य को संतोषजनक बताया। कार्यालय निरीक्षण के बाद डीएम कौशल कुमार ने बताया कि ऑफिस के कार्यकाल में थोड़ा सा नियंत्रण की आवश्यकता है, जिसको लेकर वीडिओ लवली कुमारी को आवश्यक

निर्देश दिया गया है। साथ ही कहा की इसको लेकर कुछ दिनों बाद फिर निरीक्षण किया जाएगा। डीएम के निरीक्षण से कार्यालय में अफरातफरी का आलम रहा।

किशोरियों को वित्तीय रूप से जागरूक करने को एक जिम्मेवार नागरिक बनाने के लिए वित्तीय साक्षरता का हुआ आयोजन।

सरोज कुमार/समाज जागरण,किसनपुर, सुपौल

जिले में किसनपुर प्रखंड अन्तर्गत उच्च माध्यमिक विद्यालय किशनपुर में किशोरियों को वित्तीय रूप से जागरूक करके एक जिम्मेदार नागरिक बनाने के लिए वित्तीय साक्षरता कार्यक्रम की शुरूआत की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए एचएम डॉ राजीव कुमार ने कहा कि बिहार शिक्षा परियोजना परिषद पटना और यूनिसेफ के संयुक्त तत्वाधान में राज्य स्त्रोत व्यक्ति के रूप में विद्यालय के दो शिक्षक जितेन्द्र कुमार और बिनीता कुमारी ने 22 से 24 अगस्त 2022 के बीच प्रशिक्षण प्राप्त किए हैं । बालिकाओं में वित्तीय समझ एक सशक्त समाज के निर्माण में मदद करेगा। यह कार्यक्रम विभाग की महत्वाकांक्षी योजना है जिसे पायलट प्रोजेक्ट के रूप में राज्य के तेरह जिलों में शुरू किया गया है जिसमें सुपौल जिला भी शामिल है।कार्यक्रम का संचालन करते हुए नोडल सह विज्ञान शिक्षक जितेन्द्र कुमार ने कहा कि दुनियां जिस रफ़्तार से तकनीक के क्षेत्र में आगे बढ़ रहा है साइबर क्राइम में भी बढ़ोतरी हुई है। कई बार तो शिक्षित लोग भी ठगी के शिकार हो जाते हैं।इससे बचने का एक ही उपाय है साइबर क्राइम के बारे में समुचित जानकारी प्राप्त करना और तकनीकों का बुद्धिमता पूर्वक उपयोग को सीखना।कहा जाता है कि एक लड़की अगर शिक्षित होती है तो पूरा परिवार शिक्षित होता है।हमारी बेटियां बहुत बड़े सामाजिक परिवर्तन की वाहक है।आज का बचत ही कल

की आर्थिक स्वतंत्रता दिलाएगी।वित्तीय साक्षरता कार्यक्रम के व्यापक आयाम हैं इसके तहत घरेलू बजट बनाना, आवश्यकता और आकांक्षा के बीच अंतर को समझना,बचत की आदत विकसित करना,बैंकिंग प्रणाली की जानकारी खाता खोलना, जमा और निकासी की प्रक्रिया को समझना,चेक से भुगतान, ऑनलाइन पेमेंट, एटीएम की समझ, पिन नंबर की गोपनीयता, पोस्ट ऑफिस की विभिन्न योजनाएं,साइबर फ्रॉड, साइबर सुरक्षा, बीमा पॉलिसी, बीमा का प्रकार, पेंशन स्कीम, बैंक से लोन लेने की प्रक्रिया,साहूकारों के कर्जजाल से निकलने के उपाय, स्वरोजगार के साधन,स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना, मुद्रा योजना, मुख्यमंत्री महिला उद्यमी योजना,कौशल विकास कार्यक्रम अन्य सरकारी योजनाओं की जानकारी दी जाएगी। इस कार्यक्रम के सकारात्मक प्रभाव के कारण लड़कियों में आत्मविश्वास बढ़ेगा, मन से झिझक खत्म होगा।बचत की प्रवृत्ति बढ़ेगी आर्थिक आत्मनिर्भरता में बढोतरी होगी साथ ही आपातकालीन स्थिति में वित्तीय मदद भी मिल सकेगा।

विद्यालय में शिक्षक और छात्राओं के साथ अलग - अलग बैठक कर वित्तीय साक्षरता कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी दी गई। बैठक में शिक्षक बुधदेव पासवान,योगेंद्र कुमार योगेश,सुमन सौरभ,रोहित कुमार कुश, रामकृष्ण चौपाल,संजीव,सुवीर,राकेश,राजेंद्र, राजन,प्रमोद,शोभानंद,महबूब आलम,प्रणिता, मधु, गुंजन,अन्नु , छात्रा सैजल प्रवीण,निराली,खुशबू,सोनम,अन्नु, सीमा,मधुलता,प्रीति,साना खानम, विभा,नूर आदि ने हिस्सा लिया।

गलत बिजली चोरी का मामला दर्ज करने पर, महिला ने बिजली विभाग के जेई अभिजीत पर झूठा मामला दर्ज करवाने का लगाया आरोप।

राजीब मिश्रा/समाज जागरण,राघोपुर, सुपौल

जिले के राघोपुर प्रखंड अंतर्गत अड़राहा निवासी उषा देवी ने बिजली विभाग के सहायक अभियंता करजाईन पर गलत ढंग से बिजली चोरी का एफआईआर दर्ज कराने का आरोप लगाते हुए सहायक विद्युत अभियंता अवर प्रमंडल राघोपुर को आवेदन देकर इसकी जांच की मांग की गई है। दिए आवेदन में परमानंदपुर पंचायत के अड़राहा निवासी उषा देवी ने बताया है कि उनके परिवार में एक ही जगह तीन मीटर लगा है, जो उनके पति शिवदत्त पासवान, मोहन पासवान एवं रामदत्त पासवान का है। इनमें से मोहन पासवान एवं रामदत्त पासवान का कनेक्शन मार्च माह में ही काट दिया गया था। उनके पति का कनेक्शन नहीं काटा गया था। गत 21 अगस्त को सहायक विद्युत अभियंता जगदीशपुर, करजाईन के द्वारा उनका कनेक्शन काट दिया गया तथा उनके पति शिवदत्त पासवान पर चोरी से बिजली जलाने का एफआईआर



करजाईन थाना में करवा दिया गया। इस संबंध में जांचकर उचित करवाई की जाए।

मोटरसाइकिल की डिक्की तोड़ अपराधियों ने उड़ाए ₹50000

दैनिक समाज जागरण बौंसी संवाददाता- सुनील कुमार

बौंसी/बांकाः- मोटरसाइकिल की डिक्की तोड़ अपराधियों ने ₹50000 उड़ा लिए। मिली जानकारी के अनुसार बाराहाट थाना क्षेत्र के लीलावरण गांव निवासी घनश्याम मंडल का पुत्र सीताराम मंडल भारतीय स्टेट बैंक शाखा बौंसी से पैसे निकासी कर घर जा रहे थे। जो धान के व्यवसाई हैं। बताया जाता है कि, भारतीय स्टेट बैंक बांसी शाखा से ₹50000 निकासी कर डेम रोड से लौटकर दुमका रोड के विक्की इलेक्ट्रॉनिक में बिजली का सामान खरीदने गए थे। इसी बीच पहले से

घात लगाए अज्ञात अपराधियों के द्वारा मोटरसाइकिल की डिक्की तोड़कर पैसे लेकर फरार हो गया। पीड़ित ने रुपए निकालते देख बाइक सवार दो अपराधियों का शोर करते हुए पीछा भी किया। लेकिन अपराधी भागने में सफल रहे। पीड़ित ने इस मामले में बौंसी थाने में आवेदन देकर कार्यवाही करने की मांग की है। दूसरी ओर थानाध्यक्ष अरविंद कुमार राय ने बताया कि, मामले की जांच की जाएगी। मालूम हो कि, इसके पूर्व भी कई बार छिंतई की घटना हो चुकी है। लेकिन आज तक पुलिस उसका सुराग लगाने में सफल नहीं हो पाई।

सएसबी ने चलाया वृक्षारोपण अभियान

सशस्त्र सीमा बल 48 वी वाहिनी के कमांडेन्टे आई एस पनमई के निदेर्शानुसार प्रस्तावित वाहिनी मुख्यालय दुल्लीपट्टी के कंपनी कमांडर लक्षि रामे के नेतृत्व में उत्क्रमित उच्च विद्यालय दुल्लीपट्टी परिसर में वृक्षारोपण अभियान चलाया गया।

इसी कड़ी में 48 वी वाहिनी सस्त्र सीमा बल मुख्यालय बाजार समिति के अंतर्गत कमला, हरिने, पिपरौन, जानकी नगर, एवं दुल्लीपट्टी परिसर में सशस्त्र सीमा बल सभी अधिकारियों एवं जवानों ने वृक्षारोपण किया।

दुल्लीपट्टी कंपनी कमांडर लच्छि राम ने अभियान में शामिल जवानों एवं उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि आज जिस तरह से प्रदूषण में बेतहाशा वृद्धि हो रही है, उसी के अनुरूप पर्यावरण को बचाने हेतु हर मनुष्य प्राणी को पेड़ लगाना चाहिए। पर्यावरण के प्रति वैश्विक स्तर पर जागरूकता लाने के लिए मनाया जाता है। पर्यावरण के पौधे लगाए जिसमें अमरूद, जामुन, अशोक और महोगनी आदि के पौधे लगाए।

48 वी वाहिनी सस्त्र सीमा बल के उप कमांडेन्ट श्री राम विशाल ने कहा कि पेड़-पौधे हमारे जीवन की सपत्ति हैं, पेड़-पौधे जलवायु को संतुलित रखते हैं। 48 वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल के कमांडेन्ट आई एस पनमई ने कहा कि एक पेड़ सौ पुत्र के समान होता है। अधिक से अधिक संख्या में पेड़ लगाकर हमें अपने पर्यावरण को बचा कर पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपने सजग दायित्व का निर्वहन करना चाहिए। वृक्षारोपण अभियान में सशस्त्र सीमा बल दुल के प्रति जागरूक करने के लिए उच्च माध्यमिक विद्यालय दुल्लीपट्टी परिसर में विभिन्न प्रकार के पेड़ पौधा लगाया गया। साथ ही उन्होंने यह भी बताया कि इस कार्य को निरन्तर जारी रखा जायेगा।

इस दौरान पर्यावरण संरक्षण के लिए सशस्त्र सीमा बल के पदाधिकारियों एवं जवानों ने मिलकर विभिन्न प्रकार

एलएनडी बालिका उच्च विद्यालय में बेंच और डेस्क की हुई खरीद, 3 सदस्यी टीम ने की जांच

दैनिक समाज जागरण बौंसी संवाददाता- सुनील कुमार

बौंसी/बांकाः- जिलाधिकारी अंशुल कुमार के निर्देश पर एलएनडी प्रोजेक्ट कन्या उच्च विद्यालय बौंसी में 6 माह पूर्व खरीदी गई 50 बेंच डेस्क की 3 सदस्यी टीम के द्वारा जांच की गई। शुक्रवार को वरीय कोषागार पदाधिकारी अमरेश कुमार, माध्यमिक शिक्षा के डीपीओ मणिकांत प्रसाद गुप्ता और प्रखंड विकास पदाधिकारी अमित कुमार के द्वारा संयुक्त रूप से बेंच डेस्क खरीद की जांच की गई। बढ़ई मिस्त्री को बुलाकर बेंच डेस्क के गुणवत्ता और कीमत की जांच की गई। मालूम हो कि, ग्राम समाचार के द्वारा विद्यालय में बेंच डेस्क की कमी को लेकर खबर प्रकाशित की गई थी। जिसके बाद 30 जुलाई को जिलाधिकारी अंशुल कुमार ने मामले की गंभीरता को देखते हुए विद्यालय की स्थिति की जांच की थी। जिसमें छात्र-छात्राओं ने बेंच डेस्क के साथ-साथ गर्मी से बचाव के लिए पंखा, पेयजल के लिए आरो लगवाने एवं चार

दिवारी निर्माण करवाने की बात कही थी। मालूम हो कि, विद्यालय प्रबंध समिति से खरीदे गए बेंच डेस्क का भुगतान करना था। जिसका भुगतान शिक्षा समिति सदस्य संध्या सिंह के द्वारा चेक पर हस्ताक्षर नहीं करने की वजह से नहीं हो पाया था। भुगतान नहीं होने की जानकारी मिलने पर जिलाधिकारी के द्वारा इस मामले की गंभीरता को देखते हुए इसकी जांच करने का आदेश दिए थे। मालूम हो कि, बेंच डेस्क की गुणवत्ता पर भी सवाल उठाए गए थे। लेकिन जब टीम के द्वारा मामले की जांच की गई तो करीब ₹4000 प्रति बेंच डेस्क की कीमत बढ़ई मिस्त्री के द्वारा बताई गई। बताया गया कि, बेंच डेस्क की खरीद के लिए कटोरिया विधायक डॉक्टर निक्की हेम्ब्रम से अनुमति भी ली गई है।

क्या कहते हैं,माध्यमिक शिक्षा के डीपीओ

इस संबंध में माध्यमिक शिक्षा के डीपीओ मणिकांत प्रसाद गुप्ता ने बताया कि, त्रि-स्तरीय कमेटी के द्वारा मामले की जांच की गई है। बढ़ई को बुलाकर बेंच डेस्क की लकड़ी और मजदूरी की कीमत पता की गई। अधिकतम 5000 तक का बेंच डेस्क बनाने का निर्देश विभाग के द्वारा है। साथ ही जांच प्रतिवेदन जिलाधिकारी को सौंप दिया जायेगा।

पुलिस ने 5 शराबियों को गिरफ्तार कर भेजा जेल

दैनिक समाज जागरण बौंसी संवाददाता- सुनील कुमार

बौंसी/बांकाः- बौंसी पुलिस ने 5 शराबियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। मिली जानकारी के अनुसार बौंसी हंसडीहा मुख्य मार्ग पर वाहन जांच के दौरान शराब के नशे में पाए गए 4 शराबियों का ब्रेथ एनालाइजर मशीन से जांच करने के बाद शराब पीने की पुष्टि हुई। जिसके बाद चारों शराबियों का मेडिकल परीक्षण कराया गया। जिसमें शराब पीने की पुष्टि हुई। इसके बाद चारों को जेल भेज दिया गया है। जानकारी देते हुए थानाध्यक्ष अरविंद कुमार राय ने बताया कि, बौंसी थाना क्षेत्र के भैरोबांध निवासी सहदेव सिंह, लालमोहन सिंह एवं बांका थाना क्षेत्र के झिरबा गांव निवासी विभीषण कुमार और बाराहाट थाना क्षेत्र के हरिपुर निवासी दिलीप राय को शराब के नशे में गिरफ्तार किया गया है।

शराब की पुष्टि होने पर अस्पताल में मेडिकल जांच करने के बाद मामले में केस दर्ज कर न्यायालय भेज दिया गया है। वहीं दूसरी ओर शराब के नशे में एक युवक को बौंसी पुलिस के द्वारा गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है। जानकारी देते हुए थानाध्यक्ष अरविंद कुमार राय ने बताया कि, थाना क्षेत्र के श्याम बाजार निवासी परगान हांसदा के पुत्र सोमनाथ हांसदा को शराब के नशे में गिरफ्तार किया गया था। ब्रेथ एनालाइजर से शराब की पुष्टि होने पर मेडिकल परीक्षण कराया गया और रेफरल अस्पताल में कोरोना जांच कराने के बाद जेल भेज दिया गया है।

पिछले 10 वर्षों से मोनू रंजन द्वारा दिया जा रहा है निशुल्क प्रशिक्षण

दैनिक समाज जागरण बौंसी संवाददाता- सुनील कुमार

मोनू रंजन शारीरिक शिक्षक माध्यमिक विद्यालय शोभापाथर, श्यामबाजार बौसी बांका में कार्यरत है। इन्होंने कड़ी मेहनत,लगन एवं संघर्ष करके जिला स्तर से लेकर राष्ट्रीय स्तर तक खेल जगत जैसे एथलेटिक्स, क्रिकेट, कबड्डी, स्विमिंग एवं योग के क्षेत्र में कई पदक मेडल ट्रॉफी हासिल करके जिला एवं राज्य का नाम रोशन किया है। इन्होंने अपने उत्कृष्ट अनुशासनात्मक प्रशिक्षण शैली के माध्यम से कई खिलाड़ियों को अनेकों बार ओवरऑल चैंपियन बनाया है। वर्तमान भी बांका जिला में बिहार क्रिकेट कैंप के तीन क्रिकेट खिलाड़ियों का चयन कराया। जिनका नाम इस प्रकार हैं पुनीत यादव, राघवेंद्र कुमार एवं हिमांशु कुमार हैं, जो कि 11 अक्टूबर से मुस्ताक अली टूनार्मेंट में भाग लेंगे। इन्हें कई बार सरकार एवं कई प्रतिष्ठित संस्थान द्वारा बेस्ट खेल शिक्षक , बेस्ट कोच, एवं साहसिक सामाजिक कार्यों के लिए सम्मान प्राप्त एवं उपलब्धि हासिल की है। इस कड़ी में 2017 में बेस्ट कबड्डी कोच के रूप में प्रधानाध्यापक संत जेवियर स्कूल पटना के द्वारा सम्मानित किया गया। 2018 में बेस्ट क्रिकेट कोच एसएएस ऑफिसर श्री अर्जित पेटू टुंडा एनआईटी पटना के द्वारा सम्मानित किया गया। 2019 में खेल मंत्री माननीय श्री प्रमोद कुमार बिहार सरकार द्वारा वेस्ट कोच का सम्मान उनके हाथों प्राप्त किया एवं 2022 में निशुल्क सफल प्रतियोगिता एथलेटिक्स सेंड एथलेटिक क्रिकेट एवं योग शिविर के लिए सर्वश्रेष्ठ खेल प्रशिक्षक शिक्षक के लिए आदरणीय आनंद कुमार गणितज्ञ

सुपर 30 पटना संस्थापक के द्वारा सम्मान दिया गया। साथ ही साथ ही उत्कृष्ट कार्यों खेल प्रशिक्षण एवं समाजसेवी कार्यो के लिए आदरणीय आईपीएस श्री विकास वैभव सर विशेष सचिव, गृह विभाग बिहार, द्वारा सम्मानित किया गया है। यह पिछले 10 वर्षों से बिहार दरोगा, बिहार पुलिस, इंडियन आर्मी एवं अग्निवीर के लिए निशुल्क प्रशिक्षण देने का कार्य कर रहे हैं जिसमें अभी तक हजारों गरीब बच्चों को लाभ मिला है जो आज बिहार दरोगा पद के साथ साथ भारतीय सेना के पद पर पदस्थापित होकर कार्य कर रहे हैं। इस कड़ी में बांका जिला बौसी प्रखंड से अनीश कुमार ,संजीव कुमार , परनीत एवं कुमारी प्रिया जो आज दरोगा के पद पर कार्यरत हैं। हाल के पिछले दिनों में कोविड-19 संक्रमण महामारी में जरूरतमंद मनुष्यों एवं भूखे जानवरों को भोजन खिला कर उनके जीवन बचाने का कार्य किया है। सभी जनप्रतिनिधियों ने इनके कार्यों के प्रति सराहाना व्यक्त की है। आज अपने पदस्थापित विद्यालय माध्यमिक विद्यालय शोभापाथर, श्याम बाजार में उत्कृष्ट साहसिक अनुशासनात्मक कार्यशैली के माध्यम से बच्चों को प्रशिक्षण देने का कार्य कर रहे हैं जो काफी सराहनीय है, साथ ही जिस विद्यालय में शारीरिक शिक्षक कार्यरत नहीं है उन विद्यालयों में भी बीच-बीच में समय निकालकर वहां के बच्चों को खेल के प्रति जागरूक एवं उसमें निहित ऊर्जा को रास्ता दिखाने का कार्य कर रहे हैं।

मोनू रंजन का मानना है बिहार राज्य के सुदूर क्षेत्र गांव में बच्चों में प्रतिभाओं की एवं ऊर्जा की कमी नहीं है ,अगर कमी है तो वह उत्कृष्ट खेल प्रशिक्षक, खेल मैदान एवं उचित मार्गदर्शन की। आज बेस्ट प्रशिक्षक की कमी के कारण विगत 45 वर्षों से अंतर्राष्ट्रीय जैसे ओलंपिक खेलों में बिहार की सहभागिता नगण्य है। इसलिए खिलाड़ियों के लिए संदेश है ऐसे किसी का जय जयकार नहीं होता मेहनत करने वालों की कभी हार नहीं होता।

बलुआ थाने में आयोजित हुआ जनता दरबार, आएं 2 मामलें 1 का हुआ निष्पादन

सोनू भगत/समाज जागरण,छातापुर, सुपौल

जिले में छातापुर प्रखण्ड के बलुआ थाने में आयोजित हुआ जनता दरबार, जिसमे कुल 2 मामलें आएं वही इसमे 1 का निष्पादन कर दिया गया। जबकि 1 को अगले जनता दरबार मे निष्पादन करने की बात कही गई है। दरअसल आपको बता दे कि बलुआ थानाध्यक्ष मनोज प्रसाद सिंह व बसंतपुर प्रखंड राजस्व

कर्मचारी कुमार मोजिश के नेतृत्व में शनिवार को बलुआ थाने में जनता दरबार का आयोजन किया गया। जिसमें कुल दो मामलें आये। जिसमे एक मामला का निष्पादन किया गया। वही शेष एक मामला को अगले जनता दरबार मे सुनवाई कर निष्पादन करने की बात कही गई।

मीडिया से अविलंब माफी मांगे ललन सिंह : प्रवीण गोविन्द

बौखलाहट में अनाप-शनाप बोल रहे हैं जेडीयू अध्यक्ष : जेएमसी

सुपौल : संवाददाता मोहम्मद नजीर आलम

जर्नलिस्ट मीडिया काउंसिल संघर्ष समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रवीण गोविन्द ने जेडीयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह सांसद ललन सिंह द्वारा "दारू न मिलने के कारण मीडिया नीतीश के खिलाफ है " के बयान को शर्मनाक बताया है। उन्होंने कहा है कि इसके लिए ललन सिंह को मीडिया से अविलंब माफी मांगनी चाहिए। श्री गोविन्द ने कहा कि जेडीयू अध्यक्ष बौखलाहट में अनाप-शनाप बोल रहे हैं।

बिहार में 15.5 प्रतिशत पुरुष अब भी करते हैं शराब का सेवन

दैनिक समाज जागरण श्री गोविन्द ने

राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण (ठत्रह्लर), 2020 की रिपोर्ट का हवाला देते हुए कहा है कि ड्राइ स्टेट होने के बावजूद बिहार में महाराष्ट्र से ज्यादा लोग शराब पी रहे हैं। आंकड़ों के अनुसार, बिहार में 15.5 प्रतिशत पुरुष शराब का सेवन अब भी करते हैं। जबकि महाराष्ट्र में शराब पीने वाले पुरुषों का प्रतिशत महज 13.9 फीसदी है। रिपोर्ट के अनुसार, बिहार के ग्रामीण क्षेत्रों में 15.8 प्रतिशत और शहरी इलाकों में 14 प्रतिशत लोग शराब पीते हैं। महिलाओं के मामले में बिहार के शहरी इलाके की 0.5 % व ग्रामीण क्षेत्रों की 0.4% महिलाएं शराब पीती हैं। जबकि महाराष्ट्र के शहरी इलाके में 0.3% और 0.5% महिलाएं शराब पीती हैं। वरिष्ठ पत्रकार श्री गोविन्द ने कहा कि हर हाल में सत्ता में चिपके रहना ही इनका एजेंडा है। बिहार में शराब बिक रही है तो पत्रकार लिखेंगे ही, अपराध बढ़ने पर पत्रकार सवाल उठाएंगे ही। जनता के सामने पोल खुल रही है तो ये मीडिया को टारगेट करने लगे हैं, यह सब नहीं चलने वाला है। जरूरत पड़ने पर ललन सिंह के खिलाफ निर्णायक लड़ाई का शंखनाद करेंगे।

शराब मामले में अभियान के तहत तीन गिरफ्तार

दैनिक समाज जागरण

मधुबनी जिला के जयनगर थाना पुलिस के द्वारा शराब के साथ एक व्यक्ति और दो पियक्कड़ को शराब मामले गिरफ्तार किया गया। थाना अध्यक्ष अमित कुमार के द्वारा दी गई जानकारी के मुताबिक थाना क्षेत्र में पुलिस दल के गस्ती के दौरान थाना क्षेत्र के बलडीहा से 4.5 साढ़े चार लीटर नेपाली देशी शराब के साथ एक व्यक्ति गिरफ्तार किया गया। शराब के साथ गिरफ्तार आरोपी दरभंगा जिला के लहेरियासराय थाना क्षेत्र के चुना भट्टी निवासी स्व. भरत साह का पुत्र महेश साह वही थाना क्षेत्र के वाटर वेज चौक के समीप से शराब पी कर हंगामा करने के आरोप में दो पियक्कड़ों को गिरफ्तार किया गया । गिरफ्तार आरोपी में मुर्शिदाबाद जिला के सागे दिही थाना क्षेत्र के खुर्शीद शेख का पुत्र शाफा शेख एवं शहाबुद्धिन मंडल का पुत्र मिलन मंडल बताया जाता है। ईस करवाई में पीटीसी अजित कुमार एवं संतोष कुमार समेत पुलिस बल शामिल थे। गिरफ्तार आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। आगे भी अभियान के तहत छापेमारी और करवाई जारी रहेगी।

मौसम की मार से सूख रहे हैं धान के खेत

दैनिक समाज जागरण बौंसी संवाददाता-सुनील कुमार

एक तो मौसम की बेरुखी और उस पर सिंचाई का साधन नहीं होने के कारण धान की खेती को काफी नुकसान पहुंचा है। बांका जिला अंतर्गत बौसी प्रखंड स्थित प्रायः सभी गांवों में इस बार धान की खेती में भारी गिरावट देखी गई है। जिसका सबसे मुख्य कारण वर्षा का अभाव और सिंचाई की समुचित



व्यवस्था का ना होना है। हालांकि कुछ किसानों ने थोड़े बहुत धान की खेती बोरिंग की द्वारा पटवन करके की है, परंतु सबसे विकट समस्या यह उत्पन्न हो गई की प्रायः सभी बोरिंग में पर्याप्त मात्रा में पानी नहीं आ रहा है इसका भी मुख्य कारण वर्षा है ऐसे में जो लोग धान रोपनी कर चुके हैं उनको धान बचाने में आफत हो गया है। भादो के महीने में नदियां सूख गई है, नदियों में गहराई भी काफी हो गई है, इसका भी कारण बालू माफियाओं के द्वारा बालू उठाव को बताया जा रहा है। ऐसे में प्रखंड क्षेत्र में धान की फसल को बचाना मुश्किल दिख रहा है। खेत पूरी तरह से सूख चुके हैं जहां तहां यदि सिंचाई की व्यवस्था है भी तो बिजली पर्याप्त मात्रा में नहीं मिल पाने के कारण समय में पटवन करने में किसानों को परेशानी हो रही है।

आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ता ने कटोरिया में केजरीवाल जिंदाबाद के नारे लगाए।

दैनिक समाचार जागरण कटोरिया से धर्मेंद्र रतन की रिपोर्ट।

शनिवार को कटोरिया बाजार में आम आदमी पार्टी के कार्यकताओं ने दिल्ली के मुख्यमंत्री केजरीवाल जिंदाबाद के नारे लगाए एवं आम आदमी पार्टी का प्रचार प्रसार घूम घूम कर किया । कटोरिया विधानसभा के प्रभारी गोपाल यादव ने बताया कि कटोरिया में आम आदमी पार्टी का गठन किया गया है ।जो आगामी चुनाव में अपना प्रतिनिधित्व देगा। लोगों को घूम घूम कर पार्टी के विस्तार के लिए आम आदमी पार्टी में शामिल होने की अपील की । इस मौके पर प्रखंड अध्यक्ष राहुल मंडल, आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ता घनश्याम यादव, घनश्याम चौधरी , के अलावे दर्जनों कार्यकर्ता शामिल थे



दिव्यांग एवं क्षितिज बच्चों को मुख्यधारा में जोड़ने के लिए शिक्षा सेवक आंगनवाड़ी सेविका मिला प्रशिक्षण।

दैनिक समाज जागरण । कटोरिया से धर्मेंद्र रतन की रिपोर्ट।

दिव्यांग बच्चों को मुख्यधारा में जोड़ने के लिए शनिवार को प्रखंड संसाधन केंद्र कटोरिया में शिक्षा सेवक, आंगनवाड़ी सेविका एवं तालिमी मरकज के कर्मी को एक दिवसीय गैर आवासीय प्रशिक्षण दिया गया इसका मुख्य उद्देश्य क्षितिज एवं दिव्यांग बच्चों को मुख्यधारा में जोड़ना है। इसको लेकर

प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी के स्तर से नोडल पदाधिकारी बनाया गया है। जो संकुल स्तर पर मॉनिटरिंग करेंगे इस मौके पर दर्जनों शिक्षा सेवक ,आंगनवाड़ी सेविका एवं तालिमी मरकज के सदस्यों ने भाग लिया। उल्लेखनीय है कि बांका जिलाधिकारी अंशुल कुमार के निर्देश पर कटोरिया वीडियो प्रेम प्रकाश ने पत्र जारी कर घर घर सर्वे कर दिव्यांग बच्चों को चिन्हित मुख्यधारा में जोड़ने के लिए सर्वे किया जाएगा

सतत जीविकोपार्जन योजना के लाभुकों को बीडीओ द्वारा दिया गया प्रशस्ति पत्र, लाभुकों में बड़ी व्यवसाय करने का हौसला

दैनिक समाज जागरण
संवाददाता सदानंद पंडित बेलहर

बेलहर/बांका/प्रखंड क्षेत्र के विकास स्वालम्ब्री सहकारी समिति बेलहर में सतत जीविकोपार्जन योजना में चयनित लाभुकों को प्रशस्ति पत्र दिया गया। वहीं जीविका के प्रखंड परियोजना प्रबंधक पारसनाथ के उपस्थित में 51 लाभुकों के बीच व्यवसाय करने की मनोबल को बढ़ाते हुए प्रस्ताव पत्र दिया गया। वहीं मास्टर संसाधन सेवी में सदानंद पंडित ,मुकेश कुमार यादव, राजीव कुमार शर्मा ,मनोज कुमार पंडित, रंजीत कुमार पंडित को प्रखंड विकास पदाधिकारी राजीव रंजन के द्वारा प्रशस्ति पत्र दिया गया। प्रखंड विकास पदाधिकारी द्वारा सभी दीदियों को सबाशी देते हुए रोजगार को किस प्रकार आगे बढ़ाएं उनकी जानकारियां दी। बताया गया कि जीविका महिलाओं को आत्मनिर्भर बना रही है। स्वयं अपना रोजगार कर अपना जीविकोपार्जन कर रही है।सीसी विकास कुमार एवं एस जे वाई के नोडल द्वारा स्वालम्ब्री के तहत जीविका दीदियों की गतिविधियों का सराहना करते हुए व्यवसाय के विभिन्न तरीके को बताया गया।सतत जीविकोपार्जन योजना उन महिलाओं के लिए हैं, जो दूसरों की दया पर जीवन-यापन करने को विवश हैं या अत्यंत गरीबी में किसी प्रकार अपना जीवन-यापन कर रही हैं। योजना के तहत जीविका समूह की महिलाएं पंचायत स्तर पर ऐसी महिलाओं की पहचान कर उन्हें समूह से जोड़ती हैं। उसके बाद उन्हें स्वावलंबी होने का गुर सिखाती हैं। रोजगार को लेकर प्रशिक्षण दिया जाता है। योजना के तहत 20 हजार का अनुदान उपलब्ध करा उन्हें रोजगार से जोड़ा जाता है। जिसके तहत आज बेबी देवी,अंजली देवी,नूतन कुमारी,रीना देवी,प्रेमलता देवी,गीता देवी,सहित 51 दीदियों स्वालबी बना गया। वही इस कार्यक्रम में उपस्थित बीआरपी सुधीर कुमार, आशीष कुमार पंडित, दिनेश कुमार मंडल, दिनेश कुमार दास ,मधु कुमारी, वर्षा कुमारी, आशा यादव ,अनीता देवी, कौशल प्रजापति ,धर्मेंद्र कुमार रजक, जीवलाल कुमार, सीसी जयप्रकाश कुशवाहा ,सीसी राकेश कुमार सहित 51 जीविका दीदी उपस्थित थे।

माधोपुर के खान टोला निवासी एक पत्रकार के पिता व समाजसेवी महफुज खान का निधन, लोगों ने व्यक्त किया शोक।

सोनू भगत/समाज जागरण, छातापुर, सुपौल

जिले में छातापुर के एक न्यूज पोर्टल के पत्रकार इमरान खान के पिता माधोपुर खानटोला निवासी मो. महफुज खान का निधन शुक्रवार की देररात को हो गया। वे 60 वर्ष के थे और कुछ दिनों से अस्वस्थ चल रहे थे। शुक्रवार की संध्या तबीयत ज्यादा बिगरने पर उन्हे पूर्णिया ले जाया जा रहा था। लेकिन पुर्णिया जाने के क्रम में रास्ते मे ही उन्होने अंतिम सांस ले ली। उनकी अचानक हुई मौत की खबर सुनकर घर में कोहराम मच गया और इलाके में शोक की लहर दौर गई। शनिवार को पत्रकार श्री खान के घर पुरे दिन मृतक के अंतिम दर्शन के लिए लोगों की भीड़ जूटी रही। जानकारी के बाद प्रेस क्लब के

संरक्षक संजय कुमार पप्पू, अध्यक्ष राजकुमार झा, उपाध्यक्ष राजेश चौधरी, कोषाध्यक्ष इरशाद आदिल, रियाज खान आदि पहूंचे और शोकाकूल परिवार से मिलकर गहरी शोक संवेदना व्यक्त किया। इधर, शनिवार के अपराह्न काल हरिहरपुर के समीप कब्रिस्तान में स्व. महफुज खान के शव को सुपूर्द ए खाक कर दिया गया। जनाजा में कई जनप्रतिनिधि, गणमान्य के अलावे सैकडों लोग शामिल थे। दिवंगत श्री खान अपने पीछे पत्नी (बीवी कौशर जहां) के अलावे चार पुत्र व तीन पुत्रियों का भरा पुरा परिवार छोड़ गये हैं। निधन पर शोक व्यक्त करने वालों में प्रेस क्लब सचिव संजय कुमार यादव, क्लब प्रभारी आलोक कुमार, संजय कुमार भगत, कुंदन कुमार, आशिष कुमार सिंह, सोनू भगत, अभिमन्यू मिश्रा आदि शामिल हैं।

251 कन्याओं के द्वारा कलश यात्रा निकाली जाएगी

महाआरती के साथ ही ग्यारह सौ लड्डू से भोग लगाया जाएगा

जितेन्द्र कुमार /समाज जागरण,त्रिबेनीगंज, सुपौल

जिले के त्रिवेणीगंज नगर परिषद बाजार स्थित दुर्गा मंदिर परिसर में बप्पा पूजा सेवा समिति के द्वारा आयोजित होनेवाली गणेश महोत्सव की तैयारी मुख्यालय स्थित बड़ी दुर्गा मंदिर प्रांगण में चल रही हैं। यह दस दिवसीय समारोह 31 अगस्त से 8 सितंबर तक धूमधाम से मनाया जाएगा। यह जानकारी बप्पा पूजा सेवा समिति की सचिव मनीष सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि गणेश महोत्सव को लेकर तैयारी युद्व स्तर पर चल रही हैं। जिसमें 31 अगस्त की सुबह 251 कन्याओं के द्वारा कलश यात्रा निकाली जाएगी। साथ ही प्रतिदिन संध्या में महाआरती के साथ ही ग्यारह सौ लड्डू से भोग लगाया जाएगा। उन्होंने बताया कि दस दिवसीय कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश के बाराबंकी से पधार रही कृष्णा सुनैना देवी के द्वारा रामकथा का आयोजन की जाएगी और 7 सितंबर को महाभंडारा का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम को सफल बनाने में बप्पा पूजा सेवा समिति के अध्यक्ष मुकेश सिंह, उपाध्यक्ष अनिल सिंघल, कोषाध्यक्ष मनोज भगत, उपसचिव शुभम चौखानी, संरक्षक उपेन्द्र चंदन, संयोजक अजित साह, जयप्रकाश पौधार, चंदन गुप्ता, जितेश साह, सोनू गुप्ता, मोहित सिंह, मंदा गुप्ता, बसंत शर्मा, मिथिलेश गुप्ता, पवन गुप्ता आदि सदस्य दिन- रात जुटे हुए हैं।

एचएम के विरोध में ग्रामीणों ने किया विरोध प्रदर्शन।

सरोज कुमार/समाज जागरण,किसनपुर, सुपौल

जिले के किसनपुर प्रखंड में मलाढ पंचायत के प्राथमिक विद्यालय विद्यालय नवटोल महिपट्टी के एचएम पर मेनू के अनुसार भोजन नहीं देने के आरोप लगाते हुए शुक्रवार को ग्रामीणों ने स्कूल परिसर में जमकर हंगामा किया इस दौरान आक्रोशित ग्रामीण एचएम के खिलाफ जमकर नारेबाजी भी की। ग्रामीण संजय मुखिया, सहदेव मुखिया, राम प्रसाद मुखिया, बेचन मुखिया, शंकर मुखिया ,रंजन मुखिया, जनक राम ,उपेंद्र मुखिया, मांजो देवी, उमा देवी, जानकी देवी आदि ने बताया कि एचएम ने बीते गुरुवार को छात्र छात्राओं को खाना नहीं खिलाया । और कहा कि एचएम के मनमानी के कारण मीनू के अनुसार स्कूल में कभी भी खाना नहीं बच्चों को मिलता है उन्होंने बताया कि चावल में भी कीरा लगे हुए रहते हैं। वही चावल छात्र- छात्राओं को खिलाया जाता है । उन्होंने बताया कि फल भी बच्चों को दिया जाता है तो उसमें भी फल सड़ा हुआ रहता है जिसके कारण छात्र-छात्राओं दूषित फल

खाने से बीमार भी पड़ सकता है। ग्रामीणों ने बताया कि शुक्रवार को मीनू के अनुसार पुलाव, छोला व अंडा या फल देना था। जहां फल छात्र-छात्राओं को दिया गया उसमें भी अधिक मात्रा में फल सड़ा हुआ था और बताया कि 1 बजे लंच का समय है। लेकिन 1:30 बजे तक शुक्रवार को बच्चों को लंच नहीं दिया गया। अभिभावकों ने बताया कि स्कूल में 3 शिक्षक हैं लेकिन एक शिक्षक हमेशा स्कूल से गायब रहता है और ना ही समय पर बच्चों को पठन-पाठन किया जाता है। कहा कि इसकी शिकायत कई बार अधिकारी से की गई लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं की गई है । कहा कि एचएम अपनी मनमानी से स्कूल का संचालन करते हैं । स्कूल परिसर में स्वच्छ पानी पीने के लिए जन - नल का कनेक्शन किया गया था । लेकिन इसमें भी टूटी नहीं लगाई गई है। उधर एचएम शिवनारायण कुमार यादव ने बताया कि गुरुवार को गैस सिलेंडर खत्म हो जाने के कारण छात्र - छात्राओं को एमडीएम नहीं दिया गया था। उन्होंने बताया कि गैस नहीं आने के कारण जलावन पर ही आज खाना देने में लेट हुई है। बताया की एक शिक्षक अवकाश में रहने के कारण 2 शिक्षक स्कूल में उपस्थित है और कहा कि जुलाई माह में ही चावल 6 कुंटल दिया गया था वही चावल एमडीएम में दिया जा रहा है।

जन्दाहा के 43 शिक्षकों का 3 वर्षों से भुगतान न होना विभागीय लापरवाही : कुशवाहा

31 अगस्त जिला मुख्यालय प्रदर्शन एवं 10 सितंबर को प्रमंडल स्तरीय सम्मेलन में अधिक से अधिक संख्या में शिक्षकों को शामिल होने की अपील

दैनिक समाज जागरण

हाजीपुर(वैशाली)बिहार राज्य प्रारंभिक शिक्षक संघ,जिला शाखा वैशाली के कार्यकारिणी की बैठक महुआ प्रखंड के उत्क्रमित मध्य विद्यालय फुलवरिया पश्चिमी में संपन्न हुआ।बैठक में प्रदेश कमेटी के आह्वान पर सदस्यता अभियान, संघीय चुनाव कार्यक्रम,प्रखंड सम्मेलन एवं जिला सम्मेलन कराने पर विशेष रूप से चर्चा हुई इसके अलावा शिक्षकों के विभिन्न समस्याओं,जंदाहा प्रखंड के 44 शिक्षकों का 3 वर्षों से अब तक भुगतान नहीं होने के साथ-साथ लगातार विभाग के द्वारा शिक्षको के कार्यों में शिथिलता पर सभी शिक्षकों ने प्रकाश डाला।बैठक में संघ के जिला सचिव पंकज कुशवाहा ने संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षक जहां एक तरफ समस्या से घिरते जा रहे हैं।वहीं दूसरी तरफ विभाग का लगातार दबाव बढ़ता जा रहा है।शायद ही ऐसा कोई दिन हो जिस दिन शिक्षकों के लिए पत्र जारी नहीं किया जाता हो।विभाग के द्वारा लगातार पत्र निर्गत करने से ऐसा लगता है जैसे पाठशाला पाठशाला

न होकर पत्र प्राप्ति प्रयोगशाला बन गया है।उन्होंने सभी प्रखंड अध्यक्षों को निर्देश दिया है कि प्रदेश कमेटी के शेड्यूल के अनुसार सभी कार्य स समय पूरा कर लेना है।बिहार राज्य अराजपत्रित कर्मचारी संघ गोप गुट महासंघ वैशाली के द्वारा 31 अगस्त को जिला मुख्यालय में होने वाले प्रदर्शन में संघ की ओर से सभी शिक्षकों को अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने एवं संघ के द्वारा प्रमंडल स्तरीय 10 सितंबर को होने वाले सम्मेलन में जिला से अधिक से अधिक शिक्षकों को चलने की अपील किया।कार्यक्रम में सदस्यता अभियान की शुरूआत जिला सचिव पंकज कुशवाहा ने किया।बैठक की अध्यक्षता जिला उपाध्यक्ष ललित दास एवं संचालन महुआ प्रखंड अध्यक्ष अशर्फी दास ने किया।बैठक में जिला कोषाध्यक्ष रविंद्र कुमार,जन्दाहा प्रखंड अध्यक्ष मोहम्मद अकबर अली,सचिव अरुण कुमार, अमित कुमार, सत्येंद्र कुमार,मनोज कुमार गुंजन,मोतीलाल पासवान,इंद्रजीत कुमार,हरीश चंद्र पासवान,देवेंद्र प्रसाद सिंह,विश्वजीत कुमार,जसवंत कुमार,मनोज कुमार विमल,रवि कुमार,सकिंदर कुमार, मुन्ना प्रसाद रजक,मोहम्मद शाहनवाज अता,प्रवीण कुमार पासवान,मोहम्मद शाकिर,बृज किशोर कुमार,शिवनाथ कुमार के अलावा सैंकड़ो शिक्षक उपस्थित थे।

घर में चोरी करने को लेकर महिला ने दिया थाने में आवेदने

दैनिक समाज जागरण कटोरिया से धर्मेंद्र रतन की रिपोर्ट।

कटोरिया थाना क्षेत्र के बीच कौड़ी बिच कौड़ी गांव की एक महिला ने गांव के ही जोगी ठाकुर पर घर में घुसकर चोरी करने का आरोप लगाते हुए कटोरिया थाना में आवेदन दिया है । दिए गए आवेदन में बताया गया है कि 27 अगस्त की रात

जोगी ठाकुर ने रात करीब करीब 2:00 बजे सनीचरिया देवी के घर का खिड़की तोड़कर चोरी के नियत से घर के अंदर घुस गया ।जब महिला की नजर चोर पर पड़ा तो जोर जोर से चिल्लाने लगी ।चोर ने दुस्साहस करते हुए महिला को चुप रहने कहा ,लेकिन महिला लगातार चिल्लाने लगी। शोरगुल करने पर चोर मौके से फरार हो गया ।

बता दें कि पूर्व में भी महिला ने चोरी करने का आरोप जोगी ठाकुर पर लगा चुकी है । जानकारी के अनुसार जोगी ठाकुर पर पूर्व में भी चोरी करने का आरोप लग चुका है पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

मौसम की मार से सुखा पड़ा है खेत गाँव के किसान चिन्तित

समाज जागरण बाँका कटोरिया से श्रीकान्त यादव की रिपोर्ट

बाँका/कटोरिया प्रखंड के बसमता पंचायत अन्तर्गत मालबथान गाँव में वर्षा कम होने के कारण सभी किसान चिन्तित है। किसान किसी तरह कर्ज.लेकर धान बुवाई के बिचड़ा तो लगा लिया, लेकिन प्रयाप्त वर्षा नहीं होने से लगभग पूरी तरह बिचड़ा नष्ट हो गई कई किसानों ने किसी तरह बिचड़ा बचाकर खेत में रोपनी तो कर लिया लेकिन वो वर्षा नहीं होने से धान का खेत सुखा पड़ने लगा हैं।यहाँ के किसान झत्र धारी यादव,गुंजर यादव,चक्रधर सिंह,झारू यादव,तारनी यादव,तकधू यादव,ब्रह्मदेव यादव,धुरन ठाकुर,कार्तिक ठाकुर परमोद यादव,सुनील यादव ओर सभी ग्रामवासी का कहना है कि धान का बीज जो बोया था खेत में वो वर्षा पानी नहीं होने के कारण मर रहा है।नदी तलाव भी सुख गया है। अब पानी कि सुविधा कहीं नहीं बचा है। ऐसे हम किसानों को चिंता बढ़ गई है।लग रहा जेसे माहमारी आने वाली है।वेसे तो ओर भी गाँव मे वर्षा पानी कम होने के कारण

धान का खेती बहुत ही कम हुआ हे जेसे पलनियाँ, बदासन निमाकुरा,बलुकुरा,दोनिहार,कलहोडिया ओर भी गाँव सामिल हे।सभी ग्रामवासी चिंतित है।वर्षा पानी होने का समय बीत रहा हे।पानी का कोई सुविधा नहीं हैं।

भूमि संबंधित विवाद निपटारा को लेकर चांदन व सुइयां थाना में लगा जनता दरबार

दैनिक समाज जागरण
ब्यूरो चीफ उमाकांत साह

चांदन/बांका/जिलाधिकारी अंशुल कुमार के निर्देश पर शनिवार 27 अगस्त को भूमि संबंधित विवाद का निपटारा हेतु जनता दरबार लगाया गया. जिसमें चांदन थाना परिसर में आयोजित जनता दरबार में चांदन थाना पुलिस एवं सीओ प्रशांत शांडिल्य तथा राजस्व पदाधिकारी आरती भूषण के अलावा बेलहर प्रक्षेत्र एसडीपीओ प्रेमचंद सिंह की संयुक्ता में भूमि विवाद से संबंधित 7 नए मामला दर्ज किया गया। जिसमें तीन मामले को मौके से निष्पादन किया गया तथा 4 मामले को डॉक्यूमेंट अपूर्ण रहने को लेकर नोटिस किया गया। एक रास्ता विवाद, एवं दो रैयतों का केवाला संबंधित मामला दर्ज किया गया। वहीं दूसरी ओर सुइयां थाना परिसर में आयोजित जनता दरबार में थाना अध्यक्ष मनीष कुमार व चांदन अंचला अधिकारी के प्रशांत

शांडिल्य व बेलहर प्रक्षेत्र एसडीपीओ प्रेमचंद सिंह की उपस्थिति में भूमि विवाद से संबंधित पांच नए मामला दर्ज किया गया, जिसमें दो मामला भईयादी बंटवारा, एक रास्ता निकासी से संबंधित तथा दो गैरमजरूआ जमीन संबंधित मामला दर्ज किया गया। इसी क्रम में पूर्व के 3 विवादित भूमि कब्जा संबंधित मामले को दोनों पक्षों के बीच समझौता कर निष्पादन किया गया। इस संबंध में अंचलाधिकारी प्रशांत शांडिल्य ने बताया कि भूमि संबंधित मामले को आयोजित जनता दरबार में दोनों पक्ष के रैयतों को समझा-बुझाकर चांदन थाना से तीन मामला और सुइया थाना से भी तीन मामले को निष्पादन किया गया है। बाकी मामले में कागजी अभाव के कारण रैयतों को नोटिस किया गया जिसका अगला शिविर में दस्तावेज की मूल्यांकन करने के बाद निष्पादन किया जाएगा। इस मौके पर दर्जनों रैयत एवं फरियादी मौजूद थे।

प्रखंड मुख्यालय के सामने गिरे पेड़ दुर्घटना को दे रहा दस्तक

दैनिक समाज जागृत कटोरिया से धर्मेंद्र रतन की रिपोर्टे

प्रखंड मुख्यालय कटोरिया के सामने करीब 1 सप्ताह पूर्वे लिप्टस का पेड़ गिरने से राहगीरों को आवाजाही में काफी परेशानी हो रही है ।साथ ही वाहनों के यातायात में बाधा पहुंच रही है ।अब तक ना तो वन विभाग न ही पीएचडी विभाग की ओर से कोई पहल किया गया है ।जिससे

दुर्घटना होने की संभावना बढ़ गई है। बता दें कि सड़क किनारे पेड़ गिरने से राहगीरों के साथ-साथ वाहन मालिकों को परेशानी हो रही है विभाग की लापरवाही से दुर्घटना की संभावनाएं बढ़ गई जिसे देखने वाला कोई नहीं है

खाद की कालाबजारी को देख किसानों ने किया हंगामा, एसडीओ से किया लिखित शिकायत

समाज जागरण

पालीगंज/ प्रखण्ड क्षेत्र के मेरा गांव स्थित खाद की दुकान पर कालाबजारी को देखकर किसानों ने जमकर हंगामा किया। वही किसानों ने शनिवार को इसकी लिखित शिकायत पालीगंज एसडीओ से किया है।

जानकारी के अनुसार सरकारी नियमानुसार खाद दुकानदारों को 266 रुपये प्रति बोरी की दर से प्रतिनियुक्त कर्मचारियों व पदाधिकारियो के मौजूदगी में किसानों को खाद बेचनी है। साथ ही किसानों से लिये गए मूल्यों का रसीद भी देनी है। इसके बावजूद यूरिया खाद की किल्लत से पालीगंज में किसान त्राहिमाम कर रहे है। कुछ दुकानों पर मिल भी रही है तो बिना रसीद के 350 से 400 रूपए प्रति बोरी। इसी तरह का एक मामला शुक्रवार को पालीगंज प्रखण्ड क्षेत्र के मेरा गांव

की है। जहां सेंकडो की संख्या में किसान " मेसर्स किसान फर्टिलाइजर "खाद की दुकान पर खाद लेने गए थे। उसी दौरान दुकानदार रंजन कुमार द्वारा किसान सलाहकार अभिषेक कुमार की मौजूदगी में किसानो को 350 रूपए प्रति बोरी यूरिया खुल्लेयाम दिया जा रहा था। जबकि 420 रूपए में 1 जिंक के साथ प्रति बोरी यूरिया दिया जा रहा था। इसपर मदारीपुर गाँव से खाद लेने गए वहाँ दर्जनों किसानो ने इसका विरोध करते हुए जमकर हँगामा किया। वही जब किसानो ने दुकानदार द्वारा खाद की कालाबाजारी करने सूचना प्रखण्ड कृषि पदाधिकारी को दिया तब उन्होंने उल्टे किसानो पर भड़कते हुए कहा की इसकी शिकायत जहा-जाना है जा कर करो । खाद इसी दर से वितरण करवाउँगा। इससे नाराज किसानों ने इसकी लिखित शिकायत शनिवार को पालीगंज एसडीओ मुकेश कुमार से किया है।

चांदन थाना पुलिस कि पुलिस की बेतुकी रवैए से तंग तबादले की मांग करते जनप्रतिनिधि

दैनिक समाज जागरण
ब्यूरो चीफ उमाकांत साह

चांदन/बांका/शनिवार 27अगस्त को चांदन के पूर्व प्रमुख पलटन यादव के आवास पर थाना क्षेत्र के सभी पंचायत के मुखिया एवं जनप्रतिनिधियों सामुहिक रूप में चांदन थानाध्यक्ष नसीम खान को तबादले को लेकर गौरीपुर पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि प्रमोद मंडल के अध्यता में एक बैठक आयोजित किया गया। बैठक में पुर्व प्रमुख पलटन यादव ने बताया कि,जब से चांदन थाना में नए थाना अध्यक्ष नसीम के रूप पदभार संभाला है।तब से थाना क्षेत्र में बाहुबलियों का बोलबाला बढ़ गई है। यहां तक कि इनके सरकारी फोन नंबर ज्यादातर स्वीच ऑफ रहता है।थानाध्यक्ष से फोन पर बात नहीं हो पाती है। किसी समस्या उत्पन्न होने पर समाधान कराने को लेकर क्षेत्र की जनता थाने पहुंचने पर फरियादियों के साथ ड्यूटी पर बैठे पुअनि धर्मेंद्र कुमार,पुअनि चंचल कुमार तथा थाना प्रबंधक विकास झा ने थाना अध्यक्ष नसीम खान के आदेश पर लोगों के साथ डराने-धमकाने गाली गलौज तथा राजतंत्र जैसा लोगों के साथ व्यवहार करता है साथ कानूनी दांव पेंच

दिखाकर फरियादियों से अवैध तरीके से वसूली करते हैं। इतना ही नही जनप्रतिनिधियों द्वारा मामले में हस्तक्षेप करने की बात कहे जाने पर कोई रिस्पांस नहीं लेते हैं। इनके रवैया से तंग आकर बेलहर प्रक्षेत्र एसडीपीओ प्रेमचंद्र सिंह, पुलिस अध्यक्ष बांका डॉ सत्य प्रकाश से उपरोक्त

पुलिसकर्मियों के खिलाफ कार्रवाई कर तबादला करने की मांग की है। बैठक में यह निर्णय लिया गया कि ऐसे पुलिस कर्मियों के खिलाफ त्वरित कार्रवाई नहीं होने पर आंदोलन तेज करने की बात कही।बैठक में सामिल सभी जनप्रतिनिधियों ने वरीय अधिकारियों द्वारा भरपूर सहयोग मिलने की बात बताया।मौके पर चांदन पंचायत मुखिया अनिल कुमार, गौरीपुर पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि प्रमोद मंडल,सिलजोरी पंचायत के गुलटन रजक,बिरनियां पंचायत के मुखिया रंजीत पंडित सहित भारी संख्या में जनप्रतिनिधि गण सामिल थे।

महिला कृषको का जुट से निर्मित उत्पाद एवं रंगाई संबंधी प्रशिक्षण कार्यक्रम का हुआ आगाज

जुबैर अंसारी - दैनिक समाज जागरण

शनिवार को सुपौल डीएम कौशल कुमार के मार्गदर्शन एवं जिला कृषि

पदाधिकारी सह परियोजना निदेशक, आत्मा सुपौल की अध्यक्षता मे आत्मा योजना 2022-2023 अंतर्गत छातापूर एवं त्रिवेणी गंज के 40 महिला कृषको का जुट से निर्मित उत्पाद एवं रंगाई संबंधी प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन ई - किसान भवन छातापुर परिषर मे 22-82022 से 27-8-2022 तक आयोजित किया गया है ' उक्त कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु अमित अधिकारी बेनी,जुट मास्टर ट्रेनर पश्चिम बंगाल प्रशिक्षक को बुलाया गया है साथ ही सुबोध कुमार तकनीकी सहायक प्रबंधक छातापुर एवं पंकज कुमार तकनीकी सहायक प्रबंधक त्रिवेणीगंज के देख रेख मे 06 दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित किया गया है

बिहटा नगर परिषद क्षेत्र में दानापुर अनुमंडल अधिकारी के निर्देश पर चलाया गया अतिक्रमण हटाओ अभियान।

समाज जागरण सत्येंद्र कुमार/बिहटा

बिहटा में जो भी लोग गैरकानूनी तरीके से सरकारी जमीन पर अपना कब्जा जमाए हुए थे। उनके ऊपर आज शनिवार को बिहटा नगर परिषद क्षेत्र में दानापुर अनुमंडल अधिकारी विक्रम वीरकर के निर्देश पर अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया।वही

अतिक्रमण होने के कारण आए दिन जाम की समस्या भी उत्पन्न होते रहती थी।और लोगों को आने जाने में भी काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था। वही इसको लेकर के आज नगर परिषद क्षेत्र के डोमनीया पुल से लेकर चंद्रिका दवा दुकान तक यह अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया। जो भी लोग गैरकानूनी तरीके से सरकारी जमीन पर अपना कब्जा जमा कर दुकान बना रखे थे उनके ऊपर जिला प्रशासन का बुलडोजर चलाया गया और सभी जगह को अतिक्रमण मुक्त कराया गया।इस दौरान मौके पर स्थानीय अंचलाधिकारी कन्हैयालाल, नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी विपिन कुमार के अलावा जिला प्रशासन की टीम एवं भारी संख्या में पुलिस बल की टीम मौजूद थी। अतिक्रमण हटाओ के दौरान प्रशासन और स्थानीय लोगों के बीच पूरी नोकझोंक हुई लेकिन पुलिस प्रशासन के समझाने के बाद मामला शांत किया गया।वही इस संबंध में अंचलाधिकारी कन्हैया लाल ने बताया कि दानापुर अनुमंडल अधिकारी विक्रम वीरकर के निर्देश पर अतिक्रमण हटाओ अभियान

चलाया जा रहा है। जो भी लोग गैरकानूनी तरीके से दुकान बना कर रखे हैं उन्हें पूर्व में भी नोटिस दिया गया था लेकिन वे लोग दुकान नहीं हटाय। जिसके बाद बुलडोजर के जरिए सभी दुकान को हटाया जा रहा है और इसके बाद जो भी दुकान फिर से लगाते हैं उनके ऊपर 5000 से ऊपर जुमार्ना लगाया जाएगा। यह अभियान लगातार नगर परिषद क्षेत्र में चलता रहेगा।

नाव दुर्घटना में पानी से बचाव स संबंधित बच्चों को दिया प्रशिक्षण

दैनिक समाज जागरण
ब्यूरो चीफ उमाकांत साह

चांदन/बांका/शुक्रवार 27 अगस्त को चांदन प्रखंड के कन्या मध्य विद्यालय चांदन परिसर में प्रधानाध्यापक आदित्य कुमार के नेतृत्व में विद्यालय के बच्चों को नाव दुर्घटना एवं पानी में डूबने से बचाव हेतु प्रशिक्षण दिया। इस दौरान बच्चों ने अपने अपने अंदाज में पानी में डूबने से संबंधित बचाव को लेकर नाट्य रूपांतर कर दिखाया। साथ ही 76 वां स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर भारत का सर्वश्रेष्ठ नक्शा बनाने

वाली छात्रा खुशी कुमारी को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक आदित्य कुमार शिक्षिका इंदिरा कुमारी नीलम कुमारी आदि शिक्षिका मौजूद थे।

प्रखंड के जुगड़ी मोड़ के समीप बाइक दुर्घटना दो व्यक्ति हुआ घायल

दैनिक समाज जागरण ब्यूरो:- चीफ उमाकांत साह

चांदन कटोरिया मुख्य मार्ग के जुगड़ी मोड़ के समीप शनिवार दोपहर को हुई सड़क दुर्घटना में दो बाइक सवार व्यक्ति गंभीर रूप से जख्मी हो गया। जिसे

स्थानीय लोगों ने दोनों जख्मियों को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र चांदन में भर्ती कराया। जहां चिकित्सकों ने उपचार कर देवघर रेफर कर दिया है वहीं दोनों घायलों की पहचान देवघर जिला के खपरोबीह गांव के 50 वर्षीय रंजीत प्रसाद पिता बुद्धिनाथ प्रसाद व 52 वर्षीय सुरेश मोदी पिता स्व०जगदीश मोदी के रूप में पहचान की गई है। दुर्घटना में घायल रंजीत प्रसाद ने बताया सुबह बाईक से अस्थि विसर्जन करने सुलतानगंज गये हुए थे।लौटने के दौरान जुगड़ी मोड़ पहुंचते ही नींद आ गई।जिससे बाईक अनियंत्रित हो जाने से सड़क पर गिरकर जख्मी हो गए।

एकमा व लहलादपुर प्रखंड के पंचायत प्रतिनिधियों का तीन दिवसीय प्रशिक्षण शुरू

दैनिक समाज जागरण

एकमा (सारण)। पंचायती राज विभाग द्वारा एकमा व लहलादपुर प्रखंड के पंचायत प्रतिनिधियों में मुखिया एवं उप मुखिया का तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ एकमा प्रखंड मुख्यालय स्थित मनरेगा भवन में हुआ। शिविर का उद्घाटन प्रखंड विकास पदाधिकारी डॉ सत्येंद्र पाराशर व बीपीआरओ अंगेश कुमार द्वारा संयुक्त रुप से दीप जलाकर किया गया।

इस दौरान मुख्य प्रशिक्षण रवि शेखर अजाद एवं रश्मि कुमारी द्वारा इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में उपस्थित मुखिया एवं उप मुखिया को प्रशिक्षण दिया गया।

कार्यक्रम में मुखिया काजल तिवारी, रीता देवी, चंदा सिंह, रिंकी देवी, कुंती देवी, यशोदा देवी, रंजीत गिरी, अकबर हुसैन, मोहन राय, नसरुद्दीन अंसारी, संजू देवी, रीना देवी, शिव शंकर पंडित, उर्मिला देवी, कलावती देवी, मनोज प्रसाद, अजीत कुमार

ठाकुर, मिथिलेश प्रसाद, बीगन बाबा, श्याम किशोर तिवारी, अनीता देवी, बैजयंती देवी, उर्मिला देवी, उमरावती देवी, अनीता देवी सरिता देवी, किरण देवी, अखिलेश यादव, गणेश साह, सावित्री देवी, अशोक कुमार, जय राम साह, लहलादपुर प्रखंड के सुंदर देवी, पूजा देवी, ज्ञान्ती देवी, आरती कुमारी, पिंटू साह, रंजीता देवी आदि शामिल थे।

रवि शेखर आजाद व रश्मि कुमारी ने पहले दिन पंचायती राज व्यवस्था एवं विकास की दी जानकारी:

जनप्रतिनिधियों को प्रशिक्षण रवि शेखर आजाद एवं रश्मि कुमारी द्वारा सर्वप्रथम पंचायती राज व्यवस्था एवं विकास पंचायत के अंतर्गत ग्राम सभा का संचालन एवं प्रक्रिया, ग्राम सभा का कोरम, निगरानी समिति की गठन प्रक्रिया एवं उनके कार्य एवं दायित्व के बारे में बताई गई।

इसी दौरान ई ग्राम स्वराज 15वें वित्त व राज्य वित्त आयोग, स्थाई समितियों के कार्य एवं गठन, अस्थायी ग्रामीण समितियों के कार्य एवं गठन प्रक्रिया, ग्रामीण विकास के अन्य योजनाओं की जानकारी दी गई।

लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान के तहत कचरा प्रबंधन यूनिट का उद्घाटन

दैनिक समाज जागरण

छपरा/मशरक (सारण)। लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान के ठोस व गीला कचरा प्रबंधन परियोजना का उद्घाटन बनियापुर राजद विधायक केदारनाथ सिंह, बीडीओ मो आसिफ और डुमरसन मुखिया बच्चा लाल साह ने संयुक्त रूप से फीता काट कर उद्घाटन किया गया । वहीं नारियल फोड़कर अपशिष्ट ढोने वाली इ-रिक्शा व ठेला को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य डुमरसन पंचायत को स्वच्छ रखना है। प्रत्येक वार्ड में एक ठेला दिया गया,जिसमें 8 डब्बा, चार सूखा और चार गीला के लिए।

वहीं एक ई-रिक्सा जो कि सभी कचरे को समुचित जगह पर लाकर रखेगा।इस कार्य के लिए हर वार्ड में बहाली की गयी है।

इस मौके पर प्रखंड प्रमुख रवि प्रकाश सिंह मंटू, मुखिया संघ अध्यक्ष व मदारपुर मुखिया प्रतिनिधि डॉ जितेन्द्र सिंह, कर्ण कुदरिया मुखिया प्रतिनिधि अशरफ अली समेत अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे। मौके पर मुखिया बच्चा लाल साह ने विधायक और बीडीओ को

पंचायत में आकर उद्घाटन करने के लिए धन्यवाद दिया। वहीं उन्होंने कहा कि हम चाहते हैं कि मेरा पंचायत स्वच्छ रहे। स्वच्छ गांव समृद्ध बिहार, आओ सब मिलकर बनाएं स्वच्छ बिहार। इसके लिए पंचायत के सभी घरों में दो डस्टबिन दिया जाएगा। वहीं सवेरे-सवेरे आपके घर के सामने कचरा लेने के लिए सफाई कर्मी ठेला लेकर जायेगा और सिटी बजायेगा। आपको रोज के डस्टबिन में जमा कचरा को ठेला में डालना है।

इस दौरान बीडीओ मो आसिफ ने कहा कि लोग कचरा यत्र-तत्र नहीं फेंककर कूड़ेदान में ही डालें। तभी आपका घर व गांव स्वच्छ और साफ दिखेगा। स्वच्छ गांव होगा तो बीमारियों के प्रकोप से भी बचेंगे। विधायक केदारनाथ सिंह ने कहा कि गांवों में फैल रहे कचरे का समुचित निपटारा हो इसके लिए सरकार सजग हैं जिसके लिए गांवों में घरों से कचरा उठाने और उसका समुचित निपटारा के लिए आज उद्घाटन किया गया पर कचरा प्रबंधन का सारा सिस्टम महिलाओं के सजगता और जागरूक होने से ही सफल होगा। उन्होंने ग्रामीण इलाके के महिलाओं से निवेदन किया कि आप सभी घरों के कचरे को प्रतिदिन ठेले में लगे डब्बे में ही डालें।

कृष्ण जन्माष्टमी के छठीहार पर अखंड अष्टयान का आयोजन

दैनिक समाज जागरण

छपरा (सारण) गरखा प्रखंड अंतर्गत कोठियां नरांव अवस्थित सूर्य नारायण मंदिर के प्रांगण में कृष्ण जन्माष्टमी के छठीहार के शुभ अवसर पर 24 घंटे का अखंड अष्टयाम सफलता पूर्वक सम्पन्न हो गया।

सूर्य मंदिर के पुजारी विष्णु जी महराज उर्फ फलाहारी बाबा, रामेश्वर दासजी महराज उर्फ बौना बाबा,लालजी महाराज के नेतृत्व में यह कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें आचार्य नंदकिशोर तिवारी के साथ विक्रमा तिवारी, प्रभाकर तिवारी,शीलानाथ तिवारी,बम-बम तिवारी,अनिल चौबे प्रिंश तिवारी ने अष्टयाम में मुख्य भूमिका निभाई।

इस अंखड अष्टयाम में मुख्य रूप से कोठियां,नरावं, मदनपुर, धनौरा,चैनपुरवा,धरमबागी,नवतन,नराव टोला,सपतापुर आदि दर्जनों गांवों के भक्तों ने तन-मन-धन से सहयोग किया।

अंखड अष्टयाम में श्रीराम जय राम जय जय राम के नाम को ब्यास महेश राय,जमादार राय, मिश्रीलाल,देवकी राय,

प्रेम सिंह, प्रेमशंकर राम,जीतन सिंह, अनिल मांझी, सुनील प्रसाद ने अपने अपने स्वर के माध्यम से क्षेत्र को गुंजायमान किया। अखंड अष्टयाम का समापन आरती एवं ब्रह्मण भंडारे के साथ साथ क्षेत्र से आए हुए भक्तों को प्रसाद ग्रहण कराया गया।

मांझी पुलिस ने छापेमारी कर 175 लीटर देशी शराब के साथ नाव किया जब्त

दैनिक समाज जागरण

मांझी (सारण)। स्थानीय पुलिस ने शनिवार को गुप्त सूचना के आधार पर गैरतपुर के समीप खेत में छुपा कर रखा गया करीब 175 लीटर देसी शराब बरामद किया है। जबकि वहीं नदी से एक नाव को भी जब्त कर लिया गया है। थानाध्यक्ष मोहम्मद जकरिया ने बताया कि गुप्त सूचना मिली कि गैरतपुर में पुलिस से चोरी छिपे शराब का कारोबार चल रहा है। जो यूपी से नाव द्वारा घाघरा नदी पार कर बिहार में लाया जाता है। थानाध्यक्ष मोहम्मद जकरिया ने

एएसआई अयूब खां के देखरेख में टीम गठित कर धावा बोल दिया। जबकि टीम का नेतृत्व खुद थानाध्यक्ष कर रहे थे। छापेमारी करने गई पुलिस ने देखा कि नदी किनारे मक्के के खेत में बड़ी मात्रा में बड़े-बड़े गैलन में देसी शराब छुपा कर रखा गया है। पुलिस ने शराब से भरा 13 गैलन जप्त कर लिया है। जबकि वहीं नदी में लगी छोटी नाव को भी जब्त कर थाने पर लाया गया। शराब एवं नाव जब्त करने के बाद पुलिस अगली कार्रवाई में जुट गई है।

बाइक दुर्घटना में मां-बेटी घायल, सदर अस्पताल रेफर

दैनिक समाज जागरण

मशरक (सारण)। थाना क्षेत्र के महाराणा प्रताप चौंक के पास शनिवार को बाइक दुर्घटना में बाइक पर सवार मां बेटी को घायल हालत में इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मशरक में भर्ती कराए गए। जहां उनकी पहचान तरैया थाना क्षेत्र के बगही गांव निवासी प्रमोद राय की 30 वर्षीय पत्नी झुन्नी देवी और 2 वर्षीय पुत्री कृति कुमारी के रूप में हुई। ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक डॉ एस के विधार्थी ने प्राथमिक उपचार कर सर पर लगे गहरे जख्म की वजह से बेहतर इलाज के लिए सदर

अस्पताल छपरा रेफर कर दिया। घटना के बारे में परिजनों ने बताया कि महिला बाइक सवार होकर मशरक थाना क्षेत्र के सनकौली से रिश्तेदारी से वापस मशरक होकर बगही जा रही थी कि महाराणा प्रताप चौंक के पास बाइक सामने से आ रही अनियंत्रित ट्रक की टक्कर से बचने के चक्कर में दुर्घनाग्रस्त हो गया। जिसमें दोनों घायल हो गए। आसपास के लोगों ने इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मशरक में भर्ती कराया।

45 वर्षीय महिला रूबी कुमारी के पेट से 5 किलो गाँठ का हुआ सफल ऑपरेशन

दैनिक समाज जागरण
गया ब्यूरो गजेन्द्र कुमार

पिछले कई कई महीनों से पेट दर्द से परेशान थी महिला रूबी कुमारी लगातार कई चिकित्सकों एवं अस्पताल का चक्कर काटने के बाद भी महिला को कोई आराम नहीं

मिला। ऐसे में मरीज को आधी रात में पेट का दर्द बढ़ने पर उनके परिजन द्वारा अर्थ सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल में लाया गया और सर्जरी विभाग के विशेषज्ञ डॉ. मुजफ्फर इकबाल द्वारा जाँच और इलाज प्रारम्भ किया गया। सम्पूर्ण परिक्षण एवं जांच से पता किया की मरीज के पेट में एक बड़ी गाँठ पनप रही है, जिससे परिवारजनों को अवगत कराया गया तथा डॉक्टरों की टीम द्वारा ऑपरेशन करने का निर्णय लिया गया। मरीज का लगभग 5 घण्टे तक ऑपरेशन चला, जिस दौरान विशेषज्ञों को काफी मशक्कत करनी पड़ी, विशाल गांठ पेट के बाकि अंगो से बचते हुए निकलना अपने आप में काफी जटिल था, फिर अपने अनुभव एवं कौशल से सफलता प्राप्त हुई। ऑपरेशन के दौरान पेट में देखा गया की इन्फेक्शन भी फैला हुआ है जिसको हटाना सबसे बड़ी चुनौती थी । विशेषज्ञों की टीम का नेतृत्व डॉ मुजफ्फर इकबाल (सर्जरी विभाग) एवं डॉ. एकता वर्मा (स्त्रीरोग विशेषज्ञ) ने किया साथ ही डॉ नीरज कुमार डॉ दीपक मौर्या (निश्चेतना विशेषज्ञ) एवं रजनीश, रविन्द्र, संतोष, विवेक, गौरव, राजीव एवं सभी स्टाफ ने मिलकर इस ऑपरेशन को सफल बनाया आज मरीज पूर्णतः स्वस्थ होकर अपने घर जा रही है, जिसे पुरे अस्पताल ने महिला एवं उनके परिवार के साथ केक काटकर जश्न मनाया और स्वस्थ जीवन की कामना की। पुरे परिवार ने डॉ इकबाल, डॉ एकता वर्मा एवं समस्त कर्मचारियों को धन्यवाद दिया।

अर्श सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल में बहुत ही जटिल सर्जरी से मरीज को मिला नया जीवनदान

नया जीवन पाकर महिला की आँखों में आये खुशी की मुस्कान

समय पर इलाज नहीं किया गया तो पेट की गांठ से हो सकती है महिला की मौत

अर्श हॉस्पिटल के सी०ई०ओ० एवं पेट रोग विशेषज्ञ डॉ टी शर्मा ने बताया की पेट दर्द किसी भी इंसान के जीवन में सबसे ज्यादा तकलीफ देने वाली लक्षण होती है, जिससे व्यक्ति शारीरिक एवं मानसिक दोनों तरह से परेशान हो जाता है, लोग आमतौर पर अनदेखा कर बिना जाँच कराये आसपास के मेडिकल या डॉक्टर से दवाई लेकर लापरवाही करते है, जो की बिलकुल सही नहीं है। पेट में गांठ होने पर भी मीठा मीठा दर्द से तकलीफ चालू होती है और वो अंदर ही अंदर बढ़ने और फैलने लगती है, और कभी कभी तो वो इतनी फैल जाती है की ऑपरेशन भी संभव नहीं होता और वो गांठ जानलेवा हो जाती है।

डॉक्टर सलाह.....

लक्षण होने पर न बरते लापरवाही

- पेट में दर्द होना
  *पेट फूलना
- उलटी या मितली आना अनियमित मासिक

संस्थापक एवं प्रसिद्ध डॉ नवनीत निश्छल ने बताया की अब गया में जटिल बीमारियों का सफल इलाज आसानी से उपलब्ध, अब मरीजों को पटना, रांची जैसे अन्य शहरों में जाने की आवश्यकता नहीं। अर्थ सुपरस्पेशलिटी अस्पताल पिछले कई सालों से लगातार मल्टी सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल के रूप में गया ही नहीं बल्कि पुरे मगध को अपनी सेवाएं दे रहा है। यहां एक ही छत के नीचे कुशल डॉक्टरों द्वारा लगातार जटिल ऑपरेशन और प्रक्रियाएं की जा रही है, साथ ही कार्डियोलॉजी, न्यूरो सर्जरी, ऑथोपेडिक्स, गैस्ट्रो एंटरोलॉजी आदि सभी विशेषज्ञ 24x7 उपलब्ध है । अर्श सुपरस्पेशलिटी अस्पताल की कुशल टीम लगातार मरीजों का बेहतर इलाज किया जा रहा है जो कि उत्कृष्टता की निशानी है।

शिक्षकों व प्रशिक्षु शिक्षकों ने गतिविधियों के माध्यम से बाढ़ व सर्पदंश से बचाव की दी जानकारी

दैनिक समाज जागरण

छपरा (प्रो. अजीत कुमार सिंह)। एकमा प्रखंड के गौसपुर स्थित उत्क्रमित मध्य सह उच्च माध्यमिक विद्यालय में सुरक्षित शनिवार के तहत बरसात के मौसम में बाढ़ की विभीषिका के दौरान नाव दुर्घटना से बचाव के बारे में विभिन्न गतिविधियों को कराकर छात्र-छात्राओं को जानकारी दी गई।

सुरक्षित शनिवार से संबंधित गतिविधियों के माध्यम से बाढ़ के दिनों में नाव दुर्घटना, सर्पदंश आदि की स्थिति से निबटने से छात्र-छात्राओं को संबंधित जानकारी देने वालों में प्रधानाध्यापिका अनीता पांडेय, शिक्षिका दिग्विजय गुप्ता, ओम प्रकाश यादव, योगेश सिंह, कमल कुमार सिंह, छविनाथ मांझी, अंजू कुमारी, विभा कुमारी, सोनाली नंदा, राज मोहम्मद अंसारी के अलावा रामाधार सिंह शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय के प्रशिक्षु शिक्षक शिवम प्रियम, सब्या साची, अनिल पांडेय, प्रभात कुमार सिंह आदि अन्य शामिल रहे।

छात्रों में दिखा उत्साह, लगवायी कोरोनारोधी वैक्सीन

दैनिक समाज जागरण

मांझी (सारण)। कोरोना महामारी से बचाव के लिए किशोरों को कोरोना का टीका लगाने का टीकाकरण अभियान के क्रम में शनिवार को स्वास्थ्य विभाग की टीम ने मांझी शिवाजी नगर स्थित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में कैंप लगाकर टीकाकरण किया। इसमें छात्र-

छात्राओं ने बढ़-चढ़कर टीकाकरण करने के साथ ही अपने अन्य साथियो का भी उत्साह बढ़ाया। टीकाकरण कराने वाले छात्र-छात्राओं को डाक्टरो की निगरानी में कुछ देर के लिए विश्राम भी दिया गया। बाद में उन्हें घर भेज दिया गया। प्रधानाचार्य अजय कुमार मिश्र ने बताया कि विद्यालय के 100 छात्र-छात्राओं के टीकाकरण हुआ है। उन्होंने अभिभावकों से बच्चों का टीकाकरण कराने व मास्क का प्रयोग करने के अपील की है।

नेता प्रतिपक्ष का तरैया विधायक ने मशरक में किया स्वागत

दैनिक समाज जागरण

मशरक (सारण)। मशरक के महावीर चौक पर शनिवार को पटना से सिवान जाने के दौरान नेता प्रतिपक्ष विधान परिषद सम्राट चौधरी का भव्य स्वागत किया गया। स्वागत कार्यक्रम तरैया भाजपा विधायक जनक सिंह ने किया।वही उनके

साथ पूर्व विधायक बैकुंठपुर मिथलेश तिवारी मौजूद रहे।

इस मौके पर मशरक प्रखंड अध्यक्ष बीरबल प्रसाद कुशवाहा, किसान मोर्चा महामंत्री रविरंजन सिंह मंटू, महामंत्री राकेश महंथ, श्याम बिहारी सिंह, गौतम ओझा समेत दर्जनों लोगों ने फूल माला पहनाकर स्वागत किया।

चोरों ने एक लाख रुपये मूल्य की संपत्ति पार किया

दैनिक समाज जागरण

छपरा (सारण)। एकमा थाना क्षेत्र में नगर पंचायत एकमा बाजार के भरहोपुर गांव में शुक्रवार की रात को एक घर में घुसकर अज्ञात चोरों लगभग एक लाख रुपए मूल्य की संपत्ति चोरी कर चंपत हो गए। चोरी की घटना की जानकारी गृह स्वामी को शनिवार की सुबह नींद खुलने पर हुई।

जानकारी के अनुसार शत्रुघ्न सिंह के घर में चोर छत से होकर अंदर घुस कर नकदी, सोने-चांदी के आभूषण, कपड़ा आदि से भरा तीन ब्रिफकेश व एक बैग उठा ले गए। ब्रिफकेश व बैग में से रुपया, सोने की अंगूठी तथा एक चांदी का आभूषण, पायल व कपड़ा आदि निकाल उसे गांव से सटे एक पोखरा के समीप फेंक कर चंपत हो गए। घर में चोरी होने की जानकारी घर वालों को नींद खुलने पर शनिवार की सुबह हुई तो उनके होश उड़ गए।

जमीनी विवाद मे हुई मारपीट,मामला दर्ज

बनियापुर (सारण) थाना क्षेत्र के सारेया गाव मे जमीनी विवाद मे जमकर हो गयी ,जिसमे तीन लोग जख्मी हो गए।

घटना मे पीड़ित ध्रुपदेव सिंह ने बताया है कि निजी जमीन पर जबरन कब्जा करने का विरोध करने पर पट्टीदार ने मारपीट कर पत्नी पुत्र को भी जख्मी कर दिए। इधर सहाजितपुर थाना क्षेत्र के हाफिजपुर गाव मे मामूली विवाद मे हुई मारपीट मे जख्मी कर दिए जाने की प्राथमिकी दर्ज कराई गयी है घटना ने दिलीप राय ने मनेजर राय विक्रम राय रजदेव राय संजू देवी रूबी देवी को नामजद किया है।मामले मे पुलिस घटना की जाँच कर रही है।

25 लीटर देशी धराब के साथ धंधेबाज गिरफ्तार

बनियापुर (सारण) थाना क्षेत्र के टेढ़ी घाट बजार पर गुप्त सूचना पर पुलिस छापामारी मे पुलिस से धंधेबाज के घर से 25 लीटर देशी शराब बरामद किया है।वही पुलिस की भनक पर भागने के क्रम मे धंधेबाज को गिरफ्तार कर लिया है मामले मे पी एस आई आरती कुमारी के बयान पर दर्ज प्राथमिकी मे बताया गया है कि टेढ़ीघाट पुलिस गस्ती मे थी जहा सूचना सूचना मिली कि लौवा कला गाव मे राजू राय छुपाकर शराब बिक्री करता है।जिस सूचना पर छापामारी की गयी जहा से उसके घर से 25 लीटर देशी शराब बरामद किया गया।मामले मे उत्पाद अधिनियम के तहत आरोपित करते जेल भेज दिया गया है।

बिजली विभाग के एसडीओ का अनूठे जवाब, नवीनगर एवं कुटुम्बा प्रखंड में 80% लोग करते हैं बिजली की चोरी

कर्रवाई की बात हुआ तो बचाव में उतर जाते हैं तथाकथित सोशल एक्टिविस्ट और करते हैं सत्ता का दुरूपयोग-- विद्युत एसडीओ नवीनगर।

बिजली की चोरी करने वाले ही तो नहीं है तथाकथित सोशल एक्टिविस्ट-- विद्युत एसडीओ नवीनगर

दैनिक समाज जागरण, अनिल कुमार मिश्रा ब्यूरोचीफ औरंगाबाद (बिहार)

औरंगाबाद (बिहार) 27 अगस्त 2022:- दैनिक समाज जागरण " हिन्दी दैनिक पीडीए " समाचार में दिनांक 25 अस्त 2022 को प्रकाशित समाचार शिर्षक ड्ड समाज सेवियों नें दी कड़ी चेतावनी, कहा बिहार- सरकार को बदनाम करने का काम औरंगाबाद में बंद करें विद्युत विभाग के अधिकारी, नहीं तो जाना पड़ेगा जेल। ड्ड के प्रतिउत्तर में कार्यपालक विद्युत अभियंता नवीनगर ने जो कहा, यह सुनकर आप भी हैरान हो जाएंगे, विद्युत एसडीओ द्वारा दैनिक समाज जागरण का औरंगाबाद जिले के ब्यूरो चीफ अनिल कुमार मिश्र के व्हाट्सएप पर मैसेज के माध्यम से क्या कहा गया है "प्राप्त मैसेज का " एक झलक राज्यहित में जारी किया जा रहा है:-

पत्रकार के व्हाट्सएप पर मैसेज में क्या कह रहें हैं बिजली विभाग नवीनगर के सहायक विद्युत अभियंता (एसडीओ,) व्हाट्सएप पर प्राप्त मैसेज को एक झलक देखें

26/08, 10:31 am] BDUT SDO: जिस क्षेत्र में 80% लोग बिजली चोरी कर रहे हो वैसे चोर लोग नसीहत देने लगे तो देश का दुर्भाग्य है।

26/08, 10:31 am] BDUT SDO: और ऐसे बिजली चोरी करने वाले खुद को समाजसेवी बोले इसके मायने खुद ही लगाए जा सकते हैं कि समाज किस दिशा में है।

26/08, 10:31 am] BDUT SDO: पूरे नबीनगर एवं कुटुंबा प्रखंड में 72000 उपभोक्ताओं में से मात्र 18000 विपत्र का भुगतान करते हैं यह 54000 कौन लोग हैं क्या इन्हीं में से समाजसेवियों का लिस्ट है। एसडीओ साहब नें व्हाट्सएप पर एक और पोष्टजारी किया जिसमे कहा गया है,

महोदय,

बहुत ही विनम्रता से कहना चाहूंगा, कभी भी जब बिजली चोरी करने वाले लोग को सजा देने की बात आती है तो यही तथाकथित समाज सेवा करने वाले लोग चोरों की वकालत करने आते हैं अब चोर को छोड़ने की बात करने वाला को क्या पद दिया जाए और क्या इस स्थिति में कभी भी सरकार को फायदा मिल सकेगा समाजसेवियों का तो यह कदम होना चाहिए कि जो भी बिजली से चोरी कर राजस्व क्षति पहुंचा रहा है उसको कड़ी सजा दी जाए लेकिन उल्टे लोग बचाने में अपने सत्ता के लाभ में पैरवी करते रहते हैं।

बीजली विभाग के एसडीओ साहब के बातों से अब तो सभी लोग भली- भाँति जान ही गये होगें कि बिहार राज्य के औरंगाबाद जिले का नवीनगर एवं कुटूम्बा प्रखंड़ में बिजली का चोरी करने वाले 80 प्रतिशत लोग है और बिजली का चोरी करने वालों को बचाने वाले लोग भी तथाकथित सोशल एक्टिविस्ट है जो सत्ता का दुरुपयोग करते हैं ।

हिमाचल देवभूमि तो बिहार देवों की भूमि----मुख्य न्यायमूर्ति पटना ।

दैनिक समाज जागरण, अनिल कुमार मिश्रा ब्यूरोचीफ,औरंगाबाद (बिहार)

औरंगाबाद (बिहार) 27 अगस्त 2022:- ब्यवहार न्यायालय औरंगाबाद के लिए बनें, नयें पांच तल्ला विल्डिंग का उद्घाटन हेतू समरोह का आयोजन आज किया गया । पटना हाईकोर्ट के मुख्य न्यायमूर्ति संजय करोल, न्यायमूर्ति संदीप कुमार तथा न्यायमूर्ति सह निरिक्षी जज राजीव राय ने संयुक्त रूप से पलना घर का उद्घाटन किया तत्पश्चात फीता काट कर व्यवहार न्यायालय औरंगाबाद के लिए बने नयें भवन का उद्घाटन पटना हाईकोर्ट के मुख्य न्यायमूर्ति संजय करोल, न्यायमूर्ति संदीप कुमार तथा न्यायमूर्ति सह निरिक्षी जज राजीव राय एवं जिलाव सत्र न्यायधीश ने संयुक्त रूप से किया तथा नये व्यवहार न्यायालय औरंगाबाद के लिए तैयार पांच तल्ला विल्डिंग के शिलापट्ट का पर्दा हटा गया।उद्घाटन के पश्चात व्यवहार न्यायालय औरंगाबाद के लिए बनें नये भवन को व्यवहार न्यायालय औरंगाबाद को समर्पित किया गया। व्यवहार न्यायालय के निचे उद्घाटन मंच पर तीनों न्यायमूर्ति, और जिला जज मनोज कुमार तिवारी,तथा स्पेशल पीपी कुमार योगेन्द्र नारायण सिंह ने दीप प्रज्वलित किया।

उद्घाटन कार्यक्रम का स्वागत भाषण जिला जज मनोज कुमार तिवारी ने किया, उनके बाद निरिक्षी जज ने सभी का अभिनंदन किया, उनके बाद न्यायमूर्ति संदीप कुमार ने औरंगाबाद न्यायिक पदाधिकारीयों की कार्यों की प्रशंसा की, मुख्य न्यायमूर्ति संजय करोल ने औरंगाबाद के 26 लाख लोगों को प्रणाम करते हुए सम्बोधन प्रारंभ की ,और युवा अधिवक्ताओं को जोश बढ़ाते हुए कहा कि आपका बार ,यंग बार है।

न्यायिक पदाधिकारीयों से आग्रह किया कि औरंगाबाद में ऐसा फैसला दे कि पक्षकार को न अपील करना पड़े न दलील देना पड़े, ऐसा आदर्श स्थापित करें कि औरंगाबाद वासीयो का हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट औरंगाबाद का ही कोर्ट हो क्योंकि अधिकांश किसान, मजदूर को न्याय के लिए लम्बी लड़ाई सम्भव नहीं है, फैसला भले किसी के पक्ष या खिलाफ हो मगर फैसला में न्याय निहित हो,वाद के प्रकिया तेजी से क्रियान्वयन के लिए जिला जज, जिला पदाधिकारी, आरक्षी अधीक्षक, सिविल सर्जन समय-समय पर समीक्षात्मक बैठक करें, आपको आती है।

औरंगाबाद में भी एक कोर्ट ऐसा बनाये जहां सबकुछ ओनलाइन हो।

औरंगाबाद में भी एक कोर्ट ऐसा बनाये जहां फाइलिंग से लेकर गवाही, बहस, जजमेंट तक ओनलाइन हो , इससे बहुत फायदे होंगे यहां तक कि पक्षकार को भी नेट पर वाद की जानकारी मिलती रहेगी,

मालूम कि करोना काल में भी आम आदमी के मौलिक अधिकार सुरक्षा के लिए हाईकोर्ट हमेशा खुली रही, उन्होंने आगे कहा कि जब हम न्याय करते हैं, फैसला करते हैं तो जजमेंट केवल काली स्याही के दस्तावेज नहीं होती वह किसी के आंसु पोंछने के काम यहां कुल 60 हजार केस में 11 हजार वाद उत्पाद विभाग से संबंधित है जिससे न्यायालय पर भार बढ़ा है जिस पर विशेष ध्यान कि आवश्यकता है , उन्होंने यह भी कहा कि कुछ केस ऐसे आ रही है जिस पर नाम किसी का, और कब्जा किसी ओर का, उन्होंने न्यायधीशों से अनुरोध करते हुए कहा कि प्रोसेस पनीसमेंट न बन जाए इस लिए वाद निष्पादन में समय पर ध्यान देंअंत में कहा औरंगाबाद आकर बहुत खुशी हुई आपका धन्यवाद।

धन्यवाद ज्ञापन परिवार न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश कृष्ण कांत त्रिपाठी ने किया उसके बाद सभी पटना हाईकोर्ट के न्यायमूर्तियों और व्यवहार न्यायालय के सभी न्यायिक पदाधिकारीयों ने नये व्यवहार न्यायालय के भ्रमण किया और शुभकामनाएं प्रकट किये। उपस्थित जिला विधिक सेवा प्राधिकार औरंगाबाद के सचिव प्रणव शंकर, जिला पदाधिकारी सौरभ जोरवाल, आरक्षी अधीक्षक कांतेश मिश्रा, अंचलाधिकारी, लोक अभियोजक पुष्कर अग्रवाल,जिला विधिक संघ के अध्यक्ष रसिक बिहारी सिंह, महासचिव नागेंद्र सिंह, अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष संजय सिंह,, दाउदनगर विधि संघ के अध्यक्ष, सचिव, और स्पेशल पीपी, एपीपी तथा तमाम अधिवक्ता और न्यायिक कर्मचारीगण उपस्थित थे, यह जानकारी अधिवक्ता सतीश कुमार स्नेही ने दी।

सांप काटने से युवक अचेत,रेफरल अस्पताल मे कराया गया इलाज

बनियापुर (सारण) थाना क्षेत्र के इब्राहिमपुर गाव मे मार्निंग वाक मे निकले युवक को विषयले सांप ने ड्स लिया जिसके बाद युवक को गंभीर स्थिति मे रेफरल अस्पताल मे इलाज के लिए ले जाया गया।जहा युवक

का इलाज कराया गया।जिसकी हालत खतरे से बाहर बताई गयी है।

घटना के संबंध मे बताया गया है कि स्थानीय युवक बिट्टू कुमार ठाकुर गाव मे मार्निंग वाक मे निकले थे जहा युवक को विषयले सांप ने ड्स लिया जिसके बाद कुशल इलाज के बाद स्थिति खतरे से बाहर बताई जाती है।

पाकुड़ जिले में लीज अवधि समाप्त हो चुकी पत्थर खदानों की मापी शुरू

दैनिक समाज जागरण संवादाता अभिषेक तिवारी (पाकुड़)

पाकुड़ जिले में 31 मार्च 2022 तक खत्म हुए पत्थर खदानों की लीज

अवधि के खत्म होने पर रांची से जियोलॉजिकल की टीम पाकुड़ पहुंची.मिली जानकारी के अनुसार 31 मार्च 2022 को कुल 39 पत्थर खदान की लीज अवधि समाप्त हुई है. ऐसे में इन सभी पत्थर खदानों की मापी कराई जाएगी. जिससे यह पता लगाया जाएगा कि जितना पत्थर उत्खनन के लिए लीज प्रदान किया गया था.उससे ज्यादा पत्थर उत्खनन तो नहीं किया गया है.ऐसे में जियोलॉजिकल विभाग के 3-4 सदस्यों की टीम सैटेलाइट जीपीएस के माध्यम से पत्थर खदानों की जांच कर रहे हैं. यह टीम ने मालपहाड़ी के पत्थर खनन क्षेत्रों से जांच शुरू की है. इस संबंध में डीएमओ प्रदीप कुमार ने बताया कि 31 मार्च 2022 को कुल 39 पत्थर खदानों की लीज अवधि समाप्त हुई है. जिसकी मापी की जा रही है

हिरणपुर प्रखंड के बीडीओ के खिलाफ हुई पोस्टर बाजी।

दैनिक समाज जागरण रिपोर्ट अभिषेक तिवारी (पाकुड़)

हिरणपुर। पाकुड़ जिला के हिरणपुर प्रखंड के बीडीओ उमेश कुमार स्वांसी के खिलाफ हिरणपुर बाजार के कई स्थानों पर पोस्टरबाजी की गई है। ये

पोस्टरबाजी भाजपा हिरणपुर इकाई की ओर से की गई है। इसकी पुष्टि मंडल अध्यक्ष कैलाश प्रसाद सिंह ने की। पोस्टर में हिरणपुर बीडीओ मुदार्बाद, भ्रष्ट हिरणपुर बीडीओ होश में आओ, हिरणपुर बीडीओ की संपत्ति की जांच हो, योजनाओं में व्याप्त अनियमितता की जांच करना होगा, रात में प्रखंड कार्यालय चलाना बंद करो आदि स्लोगन लगाकर विरोध जताया गया है। अचानक हुई पोस्टर बाजी से इलाके में तरह तरह की चचाओं का बाजार गर्म है। मंडल अध्यक्ष ने कहा कि आगे भी आंदोलन जारी रहेगा। इधर इस मामले में बीडीओ उमेश कुमार स्वांसी ने बताया कि उन पर लगाया गया आरोप बेबुनियाद है। भाजपा के मंडल अध्यक्ष कैलाश प्रसाद सिंह कई मामले में अनगरल कार्य को लेकर आते हैं, जो नियमसंगत नहीं होता है। ऐसी स्थिति में मांग पूरा नहीं होने पर इस तरह के बेबुनियाद आरोप लगाए जा रहे हैं।

वोटर कार्ड को आधार कार्ड से जोड़ने के लिए विशेष कैंप का आयोजन किया गया।

दैनिक समाज जागरण संवाददाता बिक्की सन्याल।

लिट्टीपाड़ाः- प्रखंड कार्यालय परिसर में शनिवार को जिला निर्वाचन

पदाधिकारी -सह- उपायुक्त वरुण रंजन के निर्देश पर वोटर कार्ड को आधार कार्ड से जोड़ने के लिए विशेष कैम्प का आयोजन किया गया। इस कैम्प में प्रखंड, अंचल, बाल विकास परियोजना कार्यालय, जेएसएलपीएस, तेजस्विनी के कर्मियों सहित स्थानीय मतदाताओं को उनके वोटर कार्ड को आधार कार्ड से जोड़ा गया। वोटर कार्ड को आधार कार्ड से लिंक करने में कंप्युटर ऑपरेटर बंटी कुमार गुप्ता, सुमित पांडे सहित शिक्षक नरेश मंडल ने कंप्युटर के माध्यम से जोड़ने का काम किया। इस कार्य में निर्वाचन कोषांग के के.सी.दास नाजिर राजाराम रविदास सहित ऊर्दू अनुवादक इरफान जावेद, सहायक विजय पासवान सक्रिय भूमिका निभाते दिखे।

पाकुड़िया पुलिस ने चलाया वाहन जांच अभियान

दैनिक समाज जागरण रिपोर्ट मृत्युंजय कुमार

पाकुड़िया (पाकुड़): पुलिस अधीक्षक पाकुड़ हरदीप पी जनार्दन के निर्देशानुसार शनिवार को सुरक्षा के दृष्टिकोण से पुलिस ने वाहन जांच अभियान चलाया। थाना क्षेत्र के तलवा, झरना मोड़, पाकुड़िया बाजार एवं बन्नोग्राम गांव के अलावा सीमावर्ती क्षेत्रों में पुलिस अधिकारी एसआई सतीश कुमार एवं जवानों की मौजूदगी में सघन वाहन जांच अभियान चलाया गया। इस

दौरान चार पहिया एवं दो पहिया वाहन सवार लोगों के वाहनों का डिक्की, सीट बेल्ट, ड्राइविंग लाइसेंस ,धुआं लाइसेंस एवं बैग को अच्छी तरह से जांच किया गया । सिद्धू कानू चौक में भी आने जाने वाले वाहनों की सघन जांच की गई । इस दौरान सभी दो पहिया , चार पहिया वाहनों का डिक्की, सीट के नीचे ऊपर आदि की जांच की गई ।एस आई कुमार ने बताया कि बॉर्डर की तरफ आने जानेवाले हर वाहनों की कड़ी जांच की जा रही है । इधर जांच अभियान से चालकों के बीच हड़कंप देखा गया । लोग जांच के डर से दूसरे ग्रामीण रास्तों से गंतब्य की ओर जाते देखे गये।

आधार कार्ड को वोटर कार्ड से जोड़ने को लेकर समाहरणालय, अनुमंडल कार्यालय एवं सभी प्रखंडों में विशेष कैंप का आयोजन किया गया।

दैनिक समाज जागरण संवाददाता अभिषेक तिवारी (पाकुड़)

पाकुड़ जिला मैं आधार कार्ड को वोटर कार्ड से जोड़ने को लेकर शनिवार को समाहरणालय परिसर के प्रवेश द्वार के समीप विशेष कैंप लगाया गया। कैंप में समाहरणालय कर्मियों सहित अन्य लोगों से आधार नंबर, एपिक नंबर एवं मोबाइल नंबर प्राप्त किया गया जिसके पश्चात डिटेल्स संबंधित निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी को उपलब्ध कराया जायेगा इसके बाद संबंधित निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी फॉर्म 6 बी का

इस्तेमाल करते हुए सभी के वोटर कार्ड को आधार से लिंक कर दिया जायेगा। सभी प्रखंडों में भी लगाया गया विशेष कैंप। आधार से वोटर कार्ड को जोड़ने को लेकर समाहरणालय के अलावे शनिवार को जिले के सभी प्रखंडों, अनुमंडल कार्यालय में भी शिविर लगाकर लोगों से सभी डिटेल्स संकलन किये गये। सभी शिविरों में पर्याप्त मात्रा में कर्मियों की नियुक्ति की गई थी।

जिला इकाई पाकुड़ अंगिका समाज एकता सम्मेलन सम्पन्न हुआ।

दैनिक समाज जागरण राजकुमार भगत (पाकुड़)

पाकुड़/आज दिन शनिवार को अपराह्न 3:00 बजे स्थानीय योग भवन , पाकुड़ के प्रशाल में अंगिका समाज की एक आवश्यक बैठक की गई ।वरिष्ठ अंगिका समाज के जिलाध्यक्ष आदरणीय भागीरथ तिवारी की अध्यक्षता में बैठक संपन्न हुई, बैठक में मुख्य रूप से अंगिका भाषा को आठवीं अनुसूची में शामिल करने, राष्ट्रीय जनगणना पंजी (एन.पी.आर.) में अंगिका को अंकित करने , स्नातक एवं स्नातकोत्तर स्तर पर एक विषय के रुप में अंगिका भाषा की पढ़ाई प्रारम्भ करने, भाषाई जनगणना में अंगिका भाषा को शामिल करने आदि महत्वपूर्ण विषयों को लेकर विचार विमर्श हुई ।

डॉ. सिंह ने कहा कि अंगिका भाषा को अष्टम अनुसूची में शामिल कराने के लिए माननीय गृहमंत्री जी को एक पत्र भेजने हेतु पत्र का प्रारूप, समस्त अंगिका समाज की ओर से प्रेषित किया जाना चाहिए । आपके सहयोग से ही संभव होगा ।

डॉ.श्रीमोहन सिंह, महासचिव ने सम्बोधन में कहा कि नियुक्ति नियमावली में अंगिका को शामिल करने की मांग लेकर दिनांक 20 दिसम्बर को प्रदीप कुमार यादव, माननीय विधायक, पोडैयाहाट के नेतृत्व में राजेश रंजन, माननीय पूर्व विधायक, महगामा एवं झारखण्ड प्रदेश अंगिका समाज राज्य कार्यकारिणी समिति के पदाधिकारी डॉ प्रदीप प्रभात तथा नरोत्तम प्रसाद सिंह माननीय मुख्यमंत्री जी से मिले

और अपनी बातें जोरदार ढंग से उनके पास रखे।

पाकुड़ के सम्मानित अंगिका समाज से अपील है कि वो स्वंय जागरुक होकर अंगिका भाषा के प्रचार-प्रसार करें और राज्य के मुख्य उद्देश्य में सहयोग करें ।

बैठक का विचारणीय विषय निम्नवत हैं-

1.राष्ट्रीय जनसंख्या पंजी (ठढफ) में अंगिका को शामिल कराने हेतु रणनीति पर विचार।

2.झारखण्ड सरकार की नियुक्ति नियमावली में अन्य जिलों एवं राज्य स्तरीय नियुक्ति में अंगिका को शामिल कराने पर विचार।

3.अंगिका को अष्टम अनुसूची में शामिल कराने पर विचार।

4.जिला संचालन की स्थिति की समीक्षा।

5.संगठनात्मक एवं सदस्यता विस्तार पर विचार।

6.अन्याय।

आज के बैठक में मंच संचालन संजय कुमार शुक्ला जी कर रहे हैं ।स्वागत भाषण प्रो. मनोहर कुमार जी ने किया, विनय कुमार सिंह नें अंगिका सम्मेलन में विषय प्रवेश कराते हुए अपने सम्बोधन किया । जिलाध्यक्ष भागीरथ तिवारी एवं युवा जिलाध्यक्ष हिसाबी राय ने अंगिका समाज के उत्थान, विकास एवं भाषा के प्रचार-प्रसार के विषय में विस्तार से मार्ग प्रशस्त किये ।उन्होंने कहा कि अंगिका भाषा हमसबों की मातृभाषा है, अंगिका प्रेमी अंगिका में ही बोलें और प्रचार-प्रसार करें। राज्य कार्यकारिणी सदस्य नरोत्तम कुमार सिंह, दीपक कुमार सिंह एवं अनिल कुमार सिंह ने भी अंगिका भाषा-भाषी पर जोरदार सम्बोधन किया । डॉ.अमरेन्द्र कुमार सिन्हा, शम्भू कान्त झा,रामरंजन कुमार सिंह ने भी सम्बोधित किया । धन्यवाद ज्ञापन कैलाश झा ने किया एवं राष्ट्र गान के साथ आज की बैठक समाप्त की गई । आज के बैठक में जिला के दर्जनों व्यक्ति उपस्थित थे ।

जोहार परियोजना के तहत मुर्गी चूजा वितरण किया गया

दैनिक समाज जागरण संवाददाता अभिषेक तिवारी (पाकुड़)

पाकुड़/झारखण्ड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी,ग्रामीण विकास विभाग के जोहार परियोजना, पाकुड़ सदर के अंतर्गत संथाल परगना प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड द्वारा पाकुड़ सदर प्रखंड के 6 उत्पादक समूहों में जोहार परियोजना अंतर्गत सोनाली वेरायटी का मुर्गी चूजा कुल 78 लाभुको को 50 मुर्गी चूजा करके कुल 3800 मुर्गी चूजा, 2 ड्रिंकर, 2 फीडर करके 156 ड्रिंकर-फीडर और 10 किलोग्राम मुर्गी दाना प्रति लाभुक करके कुल 760 दाना का वितरण बीपीएम मो फैज आलम, बीपीओ सुभाष कुमार और संथाल परगना के मार्केटिंग मैनेजर सूरज कुमार के द्वारा किया गया। इस क्रम में सीतापहाड़ी , नसीपुर आसनडीपा,

मंगलापाड़ा, कलिदासपुर व सिंगद्वा गाँवों में जोहार परियोजना के तहत प्रत्येक उत्पादक समूह के सदस्यों को मुर्गी का चूजा हेतु 2400, कार्यशील पूंजी 1600 एवम 3500 रुपया मुर्गी का शेड बनाने के लिए भी राशि दिया गया है। जोहार परियोजना का मुख्य उद्देश्य समूह के दीदियों के आय को दुगुना करना है, जिसके तहत सरकार एवं जेएसएलपीएस इस दिशा में प्रयासरत हैं और उनको समय-समय पर योजना का लाभ देकर उनकी आय को बढ़ाने में सहायता कर रहा है। मौके पर एफटीसी सोनिका हेंब्रम, संतोष कुमार मंडल, पशु सखी, सक्रिय महिला सहित सखी मंडल की दीदी उपस्थित थे।

अभाविप का सदस्यता अभियान आरंभ, विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों के 500 छात्र छात्रा अभाविप से जुड़े

दैनिक समाज जागरण संवाददाता अभिषेक तिवारी

पाकुड़।अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद झारखंड के आह्वान पर सभी जिलों में अभाविप की सदस्यता अभियान आरंभ है। इस निमित्त नगर प्रेस मीडिया संयोजक अशोक कुमार के नेतृत्व में जिले के विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों में छात्र एवं छात्राओं ने अभाविप की सदस्यता ग्रहण की। सोशल मीडिया संयोजक सोनू कुमार ने बताया कि विद्यार्थी परिषद लगातार छात्र-छात्राओं की मुखर आवाज के रूप में उनके हितों के लिए स्थापना काल से ही संघर्ष करती आ रही है। अभाविप के

कार्यकर्ता छात्र छात्राओं को सकारात्मक दिशा प्रदान करते हुए राष्ट्र के पुनर्निर्माण में एक साथ जोड़ रहे हैं। वही नगर कार्यालय मंत्री प्रदीप मिश्रा ने कहा कि शिक्षा के सभी परिसरों में छात्र-छात्राओं के हितों को लेकर परिषद कार्य करती आ रही है और इसी का परिणाम है कि इतनी बड़ी संख्या में छात्र-छात्रा परिषद से जुड़ रहे हैं । इस अवसर पर जिला संयोजक बम भोला उपाध्याय छात्र छात्राओं को संबोधित करते हुए राष्ट्र निर्माण के कार्य में सभी छात्राओं को जुड़ने हेतु धन्यवाद ज्ञापन पर बधाई दी है।

हरदोईया बड़ा पुल नई बस्ती मैंविद्युतीकरण ना होने के चलते आए दिन हो रही चोरी

दैनिक समाज जागरण लखनऊ / संवाददाता

नगराम लखनऊ हरदोईया मार्केट में बड़ा पुल स्थित नई बस्ती में विद्युतीकरण ना होने के चलते बस्ती वासियों को काफी मुसीबत का सामना करना पड़ता है विद्युत होने के चलते हो रही आम जनमानस में चोरियां होना आम बात हो गई हैपुलिस की निगरानी होते हुए भी गत माह एक दुकानदार के ट्रैक्टर की बैटरी चोरों द्वारा खोली गई वहीं रह रहे हो बिहारी वीरेंद्र वर्मा गुप्ता धर्मेंद्र वर्मा आदि लोगों द्वारा विद्युत विभाग को अवगत करा कर विद्युतीकरण करवाने की मांग संबंधित अधिकारियों से की है

बिहटा पुलिस ने शराब मामले में एक युवक को किया गिरफ्तार।

दैनिक समाज जागरण सत्येंद्र कुमार/बिहटा

बिहटा - बिहटा पुलिस ने शराब मामले में एक युवक को मामला दर्ज कर जेल भेज दिया है गिरफ्तार युवक की पहचान थाना क्षेत्र के मूशेपुर गांव निवासी तारकेश्वर ठाकुर का पुत्र सेठ ठाकुर के रूप में हुई है थानाध्यक्ष रंजीत कुमार ने बताया कि पुलिस ने शराब मामले में एक युवक को गिरफ्तार कर थाना ले आई थी जहां शराब की जांच में पुष्टि के बाद मामला दर्ज कर युवक को न्यायालय भेजा गया है और आगे कार्रवाई की जा रही है

अम्बेडकर युवा मंच का दूसरा वार्षिक अधिवेशन सम्पन्न

दैनिक समाज जागरण
ब्यूरोः- चीफ उमाकांत साह

चांदन/बांका/शनिवार 27 अगस्त को कुसुम जोरी पंचायत के ज्ञान भवन कड़वामारन परिसर में अम्बेडकर युवा मंच का दूसरा वार्षिक अधिवेशन जिला परिषद अध्यक्ष श्री सुनिल कुमार सिंह ने दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया। जिसमें मुख्य रूप से जिला पंचायत पदाधिकारी, बांका एवं डॉक्टर प्रोफेसर विलक्षण रविदास, डॉक्टर प्रोफेसर राधेश्याम राम पटना विश्वविद्यालय पटना के संयुक्त रूप में सामिल थे। इस अवसर लगभग 250 युवाओं ने बाबा साहब के प्रतिमा पर माल्यार्पण के उपरांत भारतीय संविधान के प्रस्तावना को खड़े होकर पढ़कर प्रारंभ की गई। इस अवसर पर झाझा एवं चांदन के 16 युवाओं ने एक वर्ष का रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए बताया कि मैट्रिक से स्नातकोत्तर के योग्यता वाले मंच का सदस्य हैं। औसतन प्रत्येक गाँव मे 15 से 20 सदस्य हैं ,जिनमें लड़कियों की संख्या कम है। रिपोर्ट में कुछ चुनौती भी बताया गया जैसे बहुत युवा मैट्रिक के बाद पलायन कर जाते हैं। कुछ युवा उच्च शिक्षा में जाना चाहते हैं, किन्तु साधन का अभाव से आगे नहीं बढ़ पाते हैं। एक वर्ष के कार्य योजना को भी युवाओं ने प्रस्तुत किया जिसमें उच्च शिक्षा में बढ़ावा, तकनीक शिक्षा में बढ़ावा, स्वरोजगार के क्षेत्र में पहल, समाजिक क्षेत्र में भागीदारी सुनिश्चित हो इसके लिए पहल करना है। इस अवसर पर सुनील कुमार सिंह ने बताया कि युवाओं के एक लाईब्रेरी की जरूरत है, जो मैं यहाँ

बनाने का वचन देता हूँ। उन्होंने आगे बताया कि डीपीआरओ साहब के अधीनस्थ नलजल योजना है इसके तहत पानी की व्यवस्था यहां हो जाय। डीपीआरओ साहब ने पानी की व्यवस्था के लिए प्रयास करेंगे ऐसा बोले। इस अवसर सिनाई सुंदर नायक ने सरकार के शिक्षा के डेटा प्रस्तुत किया और बताया कि शिक्षा की स्थिति ठीक नहीं है इसपर विचार करना चाहिए। बैठक में उपस्थित लोगों ने दलित समाज की उत्थान हेतु चर्चा किया। इस अवसर पर जिलापरिषद सदस्य प्रतिनिधि सह दक्षिणी वारने पंचायत के मुखिया तुलसी रजक, कुसुमजोरी के पूर्व मुखिया वीरेंद्र दास, बेलहर के बीपीआरओ, वेलहर सामाजिक कार्यकरता वीरेंद्र कुमार, पटना के राज्य युवा समन्वयक बीरेंद्र कुमार, भिखो बौद्ध, भुनेश्वर नाग आदि अन्य वक्ताओं ने सम्बोधित करते हुए बताया कि सामाजिक व आर्थिक बदलाव के दिशा में युवाओं को कम करने की जरूरत है।। भीम गीत गाकर लोगों को प्रेरित किया श्रीमती सुनीता देवी एवं रानी शर्मा ने। इस अवसर दीपक कुमार नौकासार, राजकुमार दहगिलवा, रामूताती, सिधुडीह, अंकित कुमार अम्बाभेलगुरी, कड़वामारन के दिनेश कुमार, दिलीप कुमार व संस्था के निदेशक महेंद्र कुमार रोशन ने बाबा भीमराव अंबेडकर साहब का संकल्प पत्र पढ़कर जागरूक किया।

गैर जमानती वारंटी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

दैनिक समाज जागरण संवाददाता अभिषेक तिवारी

पाकुड़/हिरणपुर थाना पुलिस ने आज गैर जमानती वारंट,कांड संख्या 76/19 में फरार चल रहे नकुल साहा को आज हिरणपुर पुलिस ने धर दबोचा, काफी सालों से फरार नकुल साहा पर अवैध पशु तस्करी का आरोप है और फरार चल रहा था। हिरणपुर थाना प्रभारी अमर कुमार मिंज के निर्देश पर आज छापेमारी कर इसे

गिरफ्तार किया गया और माननीय न्यायालय में उपस्थापन हेतु भेजा गया है।

जीविका परियोजना के तहत फलदार वृक्ष "आम, अमरूद, आंवला" के पौधा को वितरण किया।

दैनिक समाज जागरण,वीरेंद्र यादव संवाददात्ता

औरंगाबाद(बिहार) 27 अगस्त 2022:- जीविका परियोजना के तहत जिला के देव प्रखंड के सरगांवां पंचायत में फलदार पौधा का वितरण किया गया। जगदंबा भियो एवं सीएम रीता दीदी के द्वारा सभी जीविका दीदियों के ग्राम सिलार खुर्द में एकत्रित कर आम, अमरूद,

आंवला के पौधा को वितरण किया। सीएम रीता दीदी ने सभी जीविका दीदियों को पौधा देकर बताया कि। सभी व्यक्ति को पौधा लगाना चाहिए क्योंकि पौधा ही हम लोगों को जीवन दान देता है और वातावरण को शुद्ध रखता है। इसलिए सभी से निवेदन है। कि जितना ज्यादा हो सके पौधा लगाएं। और उन्होंने बताया कि हमारे संगठन द्वारा हर साल जीवका दीदियों में पौधा बटता है।पौधा उसी को दिया जाता है। जो हमारे संगठन से जुड़े हैं।

भव्य स्वागत करने पहुंचे नरपतगंज अररिया के माननीय एमपी श्री प्रदीप कुमार सिंह केंद्रीय गृह राज्य मंत्री श्री नित्यानंद राय जी को स्वागत अभिनंदन करते हुए भाजपा के सैकड़ों कार्यकर्ता पहुंचे भाजपा एवं उनके साथ खड़े रहने का वादा कीए

दैनिक समाज जागरण रिपोर्टर चंदन कुमार

भारतीय जनता पार्टी के केंद्रीय गृह राज्य मंत्री भारत सरकार माननीय श्री नित्यानंद राय जी का 27 व 28 अगस्त को दो दिवसीय जिला अररिया में प्रवास होना है माननीय गिरी राज्यमंत्री नित्यानंद राय जी के द्वारा भाजपा के सभी पदाधिकारी व कार्यकर्ता के साथ बैठक विजय बंदना मैरिज हॉल में रखी गई मंजूद रहे अररिया संसद श्री प्रदीप कुमार सिंह व जिला अध्यक्ष संतोष सुराणा जी इस कार्यक्रम को सफल बनाने में नवीन यादव, सुधीर भगत, प्रताप नारायण मंडल, पप्पू झा, शुभम चौधरी, दीपक चौधरी, राकेश विश्वास, राजन तिवारी, राहुल झा दीपक मंडल इस बैठक में मौजूद

रहे माननीय गृह राज्य मंत्री भारत सरकार श्री नित्यानंद राय जी का कार्यक्रम बंदना मैरिज हॉल में रखा गया समय, 3,30बजे कल दिनांक 28,8,2022 को दिन के समय 9,45 मैं अतिथि गृह अररिया में प्रेस वार्ता रखा गया है इस प्रेस वार्ता में सभी पत्रकार बंधु आमंत्रित हैं

जमीनी विवाद को लेकर बेलहर थाना में लगा जनता दरबार, नौ मामले में छह मामले का हुआ निदान

दैनिक समाज जागरण संवाददाता सदानंद पंडित बेलहर बांका

बांका /बेलहर आज शनिवार के दिन बेलहर थाना में जनता दरबार का आयोजन अंचलाधिकारी नागेंद्र प्रसाद के द्वारा किया गया। जहां अंचलाधिकारी नागेंद्र प्रसाद ने बताया कि आज कुल 9 आवेदन आए, जिसमें से 6 मामले का निदान तुरंत ही कर दिया गया ,जबकि 3 मामले को लेकर राजस्व कर्मचारी मोनिका पटेल के पास भेज दिया गया है। ताकि उसकी जांच किया

जा सके ।वहीं इस कार्यक्रम में उपस्थित अंचलाधिकारी नागेंद्र प्रसाद सहित बेलहर थाना के कर्मी उपस्थित थे।

पहचान पत्र को आधार कार्ड से जोड़ने के लिए विशेष कैंप लगाया गया।

दैनिक समाज जागरण संवाददाता बिक्की सन्याल।

अमड़ापाड़ा- प्रखंड कार्यालय परिसर में शनिवार को जिला निर्वाचन पदाधिकारी -सह- उपायुक्त वरुण रंजन के निर्देश पर वोटर कार्ड को आधार कार्ड से जोड़ने के लिए विशेष कैंप का आयोजन किया गया। इस कैंप में प्रखंड, अंचल, जेएसएलपीएस,बाल विकास परियोजना कार्यालय एवं तेजस्विनी के कर्मियों सहित

स्थानीय मतदाताओं को उनके वोटर कार्ड को आधार कार्ड से जोड़ा गया। वोटर कार्ड को आधार कार्ड से लिंक करने में कंप्युटर ऑपरेटर सरोज स्टेफन टुडू ने कंप्युटर के माध्यम से जोड़ने का काम किया। इस कार्य में निर्वाचन कोषांग सुरेश प्रसाद, लड्डु कुमार भूमिका निभाते दिखे।

अनवल पंचायत में हुए चार साल पहले हिंदु युवक की हत्या मामले में एक बार फिर से विवाद उत्पन्न, अभी तक पीड़ित को नही मिला न्याय

एसडीएम ने निर्देश दिया की असमाजिक तत्वों द्वारा अगर फिर से किसी प्रकार का दंगा मचाया गया तो उनपर उचित करवाई होगी।

दैनिक समाज जागरण सारण/ पवन कुमार सिंह

मामला कोपा थाना क्षेत्र अंतर्गत अनवल गांव का है जहां चार साल पहले हुए हिंदू युवक रणधीर शर्मा पिता नागेंद्र शर्मा की हत्या मुस्लिम समुदाय द्वारा मिलकर कर दिया गया था। वही पीड़ित को चार साल बाद भी न्याय नहीं मिल पाया। जिसका विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा है बताया जाता हैं कि जमीन के मामले में विवाद को लेकर हत्या हुआ था लेकीन हिन्दू पीड़ित परिवार को आज तक न्याय नहीं मिल पाया। वहीं दूसरी गांव के लोगो द्वारा मुस्लिम परिवार के लोगो को खदेड़ बाहर कर दिया गया था फिर एक साल

बाद मुस्लिम परिवार के लोगो के आने से विवाद का माहौल बन गया वही मौके पर एसडीएम, डीएसपी,बीडीओ ने पहुंच कर शान्ति पूर्ण माहौल बनाने को लेकर गांव में घूम घूम मुस्लिम परिवार के लोगो को रहने के लिए गांव वालों से अपील किए और उन्होंने कहा कि असमाजिक तत्वों द्वारा अगर फिर से किसी प्रकार का दंगा भड़काया गया तो उनपर उचित करवाई होगी। वहीं चार थाने कोपा, दाउदपुर, एकमा, जलालपुर की पुलिस बल की तैनाती की गई है वही एसडीएम ने निर्देश दिया की आज रात यही पर पुलिस बल की तैनाती रहेगी। क्योंकि दंगा का माहौल हमेशा बना है जिसकी जिम्मेदारी , मुखिया, सरपंच, वार्ड और ग्रामीण कोई लेने को तैयार नहीं है